✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 211 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 28 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे अफिसर्स हास्टल कैम्पस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# अगले पांच वर्षों में प्रमुख शहरों में दोगुनी होगी रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता : अश्विनी वैष्णव

**पूर्व मध्य रेल के पटना, गया, डीडीयू, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा इस योजना में शामिल | पटना के हार्डिंग पार्क में पांच टर्मिनल प्लेटफॉर्म किया जा रहा है निर्माण | राष्ट्रव्यापी संपर्क सुविधा में सुधार लाने के लिए किया जाएगा कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रा की मांग में लगातार हो रही तीव्र वृद्धि को देखते हुए, अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई रेल गाड़ियों के संचालन की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना आवश्यक है। आगामी वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्तमान बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता को दोगुना करने के लिए मौजूदा टर्मिनलों को अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं से सुसज्जित करने, शहरी क्षेत्र में और उसके आसपास नए टर्मिनलों की पहचान और निर्माण करने, मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स सहित रखरखाव सुविधाएं, विभिन्न स्थानों पर रेल गाड़ियों की बढ़ती संख्या की व्यवस्था करने के लिए यातायात सुविधा कार्यों, सिग्नलिंग उन्नयन और मल्टीट्रैकिंग के माध्यम से अनुभागीय क्षमता में वृद्धि करना है। उक्त प्रक्रिया उपनगरीय और गैर-उपनगरीय दोनों प्रकार के यातायात के लिए की जाएगी, जिसमें दोनों खंडों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। 48 प्रमुख शहरों की एक व्यापक योजना विचाराधीन है जिनमें पूर्व मध्य रेल के पटना, गया, डीडीयू, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा शहर शामिल हैं। इस योजना में निर्धारित समय सीमा के भीतर रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियोजित, प्रस्तावित या पहले से स्वीकृत कार्यों को शामिल किया जाएगा। क्षमता को वर्ष 2030 तक दोगुना करने की योजना है, लेकिन यह आशा है कि अगले 5 वर्षों में क्षमता में क्रमिक वृद्धि की जाएगी ताकि क्षमता वृद्धि के लाभ तुरंत प्राप्त किए जा सकें। इससे आने वाले वर्षों में यातायात की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने में सहायता मिलेगी। योजना में कार्यों को तीन श्रेणियों, अर्थात तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक में वर्गीकृत किया जाएगा। प्रस्तावित योजनाएं विशिष्ट होंगी, जिनमें स्पष्ट समयसीमा और परिभाषित परिणाम होंगे। यद्यपि यह अभ्यास विशिष्ट स्टेशनों पर केंद्रित है किन्तु रेल गाड़ियों



की संचालन क्षमता बढ़ाने की योजना बनाते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि न केवल टर्मिनल क्षमता में वृद्धि हो, बल्कि स्टेशनों और यार्डों पर अनुभागीय क्षमता और परिचालन संबंधी बाधाओं का भी प्रभावी ढंग से समाधान किया जाए। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं और अनुभागीय एवं परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। इस कदम से हमारे रेलवे नेटवर्क का उन्नयन होगा और राष्ट्रव्यापी संपर्क सुविधा में सुधार होगा। इसी क्रम में पटना जं. के समीप हार्डिंग पार्क में रुपये 95 करोड़ की लागत से 5 टर्मिनल प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जा रहा है जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 30 मई, 2025 को किया गया। हार्डिंग पार्क में 5 टर्मिनल प्लेटफॉर्म के बन जाने से पटना जं. पर बेहतर ट्रेन शेड्यूलिंग एवं टर्नअराउंड के साथ परिचालन दक्षता में वृद्धि होने से ट्रेनों के कंजेसन को कम करने में मददगार साबित होगा तथा पटना जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ को संभालने की क्षमता में वृद्धि होगी। इससे पटना जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ में अप्रत्याशित कमी के साथ ही मेन लाइन पर मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन सुगम होगा। इस नए टर्मिनल में सभी प्लेटफार्म की अंडरग्राउंड कनेक्टिविटी होगी तथा यह स्टेशन टर्मिनल निर्माणाधीन मेट्रो रेल, सड़क मार्ग एवं नवनिर्मित मल्टी मॉडल हब को सीधा कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे पटना आने-जाने वालों को शहर के जाम से निजात एवं आसान पहुंच बनेगा। भविष्य में यहां से मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का भी परिचालन भी संभव हो सकेगा। पटना जं. पर ट्रेनों के दवाब को कम करने के उद्देश्यल से पटना में एक नया टर्मिनल पाटलिपुत्र का विकास किया गया है। इसी कड़ी में 17 हजार करोड़ रूपए की लागत से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य लगभग 400 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाईन का निर्माण किया जाएगा। तीसरी और **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### बेगूसराय में फर्जी डीएसपी गिरफ्तार

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बेगूसराय पुलिस ने वर्दी पहनकर खुद को डीएसपी बताकर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। उसने बिहार पुलिस में दरोगा बनाने के नाम पर एक युवक से 20 लाख रुपए की ठगी की थी। तीन साल से वो युवक को जॉइनिंग के लिए टाल रहा था। युवक ने इसे लेकर थाने में केस दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम कर्ण कुमार (24) है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है।

### अमित शाह-नड्डा से मिले संजय सरावगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात की। इसके पहले शनिवार की सुबह वे दिल्ली पहुंचे। सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान उन्होंने उन्हें मिथिला पेंटिंग भेंट की। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुशल संगठनकर्ता से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही बिहार में संगठन के विस्तार और सशक्त बनाने के अभियान को सफल बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके बाद श्री सरावगी केंद्रीय गृह मंत्री से मिले। इस दौरान बिहार के विकास सहित संगठन से जुड़े कई मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई।

### सचिवालय भवनों व परिसर की सीसीटीवी से होगी निगरानी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सचिवालय सहित राज्य के प्रमुख सरकारी भवनों के चप्पे-चप्पे की सीसीटीवी से निगरानी होगी। पुराना व नया सचिवालय सहित कई सरकारी भवनों के गलियारे से लेकर पूरे परिसर में कैमरे लगाये जायेंगे। गृह विभाग ने योजना की स्वीकृति देते हुए 29 करोड़ 23 लाख 83 हजार रुपये की राशि स्वीकृति की है। विभाग के मुताबिक पुराना सचिवालय के साथ ही अधिवेशन भवन, सिंचाई भवन, विकास भवन, सूचना भवन और विश्वेश्वरैया भवन में कैमरे लगेंगे। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए कंट्रोल एंड कमांड सेंटर भी बनाए जाएंगे। हर भवन में एक कमरा कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

### लापता युवक का शव मिला

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** भभुआ थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बरामद हुआ है। सिकठी गांव निवासी कृपा नारायण सिंह के पुत्र शिवम पटेल का शव शनिवार शाम हवाई अड्डा मैदान के पीछे लावारिस हालत में मिला। सूचना मिलते ही कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला, डीएसपी मनोरंजन भारती और थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने टावर लोकेशन और तकनीकी जांच के आधार पर शव का पता लगाया।

# पटना में निर्माणाधीन टनल निर्माण कार्य को तेजी से कराएं पूर्ण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार और पटना संग्रहालय के बीच टनल निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए ताकि यातायात में कोई कठिनाई न हो। नए टनल से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है और पार्किंग जैसी सुविधाओं का ध्यान रखने की बात कही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय टनल का निर्माण इस प्रकार कराएं कि नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सीएम शनिवार को नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूजियम सब-वे टनल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों से रूबरू थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष ख्याल रखें। इसके बनने से बिहार संग्रहालय



और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होगी। इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके पहले अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संग्रहालय को जोड़ने वाले टनल के निर्माण कार्य की प्रगति और अपडेट स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण कर प्रदर्शों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बिहार संग्रहालय के प्रथम तल पर पहुंच कर नालंदा महाविहार, सांची स्तूप से संबंधित लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी एवं बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर की परिक्रमा संबंधी 3-डी चलचित्र को देखा। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों, पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। टनल का निरीक्षण करने के पूर्व सीएम ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि यहां 11 मंजिला भवन का निर्माण कराया जाना है। यहां निर्मित होनेवाले भवन के नये परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि काम को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि हमारे मन में पहले **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

# दम घुटने से तीन बच्चों समेत चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** बिहार के छपरा में ठंड से बचने के लिए जलायी गई अंगीठी मौत का कारण बन गई। एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हृदय विदारक घटना भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अंबिका कॉलोनी में हुई। घटना शुक्रवार देर रात की है। परिवार के सदस्य ठंड से बचने के लिए एक बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे। कमरे के बंद होने और वेंटिलेशन की कमी के कारण अंगीठी से निकला धुआं कमरे में भर गया, जिससे ऑक्सीजन की कमी हो गई और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस ने सभी को बेहोश कर दिया। मृतकों में तीन मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। मृतकों के नाम हैं - राम लखन सिंह की 70 वर्षीय पत्नी कमलावती देवी, विजय कुमार के 3 वर्षीय पुत्र तेजांश कुमार, आर्या सिंह की 7 माह की पुत्री आद्या कुमारी और विजय कुमार की 9 महीने की बेटी गुड़िया कुमारी। इनकी मौत सोते हुए दम घुटने से हुई। घटना में चार लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। इनमें 25 वर्षीय अनीषा सिंह, 24 वर्षीय आर्या सिंह, 25 वर्षीय आर्या कुमारी और सोनू उर्फ अमित शामिल हैं। इनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। एक बच्चे की तबीयत पहले से खराब थी, जिस कारण परिवार ने अंगीठी जलाकर कमरे में गर्मी बनाए रखी थी। सुबह जब परिवार के अन्य सदस्यों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अफरा-तफरी मच गई। सभी को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर संतोष कुमार ने तीन बच्चों समेत चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही एएसपी सदर राम पुकार सिंह, टाउन थाना प्रभारी संजीव कुमार तथा भगवान बाजार थाना प्रभारी सुभाष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच शुरू कर दी। घायलों का हालचाल जानने के साथ ही मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। यह घटना एक बार फिर ठंड के मौसम में बंद कमरे में अंगीठी जलाने के खतरे को उजागर करती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ठंड से बचाव के लिए अंगीठी या कोयले का उपयोग खुले स्थान पर करें और कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन रखें ताकि ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हों।

# राजस्व सेवा संघ ने सीएम से की डिप्टी सीएम की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राजस्व सेवा संघ और विभागीय मंत्री आमने-सामने हो गए हैं। संघ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की शिकायत की है। चेतावनी दी है कि यदि हालात में जल्द सुधार नहीं हुआ तो काम बंद कर देंगे। राजस्व सेवा संघ ने सीएम से शिकायत की है कि जनता दरबार के नाम पर डिप्टी सीएम पदाधिकारियों को अपमानित करते हैं। उनकी भाषा ठीक नहीं है। आम जनता के बीच राजस्व अधिकारियों की गलत छवि बन रही है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो सामूहिक अवकाश जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। इसपर डिप्टी सीएम सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने कहा है कि वे किसी के दबाव में वे नहीं आने वाले। जो गलत करेंगे उनपर एक्शन लिया ही जाएगा। डिप्टी सीएम शनिवार को पटना में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भू माफिया और दलालों का चेतावनी देने का समय खत्म हो गया है। अब एक्शन का वक्त है। एक सप्ताह पहले ही उन्होंने चेतावनी दी थी। सभी अंचलाधिकारियों और अफसरों को कह दिया कि फर्जी दस्तावेज के सहारे 420 का खेल करता है। सही जमीन को भी विवादित बना देता है। उनका पूरा संज्ञान लें। सही जानकारी मिलने पर एफआईआर कराएं। सभी अंचलों में भू माफिया, दलाल और बिचौलियों पर सीधे कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। अगर अंचलाधिकारी कार्रवाई नहीं करेंगे तो विभाग उनपर एक्शन लेगा।

# नई पीढ़ी की प्रेरणा बनें वैभव सूर्यवंशी : नीतीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बिहार के प्रतिभावान क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इसी प्रकार नई उपलब्धियां प्राप्त करते हुए श्री वैभव नई पीढ़ी की प्रेरणा बनें। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना है। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा कि बिहार के कैमूर जिले के दुर्गापुर गांव के वीर बालक 11 वर्षीय कमलेश कुमार ने दुर्गावती नदी में डूबते एक अन्य बच्चे की जान बचाने के प्रयास में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, उनके इस असाधारण साहसिक कृत्य के लिए यह पुरस्कार उन्हें समर्पित किया गया है। वीर बालक के साहस को मेरा नमन। नीतीश कुमार ने कहा कि इसके साथ ही इस पुरस्कार से सम्मानित सभी साहसी बालकों और विजेताओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सभी बच्चों ने पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।

# एक ही आवेदन से होगा पूरे परिवार की भूमि का दाखिल-खारिज : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शनिवार से राज्य में दाखिल-खारिज और पारिवारिक बंटवारे के लिए नई प्रणाली लागू हो गई है। बिहार भूमि पोर्टल पर एक ही आवेदन से परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम उनके हिस्से की जमीन की जमाबंदी कायम होगी, दाखिल-खारिज भी होगा। उप मुख्यमंत्री सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बताया कि पहले पारिवारिक बंटवारे के बाद प्रत्येक हिस्सेदार को अपने हिस्से की जमीन के लिए अलग-अलग दाखिलऽखारिज कराना पड़ता था। इससे परेशानी होती थी। प्रधान सचिव सीके अनिल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कम समय में नई व्यवस्था विकसित की। इसे बिहार भूमि पोर्टल की दाखिल-खारिज सेवा के अंतर्गत लागू कर दिया गया है।



उपमुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने पूर्वजों की भूमि का विधिवत बंटवारा कर डिजिटल माध्यम से अपने हिस्से की जमीन की जमाबंदी अपने नाम से अवश्य कराएं। जिनके यहां अब तक मौखिक बंटवारा के आधार पर जमीन पर कब्जा और उपयोग हो रहा है, वे इस नई सुविधा का लाभ उठाकर मौखिक बंटवारे को अपने सरकारी दस्तावेजों में दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि मौखिक बंटवारा आगे चलकर पारिवारिक भूमि विवाद का कारण बनता है और ऐसे मामलों में लोग कई सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। सिन्हा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत उत्तराधिकार-सह-बंटवारा की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत पूर्वज की मृत्यु के बाद उनकी भूमि का बंटवारा करते हुए सभी उत्तराधिकारियों के नाम उनके हिस्से की जमीन पर अलग-अलग जमाबंदी एक साथ की जा सकेगी। इसी वर्ष अगस्त-सितंबर में चलाए गए राजस्व महा-अभियान के दौरान 46 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। उनमें से 40 लाख से अधिक आवेदन बंटवारा एवं उत्तराधिकार नामांतरण के अधिक थे। इन आवेदनों को 31 दिसंबर तक अपलोड कर लिया जाएगा तथा जनवरी से मार्च के बीच पुनः पंचायतों में ही शिविर लगाकर सभी आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।




मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

# बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी पहुंचे दिल्ली

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा की जिम्मेदारी संभालने के बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पहली बार राजधानी दिल्ली पहुंचे। यहां इन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात के दौरान उन्हें मिथिला पेंटिंग सौंपकर बिहार की सौगात दी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पार्टी के कुशल संगठनकर्ता, लोकप्रिय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और बिहार में संगठन के विस्तार और सशक्त बनाने के अभियान को सफल बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। दिल्ली दौरे के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बिहार के विकास सहित संगठन से जुड़े कई मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बिहार के सम्यक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और संगठनात्मक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा है कि इन वरिष्ठ लोगों से प्राप्त मार्गदर्शन मेरे कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होगा। दिल्ली प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भाजपा बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से भी शिष्टाचार मुलाकात की और उनसे संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में उनका कई विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस क्रम में दोनों के बीच काफी देर तक बिहार के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# दशमेश पिता श्री गुरुगोविंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व पर तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लीला मैणी संगत जाकर वहां भी मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विधायक रत्नेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेश परासर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस0एम0, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्यगण, सिख संगत, सेवादार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# होटल मौर्या में सजेगी सूफी से बॉलीवुड तक की सुरमयी रात

## अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक उस्ताद मुनव्वर मासूम होंगे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी के प्रतिष्ठित होटल मौर्या, पटना में 31 दिसंबर की रात नए साल 2026 के स्वागत के लिए भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सूफी, पंजाबी फोक और बॉलीवुड संगीत की प्रस्तुतियों के साथ संगीत और मनोरंजन का विशेष संगम देखने को मिलेगा। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए होटल मौर्या के महाप्रबंधक अपूर्व गौर ने बताया कि इस नववर्ष उत्सव-2026 कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सूफी गायक उस्ताद मुनव्वर मासूम की प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि कोक स्टूडियो में कैलाश खेर और सलीम-सुलेजमान के साथ गाया गया उनका लोकप्रिय गीत 'बिस्मिल्लाह' देश-विदेश में खासा चर्चित रहा है। अपूर्व गौर ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में हुसैन लंगा (पंजाबी फोक एवं सूफी), अनस हुसैन (बॉलीवुड एवं सूफी), नवेद नवाब खान (संतूर डीजे) और डीजे देवराज भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे जबकि कार्यक्रम का संचालन मौसमी द्वारा किया जाएगा।

# राज्य में खाद की भरपूर उपलब्धता : राम कृपाल यादव

## किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसान की मेहनत, उसके पसीने और उसकी फसल से कोई भी समझौता राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। रबी 2025-26 के दौरान किसानों को समय पर, पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने कहा कि किसान यदि खेत में चिंता मुक्त रहेगा, तभी राज्य की कृषि मजबूत होगी। इसी सोच के साथ उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। राज्य से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह सक्रिय किया गया है। ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने बताया कि 'जीरो ऑफिस डे' के तहत कृषि विभाग के सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर उर्वरक प्रतिष्ठानों की गहन जांच, भौतिक सत्यापन और वितरण व्यवस्था का स्थल निरीक्षण करेंगे। यह संदेश स्पष्ट है कि अब फाइलों में नहीं, खेतों में काम होगा। यह व्यवस्था प्रत्येक सप्ताह में लागू रहेगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल लगातार जिलों में औचक निरीक्षण कर रहा है। शिकायत मिलते ही त्वरित छापामारी और कठोर कार्रवाई की जा रही है जो भी किसान को लूटने का प्रयास करेगा, वह कानून से नहीं बच पाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार किसान कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आत्मनिर्भर कृषि, पारदर्शी व्यवस्था और किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए उर्वरक की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री ने ठोस आंकड़ों के साथ जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसान को कतार, अफवाह या कालाबाजारी का शिकार न होना पड़े। उन्होंने कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अब तक जिला एवं प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समितियों की बैठकें नहीं हुई हैं, वहां तुरंत बैठक आयोजित की जाए। प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन किसानों की वास्तविक आवश्यकता और क्षेत्रफल के आधार पर किया जाए। पॉस मशीन में दर्ज स्टॉक और भौतिक स्टॉक का नियमित मिलान सुनिश्चित किया जाए। अंत में मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में उर्वरक की तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे जिलों में विशेष छापामारी दल गठित कर सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सख्त निगरानी रखी जा रही है।

# 62वें अखिल भारतीय राजनीतिक विज्ञान सम्मेलन का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भुवनेश्वर।** 62वें अखिल भारतीय राजनीतिक विज्ञान सम्मेलन एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 'हम भारत के लोग' विषय पर केआइआइटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में किया गया। यह आयोजन केआइआइटी विश्वविद्यालय एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रख्यात राजनीतिक विज्ञान विद्वान प्रो. शशि प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने मुख्य अतिथि संबोधन में प्रो. शाही ने वक्ताओं एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हम भारत के लोग' केवल एक संवैधानिक उद्घोषणा नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। यह अवधारणा नागरिक सहभागिता, संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास की आधारशिला है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान वैश्विक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त करना, संवैधानिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाना तथा अकादमिक विमर्श को समाज से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे सम्मेलन शोध, संवाद एवं नीति निर्माण के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करते हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिनमें भारतीय संविधान, लोकतंत्र की चुनौतियां, नागरिक अधिकार, संघवाद, सुशासन, समकालीन राजनीति एवं वैश्विक परिदृश्य जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विदेशी विद्वानों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए जिससे सम्मेलन को वैश्विक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। केआइआइटी विश्वविद्यालय के आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को वैचारिक रूप से समृद्ध करते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ बनाते हैं। सम्मेलन के समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा आयोजन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह सम्मेलन शैक्षणिक उत्कृष्टता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं बौद्धिक विमर्श को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। आज के कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय से डॉ अंजनी कुमार घोष, डॉ शमशाद अंसारी, डॉ धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार मौजूद थे।

## भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी योजना : प्रमुख शहरों में ट्रेन संचालन क्षमता दोगुनी होगी

# गया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सूची में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 48 प्रमुख शहरों में रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता को 2030 तक दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस योजना में पूर्व मध्य रेल के गया जंक्शन तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) प्रमुख रूप से शामिल हैं। यात्रा की मांग में लगातार हो रही तीव्र वृद्धि को देखते हुए अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई रेल गाड़ियों के संचालन की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना आवश्यक है। आगामी वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्तमान बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता को दोगुना करने के लिए निम्नलिखित कार्य शामिल होंगे। मौजूदा टर्मिनलों को अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं से सुसज्जित करना। शहरी क्षेत्र में और उसके आसपास नए टर्मिनलों की पहचान और निर्माण करना। मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स सहित रखरखाव सुविधाएं। विभिन्न स्थानों पर रेल गाड़ियों की बढ़ती संख्या की व्यवस्था करने के लिए यातायात सुविधा कार्यों, सिग्नलिंग उन्नयन और मल्टीट्रैकिंग के माध्यम से अनुभागीय क्षमता में वृद्धि करना। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा हम यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं और अनुभागीय एवं परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। इस कदम से हमारे रेलवे नेटवर्क का उन्नयन होगा और राष्ट्रव्यापी संपर्क सुविधा में सुधार होगा। गया जंक्शन का व्यापक पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस हो रहा है। यहां बेहतर प्रतीक्षालय, लिफ्ट, एस्केलेटर तथा दिव्यांगजन अनुकूल व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। सोननगर-आंडाल मल्टीट्रैकिंग योजना, जो पूर्वी समर्पित मालवाहक गलियारे का हिस्सा है, माल ढुलाई को बढ़ावा देगी और यात्री ट्रेनों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराएगी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया खंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग तथा स्वदेशी कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली लागू होने से यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी, कार्य तेजी से प्रगति पर है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर क्षमता विस्तार के लिए यार्ड रिमॉडलिंग और नई रूट रिले इंटरलॉकिंग हेतु कार्य चल रहा है। प्रयागराज तक तीसरी लाइन, वाराणसी तक तीसरी एवं चौथी लाइन (गंगा पर नए रेल-सह-सड़क पुल सहित) तथा पटना-झाझा तक तीसरी-चौथी लाइन जैसे प्रस्तावित कार्य दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर अधिक ट्रेनें चलाने की क्षमता बढ़ाएंगे। यहां भी अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ क्षमता वृद्धि के लिए व्यापक पुनर्विकास प्रस्तावित है। 17 हजार करोड़ रुपये की लागत से डीडीयू-झाझा के बीच लगभग 400 किलोमीटर तीसरी एवं चौथी रेल लाइन का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। परियोजना को छोटे खंडों में बांटकर तेजी से पूरा किया जाएगा।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह एवं अतरी विधायक ने पूर्व सरपंच के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गया जिला के टेकारी विधानसभा के कोच प्रखंड के पूर्व सरपंच सह समाजसेवी जय किशोर सिंह के निधन पर पूरे गया जिला में शोक की लहर में हैं। इनके निधन से कोच एवं गया जिला के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। इनके निधन पर इनके गांव पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में औरंगाबाद पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं औरंगाबाद के जाने माने लोगों के साथ केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के पूर्व प्रतिनिधि सह विधायक रोमीत कुमार ने शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया है।

# शिक्षा पुरस्कार घोटाला : अब चुप्पी नहीं सहेंगे शिक्षक

## सम्मान के नाम पर व्यापार, शिक्षा की गरिमा पर सीधा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा को समाज की नैतिक रीढ़ माना जाता है। यहीं से ईमानदारी, जिम्मेदारी और मूल्यों का संस्कार विकसित होता है, लेकिन हाल के वर्षों में शिक्षा के इसी पवित्र क्षेत्र में 'पुरस्कार' जैसे शब्द को कुछ स्वार्थी और तथाकथित संगठनों द्वारा खुलेआम व्यापार बना दिया गया है। यह केवल एक स्थान या एक घटना की बात नहीं, बल्कि देशभर में फैलती जा रही एक गंभीर और संगठित प्रवृत्ति है।

**कैसे रचा जा रहा है पुरस्कार का जाल**

देशभर में सक्रिय कई तथाकथित शैक्षिक संगठन, फाउंडेशन और अवार्ड कमेटियां शिक्षकों को पहले फोन, व्हाट्सएप या ई-मेल के माध्यम से यह बताती हैं कि उनका कार्य 'असाधारण' है और उन्हें राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। शुरुआत में यह सूचना सम्मानजनक प्रतीत होती है, लेकिन इसके बाद असली खेल शुरू होता है।

**रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर वसूली**

पुरस्कार समारोह से पहले रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग चार्ज, सेरेमनी फीस या डॉक्यूमेंटेशन कॉस्ट के नाम पर शिक्षकों से मोटी राशि की मांग की जाती है। कई मामलों में यह राशि इतनी अधिक होती है कि एक ईमानदार शिक्षक के लिए देना न केवल कठिन बल्कि अपमानजनक भी होता है। बावजूद इसके सामाजिक प्रतिष्ठा और 'सम्मान छूट जाने' के डर से कई शिक्षक मजबूरी में भुगतान कर देते हैं।

**सम्मान नहीं, सौदा बन चुका है पुरस्कार**

शिक्षाविदों का कहना है कि जहां पैसे देकर मंच मिलता है, वहां योग्यता का कोई अर्थ नहीं रह जाता जब भुगतान अनिवार्य हो जाता है तो चयन की निष्पक्षता और पवित्रता स्वतः समाप्त हो जाती है। यदि कोई संगठन वास्तव में शिक्षक को सम्मानित करना चाहता है तो उसे बिना किसी शुल्क और शर्त के सम्मान देना चाहिए।

**शिक्षक बने ग्राहक, शिक्षा बनी बाजार**

इन आयोजनों का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि वे शिक्षा को बाजार और शिक्षक को ग्राहक बना देते हैं। इससे शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचती है और समाज में यह संदेश जाता है कि सम्मान खरीदा जा सकता है।

**टीचर्स ऑफ बिहार ने खोला मोर्चा**

इसी पृष्ठभूमि में टीचर्स ऑफ बिहार ने शिक्षा पुरस्कार घोटाले के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई है। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सम्मान को व्यापार बनाना न केवल शिक्षकों का अपमान है, बल्कि यह पूरे समाज की मूल्य-व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि जो संगठन पैसे लेकर पुरस्कार देते हैं, वे शिक्षा की सेवा नहीं, बल्कि उसका शोषण कर रहे हैं।

**पदाधिकारियों का संयुक्त बयान**

वहीं संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे फर्जी और सशुल्क पुरस्कार आयोजनों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे किसी भी ऐसे पुरस्कार को स्वीकार न करें जिसमें किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते रोक नहीं लगी तो इससे शिक्षकों की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी क्षति पहुंचेगी।

**चमक-दमक के पीछे छिपा शोषण**

कई पुरस्कार समारोहों में भव्य मंच, बड़े-बड़े बैनर, आकर्षक ट्रॉफी और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से वास्तविकता को छिपा दिया जाता है। चमकदार प्रमाण-पत्रों के पीछे शिक्षक का मौन शोषण छिपा होता है।

# साहित्य का वर्तमान दौर लघुकथा और भविष्य भी लघुकथा का : डॉ राम वचन राय

## श्री बलराम प्रथम सतीशराज पुष्करणा शिखर सम्मान व डॉ आशा पुष्प लघुकथा समालोचना सम्मान से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा-मंच का बहुप्रतीक्षित लघुकथा- सम्मेलन का 30वां संस्करण शनिवार को किलकारी बिहार बाल-भवन सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता बिहार विधान परिषद के उप सभापति प्रो. रामवचन राय ने अपने संबोधन में कहा कि लघुकथा भी कहानी उपन्यास का काम करती है। कहानी के भीतर लघुकथा मानो नैनो साइंस की तरह है। कहानी में आरंभ, विकास, उत्कर्ष और अंत होता है, पर लघुकथा में कभी-कभी आरंभ पर ही अंत हो जाता है। यही शैली का अंतर इसे लघुकथा बनाती है। आज लघुकथा समय की जरुरत बन गई है। इसमें विस्तार में न जाकर संक्षेप में बात होती है। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि लघुकथा साहित्य की एक ऐसी विधा, जिसमें कम शब्दों में क्षण की घटना को लिखा जाता है। कम शब्दों में लिखना आसान काम नहीं है। पर, लघुकथा अपना बखूबी काम कर रही है। लोगों के पास समय का अभाव है, उन्हें लंबी कहानियां- उपन्यास पढ़ने का समय नहीं है। इसीलिए आज के दौर में लघुकथा एक प्रचलित विधा बनती जा रही है। इस विधा को शिखर पर ले जाने के लिए अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा-मंच का प्रयास सराहनीय है। मंच के महासचिव डॉ. ध्रुव कुमार ने अपने स्वागत उद्‌गार में कहा कि दिवंगत साहित्यकार डॉ. सतीशराज पुष्करणा ने 1987 में अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा-मंच पटना में स्थापित कर लघुकथा आंदोलन की आवाज दी। लघुकथा को कहानी विधा से अलग कर एक स्वतंत्र विधा बनाया। उन्होंने 1988 से ही लघुकथा - सम्मेलन आयोजित किया। पुष्करणा जी कहा करते थे कि हमारा काम साहित्य लेखन करते तक ही सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उनका झलक हमारे व्यक्तित्व में ही दिखना चाहिए। पटना की मेयर सीता साहू ने कहा कि लघुकथा संवेदना की गहराइयों को नापती है और कुछ प्रश्न हमारे भीतर जाती है। आज के दौर के लेखकों की कलम यथार्थ को चित्रित करती है और उनके लिखे शब्दों को पढ़कर-सुनकर समाज बदलाव की ओर अग्रसर होता है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि सम्मेलन में यहां उपस्थित सारे साहित्यकार अपने आप में आफताब और महताब हैं। उन्होंने मंच के कार्यक्रम को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की।

लघुकथा- मंच के अध्यक्ष डॉ रामदुलार पराया ने डॉ सतीशराज पुष्करणा की कही बातों को दोहराया और कहा कि हमें विवादों से हटकर कालजयी रचना की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मंच के प्रयासों पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि वरिष्ठों और युवा के साथ नवांकुर को भी सम्मानित किया गया है, यह अनुकरणीय है।

नई धारा के संपादक प्रो. शिवनारायण ने लघुकथा मंच के संस्थापक डॉ सतीशराज पुष्करणा याद किया और उनके लघुकथा आंदोलनों पर विस्तृत चर्चा की।

# अवकाश के दौरान शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु भेजना अनुचित : मृत्युंजय ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी अवकाश तालिका के अनुसार वर्तमान में राज्य में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश घोषित है। ऐसे समय में शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाना पूरी तरह से अनुचित एवं अव्यवहारिक है। यह बातें परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि अवकाश का उद्देश्य शिक्षकों को शारीरिक-मानसिक विश्राम प्रदान करना होता है, ताकि वे पुनः नई ऊर्जा के साथ शैक्षणिक कार्यों में योगदान दे सकें। अवकाश के दौरान प्रशिक्षण आयोजित करना न केवल अवकाश नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे शिक्षकों में असंतोष भी उत्पन्न हो रहा है। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग से शीतकालीन अवकाश की अवधि में प्रस्तावित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग की है।

CMYK

# डीएम ने सासाराम सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## अनियमितता पाये जाने पर अस्पताल प्रबंधन पर शो कॉज नोटिस जारी करने का दिया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शुक्रवार देर शाम सदर अस्पताल सासाराम का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल के ट्रामा सेंटर सहित कई विभागों में खामियां सामने आईं जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। आवश्यक संसाधनों की कमी, व्यवस्था में लापरवाही तथा रिकॉर्ड



संधारण में अनियमितताएं सामने आईं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को अविलंब सुधारने के लिए सिविल सर्जन को आदेशित किया गया। जांच के दौरान कुछ कर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिम्मेदार कर्मियों की पहचान कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त अस्पताल में गड़बड़ियों के लिए जवाबदेही तय करते हुए डीएस को तत्काल बदलने और नए डीएस की प्रतिनियुक्ति करने का आदेशित किया गया। स्टॉक रजिस्टर के संधारण में भी अनियमितता पाई गई। इस पर संबंधित कर्मी को अविलंब बदलने तथा मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्री के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के समापन पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन पर शो-कॉज नोटिस जारी करने का आदेश दिया तथा जवाब संतोषजनक न होने तक वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल आम जनता की सेहत से जुड़ा महत्वपूर्ण संस्थान है, यहां किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जमीन विवाद में चली गोली, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के लाला अतिमि गांव में जमीन विवाद को ले कर दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद में शनिवार को ताबड़तोड़ हुई गोलीबारी में एक निर्दोष मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अरविंद कुमार सिंह पिता कमल कुमार सिंह के रूप में हुई। मृतक दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद में बीच बचाव कर रहा था कि उसी क्रम में गोली उसके पेट में जा लगी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे रेफरल अस्पताल इलाज के लिए ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में ग्रामीणों ने



बताया कि गांव के ही मदन लाल की लगभग पांच से सात बीघा भूमि है जिसे कई लोगों से उनके द्वारा विक्रय किया गया है। उक्त विवाद लाल बाबू सिंह, हजारी सिंह, कामेश्वर सिंह व अन्य बनाम उमेश मास्टर, मिथिलेश कुमार, अरुण कुमार के बीच पांच वर्षों से भी अधिक से चला आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उमेश मास्टर, मिथिलेश कुमार व अरुण कुमार उक्त खेत को उनके पक्ष द्वारा जुताई शुरू की गई थी। उसी क्रम में दूसरे पक्ष ने उक्त घटना को अंजाम दिया। बिक्रमगंज एएसपी ने बताया कि उक्त घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से तीन देशी कट्टा, छह तीन सौ पंद्रह बोर का खोखा, दस जिंदा कारतूस जिसमें आठ बंदूक के, एक 315 बोर के, एक मिस फायर के जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इस संबंध में दर्जनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन होगा।

# विदेशी शराब के साथ दो तस्कर धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बहुआरा-सकरौली नहर के समीप चेकिंग के दौरान शनिवार की दोपहर पुलिस ने 227 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार धंधेबाजों में यूपी, गाजीपुर जिला के जमनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर गांव निवासी बनारसी यादव के पुत्र मंटू यादव व यूपी के गाजीपुर जिला स्थित जमनिया थाना के मदनपुरा गांव निवासी भोला नाथ के पुत्र अनुज कुमार शामिल है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नये वर्ष को लेकर शराब तस्कर शराब डिलेवरी के लिए जा रहे हैं जिसके आधार पर पुलिस ने बहुआरा-सकरौली नहर के पास कार्रवाई करते हुए दो बाइक सवार युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म : उपेंद्र कुशवाहा

## गरीबों का सेवा करना प्रभु की सच्ची सेवा : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के भड़कुड़िया गांव में मां काली अखंड कीर्तन के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए रालोमो प्रमुख व राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को कहा कि गरीबों की सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा है। इससे आत्मा की संतुष्टि होती है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। केंद्र व राज्य सरकार गरीबों की झोपड़ियों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ को संकल्पित है। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा करना प्रभु की सच्ची सेवा है। इससे आत्मा की संतुष्टि होती है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा को वे समर्पित है। क्षेत्र के दुख दर्द में शामिल होना और



उनकी सेवा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं है। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि आयोजक प्रविंद्र कुमार सिंह व संजू देवी द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों तथा समाज के लोगों के लिए कंबल वितरण की जितनी भी सराहना की जाये कम है। मानवता सेवा उनकी पहली प्राथमिकता है जिसे वे बहुत पहले से ही करते आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिहरी नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद शम्भू राम व अनुज कुमार ने किया। मौके पर रिंकू सोनी, उत्तम सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# सासाराम में डॉ. सुनील कुमार का नागरिक अभिनंदन

## विकास और सामाजिक एकता पर दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम की पावन धरती पर पूर्व मंत्री एवं बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार का भव्य नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन बेदा नहर स्थित होटल मौर्या एम्पायर, सासाराम में युवा कुशवाहा समाज द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, युवा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि देवा ने की।

अपने नागरिक अभिनंदन से अभिभूत डॉ. सुनील कुमार ने उपस्थित जनसमूह का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सासाराम की धरती हमेशा से सामाजिक समरसता, संघर्ष और बदलाव की प्रतीक रही है। उन्होंने



कुशवाहा समाज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज हमेशा शिक्षा, संगठन और विकास की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। अपने संबोधन में डॉ. सुनील कुमार ने कुशवाहा समाज की एकजुटता, एनडीए सरकार की विकासात्मक नीतियों और बिहार के समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पूर्व पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सतत विकास और पर्यावरण संतुलन को भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

डॉ. सुनील कुमार ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक जिम्मेदारी को समझें, शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता दें तथा सकारात्मक राजनीति के माध्यम से समाज और राज्य को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत समाज ही मजबूत राज्य की नींव होता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. सुनील कुमार के राजनीतिक जीवन, सामाजिक सरोकार और जनसेवा के कार्यों की प्रशंसा की। अंत में आयोजकों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। पूरा आयोजन उत्साह, गरिमा और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण रहा।

# जदयू कार्यकर्ता आभार सह सदस्यता समीक्षा समारोह 29 दिसंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा कैमूर जनता दल के कार्यकर्ताओं का आभार एवं सम्मान समारोह सह सदस्यता अभियान का समीक्षा बैठक 29 दिसंबर को पूर्वाहन 10 बजे चैनपुर विधानसभा के खड़ौरा में रखा गया है। जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि पार्टी एवं एनडीए की 2025 के विधानसभा में ऐतिहासिक जीत पर बिहार के सभी जिले में जनता दल यूनाइटेड द्वारा कार्यकर्ता आभार समारोह चलाया जा रहा है। कैमूर में जनता दल के कार्यकर्ताओं का आभार



सम्मान समारोह 29 दिसंबर को बिहार सरकार के मंत्री जमा खान के छावनी अवस्थित कार्यालय मौजा खड़ौरा में रखा गया है। जदयू प्रवक्ता अतुल पटेल ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान के साथ बिहार विधान परिषद के सदस्य बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के वरीय उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह का आगमन होगा जिसमें कैमूर जनता का यूनाइटेड के जिला के सभी पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पदाधिकारी, सभी पंचायत अध्यक्ष, जिला के सभी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, जिला के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

# चेनारी विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर : अमित पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने में भ्रष्टाचार व्याप्त है। पंडूका पुल के बाद अब रोहतासगढ़ किला जाने के लिए निर्माणाधीन रोपवे परियोजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। भीम आर्मी नेता व पूर्व प्रत्याशी अमित पासवान ने कहा कि उन्हें पहले से ही आशंका थी कि रोपवे निर्माण में प्रयुक्त कैबिन सहित अन्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं है। आम जनता के टैक्स से जुटाई गई राशि को आखिर कब तक इस तरह बर्बाद किया जाता रहेगा? उन्होंने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि जो जनप्रतिनिधि और अधिकारी आज केवल लेटरबाजी कर



अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं, वे उस समय कहां थे जब यह रोपवे परियोजना निर्माणाधीन थी। क्या ये लोग किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेंगे? अमित पासवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस परियोजना में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच चल रहे कमीशन के खेल को वे जनता के सामने उजागर करेंगे और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

# आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में स्कॉलरशिप परीक्षा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 28 तारीख (रविवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से किया जाएगा। परीक्षा की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार स्कॉलरशिप परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का नामांकन कठिन हो सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील




की है कि वे अपने बच्चों को समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित कराएं तथा परीक्षा की उचित तैयारी सुनिश्चित करें। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी सत्र से विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक एनसीईआरटी की पुस्तकों से शिक्षण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की आधारशिला माना जाता है। इस पाठ्यक्रम के पालन से विद्यार्थियों को भविष्य की शैक्षणिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशेष लाभ मिलेगा।

# हादसे में घायल वृद्ध ने पांच दिनों बाद तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** बीते रविवार को थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में घायल 72 वर्षीय वृद्ध की वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक सादुल्लापुर गांव निवासी 72 वर्षीय धर्मराज सिंह यादव बताये जाते हैं। जानकारी के मुताबिक बीते रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 72 वर्षीय वृद्ध घायल हो गये थे। घटना के बाद घायल वृद्ध को परिजनों द्वारा रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले आया गया था जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख हायर सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया।

# ग्रामीण भारत को मिली रोजगार और आजीविका की नई गारंटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं अधिकारों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से विगत शुक्रवार को ग्राम पंचायत सूही में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सूही के मुखिया मंजीत यादव ने की। ग्राम सभा में पंचायत के मजदूर, महिला मजदूर, अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के सैकड़ों लोगों ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी प्राप्त किया। इस मौके रोजगार सेवक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार के अधिकार को पहले की अपेक्षा और मजबूत करता है। अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। यदि काम की मांग के बावजूद समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने के लिए राज्य सरकार बाध्य होगी। वहीं मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा भी दिया जाएगा। प्रशासनिक मद की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत की गई है, जिससे फिल्ड स्तर के कर्मचारियों की सेवाएं सुदृढ़ होगी। सरकार का यह निर्णय ग्रामीण रोजगार, आजीविका, पारदर्शिता और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर ग्राम सभा में रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, विकास मित्र प्रकाश कुमार, आवास सहायक सूर्यकांत कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जदयू जिला इकाई की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पटेल धर्मशाला तकिया सासाराम के प्रांगण में जनता दल यूनाइटेड रोहतास की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने तथा बैठक का संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने किया। बैठक का उद्देश्य पार्टी के पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ताओं को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना था और साथ ही बैठक में पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अरुण कुमार, पूर्व मंत्री तथा सदस्य




बिहार विधानसभा महेश्वर हजारी, करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह तथा नोखा विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित हुए। बैठक में रोहतास जिले के पार्टी के प्रदेश के पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी, नगर तथा प्रखंड अध्यक्ष और पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथि समेत सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र और माला-बुके से सम्मानित करने से हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अरुण कुमार ने कहा कि एनडीए की ऐतिहासिक जीत आप सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत और समर्पण का परिणाम है आप सभी के सहयोग और परिश्रम के कारण ही आज प्रदेश में एक स्थिर मजबूत और प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर करने वाली सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिली है। इसके लिए आप सभी बधाई और प्रशंसा के पात्र हैं। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तथा सदस्य बिहार विधानसभा महेश्वर हजारी ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं के सहयोग और निरंतर प्रचार प्रसार से प्रेरित होकर ही बिहार की जनता ने एनडीए पर अपना विश्वास जताया है जिससे प्रदेश को एक मजबूत विकासशील सरकार मिली है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं। इसके लिए हमारे सभी कार्यकर्ता बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं।

# छह महीनों से ठप पड़ी चंदनपुरा (तिलौथू) की नल-जल योजना

## जलमीनार बनी सिर्फ शोभा की वस्तु, ठेकेदार मालामाल, ऑपरेटर भूखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना चंदनपुरा गांव में पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। बीते छह महीनों से नल-जल योजना बंद पड़ी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हुए हैं। गांव के बीचों बीच खड़ी लाखों रुपये की जलमीनार अब पानी नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि नलों से पानी नहीं, अब सिर्फ हवा और वादे निकलते हैं। गर्मी हो या सर्दी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे दूर-दराज के चापाकलों और कुओं से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई परिवार मजबूरी में दूषित पानी पी रहे हैं जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।



**ठेकेदार मालामाल, ऑपरेटर बेहाल**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि योजना के संचालन के लिए नियुक्त ऑपरेटर को महीनों से वेतन नहीं मिला जबकि ठेकेदार भुगतान उठाकर मालामाल बना हुआ है। बिना वेतन के ऑपरेटर कैसे काम करे? यही कारण है कि मशीनें बंद हैं, मेंटेनेंस शून्य है और योजना कागजों में चल रही है।

**जवाबदेही किसकी?**

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, अधिकारी आए, फोटो खिंचवाई और चले गए, समस्या जस की तस बनी हुई है।

यह सवाल उठना लाजमी है कि जब भुगतान हो चुका, तो पानी क्यों नहीं? क्या यह सरकारी धन की खुली लूट नहीं है?

**ग्रामीणों में आक्रोश**

गांव में रोष व्याप्त है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र नल-जल योजना चालू नहीं हुई और ऑपरेटर को बकाया वेतन नहीं मिला तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**प्रशासन से मांग**

ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल नल-जल योजना चालू की जाए, ऑपरेटर का लंबित वेतन अविलंब भुगतान हो, दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कार्रवाई हो, योजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन नींद से जागता है या चंदनपुरा के लोग यूं ही प्यासे रहने को मजबूर रहेंगे। जलमीनार खड़ी है, पैसा खर्च हो चुका है- बस पानी ही गायब है।


**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना (5th Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित की जाने वाले Urban Health & wellness Centre (Urban Ayushman Arogya Mandir) के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों की चयन हेतु दिनांक 06.01.2026 को कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सको की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियॉ | 01 (एक पद) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगा। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 06.01.2026 को नगर पचायत मझिऑव को अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 369495 Urban Development(25-26)#D

## एक नजर

### प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान हो सकते हैं खुशहाल



**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर के सदस्यों का प्राकृतिक खेती विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती की आवश्यकता,उसके लाभ और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक व कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार ने बताया कि प्राकृतिक खेती में लागत कम होती है,जिससे किसानों की वास्तविक आय बढ़ती है और मिट्टी, जल, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। प्रशिक्षण समापन के बाद प्रतिभागियों को विभिन्न इकाईयों का परिभ्रमण कराकर उन्हें सम्बंधित विभागों की जानकारी भी दी गई।

### जदयू कार्यकारिणी की बैठक में एमएलसी नीरज कुमार हुए शामिल



**नरहट (नवादा)।** नरहट में प्रखंड अध्यक्ष के आवास पर जनता दल (यूनाइटेड) की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एमएलसी एवं जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम कैसर उर्फ बंटी ने की। उन्होंने क्षेत्र के विकास, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता तक लाभ पहुंचाने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जदयू सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए हैं, जरूरत है कि संगठन के कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाएं। मुख्य अतिथि एमएलसी व जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी पात्र लोगों को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनसंपर्क बढ़ाएं और लोगों को योजनाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही विकास की गति को तेज करता है।बैठक के दौरान एमएलसी नीरज कुमार का कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अरुण सिंह (पैक्स अध्यक्ष), एहतेशाम उर्फ गुड्डु (मुखिया), मोहम्मद इसराइल, उप प्रमुख क़ासिम आलम, रुक़सार आलम और अफ़ज़ल सहित कई जदयू नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक का समापन संगठन को और सशक्त बनाने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग के संकल्प के साथ किया गया।

### ग्रीन फील्ड बाइपास का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**नवादा।** जिला पदाधिकारी द्वारा नवादा–कादिरगंज–जमुई ग्रीन फील्ड बाईपास का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाईपास के प्रस्तावित मार्ग जो बलोखर से भोला बीघा होते हुए गुजरने वाला है, का जायजा लिया गया। इस मार्ग में एक आरओबी के निर्माण की भी योजना है, जिससे आवागमन और अधिक सुगम हो सकेगा। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाईपास के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि आमजन को यातायात की बेहतर और सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बाईपास के निर्माण से शहर के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दूरस्थ क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी, नवादा सदर को विशेष रूप से निर्देशित किया कि ग्रामीण जनता की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध और समन्वय के साथ सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही भूमि संबंधी एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी त्वरित गति से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, भू अर्जन पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, अंचल अधिकारी नवादा सदर, कार्यपालक अभियंता आरडब्लूडी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अलाव से लोगों को मिली राहत

**नगरनौसा (नालंदा)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगरनौसा प्रशासन ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की है। अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, रामघाट सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाया जा रहा है। ठंड की तीव्रता कम होने तक यह व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बीते एक सप्ताह से शीतलहर के प्रकोप के कारण विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोग अधिक प्रभावित हैं, जिनके पास पर्याप्त गर्म कपड़ों का अभाव है। ऐसे में अलाव उनके लिए बेहद आवश्यक है। प्रशासन का प्रयास है कि अलाव की सुविधा अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचे, ताकि वे ठंड से सुरक्षित रह सकें। अलाव की तपिश से लोगों को सुकून मिल रहा है। खासकर सुबह और देर रात के समय ठंड से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले रिक्शा चालक, ठेला व्यवसायी, दिहाड़ी मजदूर और बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना की है। विभिन्न स्थानों पर अलाव के पास लोग इकट्ठा होकर ठंड से बचाव करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह पहल ठंड के इस दौर में बड़ी राहत साबित हो रही है। आमजन ने मांग की है कि ठंड का असर कम होने तक अलाव की व्यवस्था लगातार बनी रहे, ताकि जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# नालंदा डाकघर परिसर में डाक चौपाल का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आम जनो को डाक विभाग के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए नालंदा डाकघर परिसर में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि डाक चौपाल का मुख्य उद्देश्य आम जनता को विभाग की योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग आमजनों को सुलभ, पारदर्शी एवं त्वरित सेवा देने को प्रतिबद्ध है।विभाग की सेवाओं-बचत खाता, पांच वर्षीय आवर्ती खाता, टीडी खाता, सुकन्या समृद्धि खाता की सुविधा उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी डाककर्मियों को बॉयोमेट्रिक तथा माइक्रो एटीएम उपलब्ध है। वित्तीय सुविधाओं के साथ ही आधार कार्ड भी बनाया जाता है। डाक अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि विगत कुछ दिनों में दर्जनों जगह डाक चौपाल का आयोजन किया जा चूका और इसके माध्यम से लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए, बच्चियों के उज्वल भविष्य के लिए, सुकन्या खाता के लिए जागरूक किया जा रहा है, सभी डाक चौपाल में लोगो में काफी उत्साह देखा जा रहा है खास कर महिलाओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। आज भी इस डाक चौपाल में महिलाओं की काफी भीड़ है, यह दर्शाता है कि डाक विभाग हर घर तक अपनी पहुँच को रखता है, आज भी लोग डाकघर पर सबसे अधिक भरोसा रखते है, मंच से उनके द्वारा बताया गया कि यह डाक चौपाल हर पंचायत स्तर पर लगाने का प्रयास है। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने डाक विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, बचत खाता, टाइम डिपॉजिट, मासिक आय योजना, आवर्ती जमा, डाक जीवन बीमा आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाकघर आज केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भरोसेमंद वित्तीय सेवा संस्थान बन चुका है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य व भाजपा नेता सुधीर कुमार ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना माताओं एवं बहनों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि डाकघर का बचत खाता बैंक की तुलना में अधिक सुरक्षित है और कई योजनाओं में बेहतर ब्याज दर भी प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे डाकघर की योजनाओं में निवेश कर अपने भविष्य को सुरक्षित करें।

राजगीर के अनुमंडलीय डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार ने कहा कि डाक विभाग अपनी सेवा से लोगों को आरंभ से ही लाभान्वित करता रहा है और आज भी लोगों को डाक घर पर सबसे अधिक भरोसा है उनके द्वारा यह भी बताया गया कि डाक विभाग अंतिम पंक्ति तक अपनी पहुंच रखता है, और जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर अकौना पंचायत के मुखिया अभय कुमार सिंह, वार्ड पार्षद मंजू देवी, सुजीत कुमार, पंकज कुमार, रुदल पासवान, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान डाक निदेशालय द्वारा प्रदर्शनी वैन को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न स्थानों में प्रचार के लिये रवाना किया गया। आयोजन स्थल पर ही तीन बच्चियों को सुकन्या समृद्धि योजना का पासबुक प्रदान किया गया। मौके पर उल्लेखनीय कार्य के लिए कूल 19 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों को नीलगायों के आतंक से मिलेगी मुक्ति, नवादा में गोली मारने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने वाली नीलगायों के आतंक से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। वन विभाग के डीएफओ (वन प्रमंडल पदाधिकारी) ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों और ग्राम स्तर से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर विशेष परिस्थितियों में नीलगायों को गोली मारने का आदेश जारी किया गया है। यह कार्रवाई संबंधित पंचायत के मुखिया के लिखित आदेश और प्रशासनिक अनुमति के बाद ही की जाएगी। डीएफओ ने स्पष्ट किया कि नीलगायों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि के कारण धान, गेहूं, मक्का, दलहन व सब्जी फसलों को भारी क्षति हो रही थी। किसान लंबे समय से फसल बचाने को लेकर आंदोलन और ज्ञापन दे रहे थे। कई गांवों में रात-दिन पहरा देने के बावजूद नीलगायों से राहत नहीं मिल पा रही थी, जिससे किसानों की लागत बढ़ रही थी और उत्पादन प्रभावित हो रहा था। प्रशासन के अनुसार यह कदम अंतिम विकल्प के रूप में उठाया गया है। गोली मारने की कार्रवाई केवल चिन्हित क्षेत्रों में, निर्धारित समय और सुरक्षा मानकों के तहत होगी। इसमें प्रशिक्षित शूटरों की मदद ली जाएगी, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। डीएफओ ने यह भी कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक अनुमति लेकर ही कार्रवाई होगी और अनावश्यक हिंसा से बचा जाएगा। पंचायत स्तर पर मुखिया की भूमिका अहम होगी। प्रभावित गांवों में मुखिया किसानों से आवेदन लेकर स्थिति का आकलन करेंगे और प्रशासन को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद ही कार्रवाई की अनुमति दी जाएगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे स्वयं कोई अवैध कदम न उठाएं और समस्या की सूचना पंचायत या वन विभाग को दें। इस निर्णय से जिले के किसानों में राहत की उम्मीद जगी है। उनका कहना है कि यदि समयबद्ध और नियंत्रित ढंग से कार्रवाई हुई, तो फसलों की सुरक्षा संभव होगी और उनकी मेहनत रंग लाएगी ।

# गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहसराय– हॉल्ट पचासा मोड़ के पास शुक्रवार को दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। यह घटना उस समय हुई जब मिक्सिंग प्लांट के सामने अज्ञात अपराधियों ने अचानक गोलियां चला दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5–6 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा की गई फायरिंग में इमादपुर गांव निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार उर्फ राजेश यादव, पिता स्वर्गीय रामप्रसाद यादव, गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना अध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई। घायल राजेश कुमार को तत्काल सदर अस्पताल बिहारशरीफ लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मौके से साक्ष्य संकलित किए गए। इसके अलावा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 बिहारशरीफ द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के माध्यम से अज्ञात अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में औपचारिक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# शिक्षा सेवकों को दो माह से मानदेय नहीं, आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मुसहर भुंईया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नवादा जिले में कार्यरत शिक्षा सेवकों के मानदेय भुगतान में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि बिहार के लगभग सभी जिलों में शिक्षा सेवकों का नवंबर और दिसंबर माह का मानदेय भुगतान कर दिया गया है, लेकिन नवादा जिले के शिक्षा सेवक अब तक अपने मानदेय से वंचित हैं। मानदेय नहीं मिलने के कारण शिक्षा सेवकों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों के सामने रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है, यहां तक कि घरों में भोजन के लिए चूल्हा जलाना भी चुनौती बन गया है। शिक्षा सेवकों के परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं। विभाग की ओर से मानदेय भुगतान को लेकर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से जिले भर के शिक्षा सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुकेश मांझी ने कहा कि शिक्षा सेवक पूरी तरह मानदेय पर ही निर्भर रहते हैं, ऐसे में भुगतान में देरी उनके जीवन-यापन को प्रभावित कर रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से नवंबर एवं दिसंबर माह के मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो से चार दिनों के भीतर मानदेय का भुगतान नहीं हुआ, तो सभी शिक्षा सेवक “करो या मरो” की नीति अपनाते हुए व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बढ़ती ठंड को लेकर 31 दिसंबर तक स्कूल–कोचिंग बंद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में लगातार बढ़ती ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालना शुरू कर दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार ने जिले के सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों में 31 दिसंबर तक शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर लिया गया है। मौसम विभाग ने जिले में अत्यधिक ठंड और घना कोहरा बने रहने की चेतावनी दी है, जिससे बच्चों के बीमार होने की आशंका बढ़ गई है।

**प्री–स्कूल से कोचिंग तक बंद**

डीएम ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश नालंदा के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा। हालांकि प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विशेष कक्षाओं के संचालन की अनुमति दी गई है। यह आदेश 26 दिसंबर को जिला दंडाधिकारी के हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मदरसा पदाधिकारी, आईसीडीएस के कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत सभी संबंधित विभागों को भेज दी गई है।

**सख्ती से पालन के निर्देश**

जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधन से आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे इस अवधि में बच्चों को घर पर ही रखें और उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और मौसम की स्थिति सामान्य होने के बाद ही शैक्षणिक गतिविधियों को पुनः शुरू किया जाएगा।

# शहीद मनोज कुमार साव के परिजनों से मिले भाजपा नेता रवि गुप्ता, बंधाया ढांढस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के लाल और आईटीबीपी के जांबाज़ जवान शहीद मनोज कुमार साव, जो हाल ही में ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे, उनके परिजनों से आज भाजपा नेता रवि गुप्ता ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। यह मुलाकात नरहट प्रखंड के ग्राम बेरौटा (शेखपुरा) स्थित शहीद के पैतृक आवास पर हुई। भाजपा नेता रवि गुप्ता ने कहा कि शहीद मनोज कुमार साव ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर देश को गौरवान्वित किया है। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शहीद के परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में वे हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर समाजसेवी आर. पी. साहू, पूर्व चेयरमैन हिसुआ दिलीप साव, फौजी साहब, पंकज साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने शहीद के परिजनों को सांत्वना दी। शहीद के दोनों मासूम बच्चों से मिलकर उपस्थित लोगों का मन भावुक हो उठा और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से दिवंगत जवान की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सभी ने एक स्वर में शहीद मनोज कुमार साव को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में उग्र प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बांग्लादेश में दलित हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को कट्टरपंथियों द्वारा जिंदा जलाए जाने की घटना के विरोध में छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने साहेब कोठी मंदिर प्रांगण से आक्रोशपूर्ण जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संस्था के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, जिसे छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां की सरकार के संरक्षण में कट्टरपंथी ताकतें हिंदुओं के घर जला रही हैं, मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है, मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं तथा बहन-बेटियों के साथ जघन्य अपराध किए जा रहे हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या के बाद 29 वर्षीय अमृत मंडल की हत्या ने हालात की भयावहता को और उजागर कर दिया है। संस्थान ने केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश सरकार को कड़ा और स्पष्ट जवाब दिया जाए, ताकि वहां रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रदर्शन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान द्वारा बांग्लादेशी क्रिकेटर को खरीदने को लेकर भी नाराजगी जताई गई और इसे शर्मनाक करार दिया गया। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री एम.डी. यूनुस तथा शाहरुख खान का पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन में चंदन विश्वकर्मा, चंदन भगत, सुगन यादव, साहेब कोठी मंदिर अध्यक्ष संजय भोजपुरी, परमेश बरनवाल, विनोद विश्वकर्मा, नवीन कुमार, कौशल यादव, चंदन श्याम प्रसाद, चंदन कुमार, सुंदर सिंह, भाजपा नेता सूर्यनारायण प्रसाद गुप्ता, मनोज पांडे, सोहन राज, हिमांशु, धर्मेंद्र दुबे, भोला विश्वकर्मा बादल, विक्रम कुमार, शाहिल समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे उत्पाद बलों ने एक्सयूवी 500 में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है।साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। गुप्त सूचना मिली कि शनिवार की दोपहर एक्सयूवी 500 संख्या बीआर04क्यू9539 से शराब का परिवहन किया जा रहा है।गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद इंस्पेक्टर द्वारा वाहन की जांच की गई।जांच के क्रम में बीच के सीट के नीचे एवं पीछे वाले दोनों इंडिकेटर में बने तहखाने से 155.3 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।बरामद शराब में सिग्नेचर,रॉयल स्टैग, बकार्डी व ऑफिसर चॉइस नामक कंपनी के बोतल व टेट्रा पैक शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि लग्जरी वाहन से एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया रानाबिघा निवासी मानिक चंद्र चौधरी के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के क्रम में तस्कर ने बताया कि वह धनबाद से बिहारशरीफ शराब लेकर जा रहा था। इससे पूर्व भी वो दो बार शराब का परिवहन कर चुका था। तस्कर ने यह भी कहा कि वह शराब को सोहसराय के कागजी मोहल्ला निवासी धनराज महतो के पुत्र सन्नी कुमार को शराब की खेप देने वाला था। जब्त शराब व लग्जरी वाहन के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।इस मौके पर उत्पाद एएसआई मो. साबिर के अलावे गृहरक्षक के जवान भी मौजूद रहे।

# मजलिसुल उलेमा वल उम्मत फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को मजलिसुल उलेमा वल उम्मत फाउंडेशन नवादा ,की तरफ से मजलिसुल उलेमा के कार्यालय में मजलिसुल उलेमा के अध्यक्ष मौलाना अजमल क़ादरी तथा जनरल सेक्रेटरी अरशद सरदार, जावेद अख्तर, मौलाना जहानगीर आलम क़ादरी, क़ारी अनवर ज़की, मुबारक हुसैन सलफ़ी, मुफ्ती इनायतुल्लाह क़ासमी, डॉ. अब्दुल वाहिद, पूर्व वार्ड पार्षद सरफ़राज़ आलम, शहाब आलम एवं अन्य सम्मानित सदस्यों व कार्यकर्ताओं के द्वारा जरूरतमंद गरीब पुरुषों और महिलाओं के बीच कंबल वितरित किए गए। सभी विचारधाराओं के संयुक्त मंच के वर्तमान अध्यक्ष मौलाना अजमल क़ादरी ने बताया कि मजलिसुल उलेमा के सदस्य एवं कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें कंबल प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का यह सिलसिला वर्ष 2012 से निरंतर जारी है। मजलिसुल उलेमा के कार्यालय सचिव इनायतुल्लाह क़ासमी ने बताया कि पिछले वर्ष सहायता ट्रस्ट की ओर से 120 कंबल,तथा मजलिसुल उलेमा की ओर से 62 कंबल वितरित किए गए थे।

# हरदिया मोड़ पर जेब्रा क्रॉसिंग नहीं रहने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया मोड़ के समीप एनएच-20 पर जेब्रा क्रॉसिंग नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों को सड़क को पार करने के लिए डिवाइडर को फांदना पड़ता है,जबकि एनएच पर गाड़ियों की तेज रफ्तार रहने से हमेशा खतरा बना रहता है।इसको लेकर ग्रामीणों ने फोरलेन बनने के शुरुआती दौर से ही जेब्रा क्रॉसिंग की मांग करते आ रहे हैं।किंतु अबतक स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा इनकी मांगों को अनदेखा किया जाते रहा है।

**नदी घाट पर जाने के लिए 4 किमी की दूरी**

पुरानी हरदिया में जब किसी व्यक्ति का देहांत होता है,तो उन्हें धनार्जय नदी तट पर बने श्मशान तक ले जाने के लिए परिजनों को 4 किलोमीटर तक पैदल यात्रा करना पड़ता है।वहीं कुछ परिजन दूरी कम करने के लिए शव को डिवाइडर पर रखकर सड़क को पार करते हैं।वहीं छठ के समय भी लोगों को नदी घाट पर जाने में व्रतियों और परिजनों को इसी प्रकार की परेशानी झेलनी पड़ती है।बीते शुक्रवार को पुरानी हरदिया निवासी द्वारिका राजवंशी की पत्नी साबो देवी का निधन हो गया था,जिसके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट जाने के लिए डिवाइडर पर अर्थी को रखकर सड़क को पार करना पड़ा।

**शिक्षण एवं स्वास्थ्य सेवाएं भी सड़क के दूसरी ओर**

हरदिया स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर,उत्क्रमित इंटर विद्यालय एवं निजी विद्यालय के लिए बच्चे से लेकर बूढ़े तक को डिवाइडर पार करके हरदिया मोड़ से जाना पड़ता है।वहीं जेब्रा क्रॉसिंग नहीं होने से टोटो समेत अन्य वाहन रॉन्ग साइड से होकर गुजरते हैं।इस कारण कई बार गंभीर दुर्घटना भी घट चुकी है।

**जल्द बने जेब्रा क्रॉसिंग**

हरदिया निवासी अनुज साहू,सुबोध प्रसाद,अमृत लाल,सुजीत प्रसाद समेत दर्जनों लोगों ने कहा कि हरदिया मोड़ के आसपास घनी आबादी है।सड़क को पार करने के लिए लोग डिवाइडर फांदकर पार करते हैं।इसके पीछे का मुख्य वजह है कि फुलवरिया डैम मोड़ और हरदिया सेक्टर-ए के समीप ही एनएच पर जेब्रा क्रॉसिंग है,जिससे हरदिया मोड़ की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है। साथ ही बताया कि इसको लेकर नवादा सांसद विवेक ठाकुर को भी लिखित आवेदन सौंपा गया था,किंतु अबतक एनएचएआई द्वारा ग्रामीणों की परेशानी को अनदेखा किया जा रहा है। लोगों की मांग है कि जल्द ही हरदिया मोड़ पर जेब्रा क्रॉसिंग बनना चाहिए।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस संबंध में बीडीओ संजीव झा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने हरदिया मोड़ पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने का आश्वासन भी दिया है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया गया जी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत कई विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से आम लोगों को बेहतर आवागमन, स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 13 में चंद्रशेखर विद्यालय से मां दुखहरनी मंदिर तक पथ निर्माण कार्य का



शिलान्यास किया जिसकी कुल लागत 13 लाख 73 हजार 425 रुपये है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 14 में नेशनल पब्लिक स्कूल से दिन दुलारी नर्सिंग होम तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास 9 लाख 78 हजार 237 रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 11 में माल गोदाम मोड़ से तेलबिगहा एवं बैरागी मोड़ तक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 24 लाख 23 हजार 957 रुपये की लागत से किया गया। वहीं वार्ड संख्या 29, शास्त्री नगर पश्चिम रोड नंबर 2 में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 16 लाख 10 हजार 665 रुपये की लागत से हुआ। इसके अलावा वार्ड संख्या 36, नूतन नगर में पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास 23 लाख 72 हजार रुपये की लागत से किया गया जिससे स्थानीय लोगों को मनोरंजन और हरित वातावरण की सुविधा मिलेगी। साथ ही वार्ड संख्या 29, शास्त्री नगर पश्चिम रोड नंबर 3 में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 11 लाख रुपये की लागत से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता मुकेश शर्मा, विक्की शर्मा, प्रेम सागर, देवानंद पासवान, अमित लोहानी, टिंकू गोस्वामी, साकेत, सूरज सेठ, राजनंदन गांधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत अधिवेशन की तैयारियां अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दक्षिण बिहार प्रांत अधिवेशन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। रविवार से शुरू होने वाले इस अधिवेशन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। परिषद के कार्यकर्ताओं के अनुसार अधिवेशन स्थल को आध्यात्मिक और देशभक्ति के वातावरण से सुसज्जित किया जा रहा है। अधिवेशन स्थल के प्रवेश द्वार पर विष्णुपद मंदिर और मां मंगला गौरी मंदिर की झलक दर्शाने वाली प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही भगवान शंकराचार्य, माता अहिल्याबाई सहित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। 30 दिसंबर को गया कॉलेज से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान एपीआर के पास खुले अधिवेशन स्थल पर पहुंचेगी। शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यवसायियों, पूर्व कार्यकर्ताओं, संघ परिवार के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों द्वारा स्वागत की तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर बैनर व झंडे लगाए जा रहे हैं, वहीं गया कॉलेज परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अधिवेशन की सफलता के लिए सैकड़ों पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में अधिवेशन स्थल एकता भवन हॉल में स्वागत अध्यक्ष संजय रविदास और स्वागत मंत्री प्रेम सागर का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता और भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला प्रवक्ता बंटी वर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ऋषि लोहानी, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार, धीरू शाह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिवेशन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और सभी कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

# दंपति हत्याकांड में 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, जांच तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चांपि गांव में हुए दंपति हत्याकांड के 24 घंटे बाद भी पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। इस निर्मम हत्या की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताते चलें कि गांव के खलिहान में धान की रखवाली (अघोरी) करने के दौरान प्रदीप यादव एवं उनकी पत्नी केसरी देवी की अज्ञात अपराधियों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। मृतक के पुत्र रवि कुमार ने आवेदन देते हुए शेरघाटी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है जिसे प्राथमिकता के आधार पर जांच में लिया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ हर संभावित एंगल से जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, घटना के उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम की निगरानी शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह स्वयं कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। आसपास के गांवों में संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि 24 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। इस दोहरे हत्याकांड से गांव में भय का माहौल है और लोग पुलिस की कार्रवाई पर नजर लगाए हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा कर लिया जाएगा।

# मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव का पांचवां दिन 'एजुकेशन स्पेशल-ज्ञान की संस्कृति' को समर्पित

## करियर के रूप में पत्रकारिता 'अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर एक परिचर्चा में श्याम भंडारी ने पत्रकारिता की सच्चाई बताई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव का पांचवां दिन पूर्णतः एजुकेशन स्पेशल-ज्ञान की संस्कृति की भावना को समर्पित रहा। उल्लेखनीय है कि ज्ञान की संस्कृति इस वर्ष के आयोजन की मूल थीम भी है जिसके अंतर्गत शिक्षा, रचनात्मकता, सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक चेतना को केंद्र में रखकर विविध कार्यक्रमों का



सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत ड्राइंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि महाविद्यालय स्तर पर नाटक प्रतियोगिता संपन्न हुई। विभिन्न विद्यालयों से आए 100 से अधिक बच्चों ने ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनशील तूलिका के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने भावों और विचारों को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया है। बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्तियां पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश देती रहीं हैं। ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता के सफल संचालन में मेघा, प्रिया, लक्की, अभिषेक, साक्षी एवं ऋतिक ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके पश्चात महाविद्यालयी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक प्रतियोगिता ने सामाजिक विषयों को मंच के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से सामने रखा जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। इसी क्रम में पुस्तक मेला परिसर में प्रगति केंद्र, कटारी से आए बच्चों के समूह ने मेला क्षेत्र का परिभ्रमण किया है।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत के मामले में केस दर्ज

## पूर्व मंत्री ने अधिकारियों से मृतक के आश्रितों को राशि मुहैया कराने को कहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सड़क हादसे में किशोर रौशन कुमार की मौत के मामले में टिकारी थाना में केस दर्ज कराया गया है। मृतक के पिता पुरा गांव के रहने वाले रौशन कुमार ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बाइक चालक पर लापरवाही से बाइक चलाने का आरोप है। घटना का वीडियो फुटेज भी पुलिस को सौंपा गया है। पंचानपुर - टिकारी मार्ग पर पंद्रह माइल के पास तीन दिन पहले सड़क हादसे में ट्यूशन पढ़ कर लौट रहे 14 वर्षीय रौनक बाइक की टक्कर से घायल हो गया था। इलाज के दौरान रौनक की मौत हो गई थी।



**आर्थिक सहायता जल्द दिलाने की पहल**

रौनक की मौत की सूचना पर पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार पुरा गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से बात कर मृतक के आश्रितों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता की राशि मुहैया कराने को कहा। पूर्व मंत्री ने कहा कि सड़क हादसा में रौनक की मौत की वारदात काफी दुखदायी है। इसके अलावा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष चंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में महेंद्र यादव, रामाश्रय पासवान, प्रो. मुन्द्रिका नायक ने रौनक के परिवार वालों से मुलाकात की। सभी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि सरकार को नियमानुकुल आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

# बाराचट्टी में क्षेत्र भ्रमण के दौरान पहुंचे केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

## विकास और रोजगार पर हुई अहम चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराचट्टी।** बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत बीबी पेसरा गांव में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनडीए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एनडीए विधायक ज्योति देवी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार चंद्रवंशी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, प्रखंड भाजपा मंत्री अनुपम कुमार सिंह, श्याम सुंदर प्रसाद, हम पार्टी



नेता बालेश्वर यादव, हम प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सहित अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री को चादर एवं बुके देकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि केंद्र सरकार देश और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए वे दिल्ली में हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। मरीजों के ठहरने, भोजन तथा अस्पताल तक पहुंचाने में भी हर संभव मदद की जाती है। उन्होंने आम जनता से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की तथा जरूरतमंदों की जानकारी जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने को कहा।

इस अवसर पर झारखंड के लातेहार जिला से पहुंचे भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य इश्वरी राम, तौफीक आलम, आनंद साव एवं प्रवीण कुमार सिंह ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर उन्हें लातेहार जिला आने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से उन्हें शॉल एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान लातेहार जिला में कुटीर उद्योग एवं उद्यमी योजना के तहत रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है जिससे आर्थिक मजबूती आएगी और पलायन पर भी रोक लगेगी। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# शेरघाटी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरी, पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के मझनपुर गांव से चोरों ने एक ट्रैक्टर चोरी कर लिया जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी तब सामने आई जब ट्रैक्टर मालिक मुकेश कुमार ने अपने वाहन को निर्धारित स्थान पर नहीं पाया और उसकी खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी जब ट्रैक्टर का कोई पता नहीं चला, तब उन्होंने इसकी सूचना शेरघाटी थाना को दी। पीड़ित मुकेश कुमार ने शेरघाटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका ट्रैक्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर उनके लिए रोजी-रोटी का मुख्य साधन है और इसके चोरी हो जाने से उन्हें भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद भी अब तक ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है जिससे पीड़ित की चिंता बढ़ती जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि मझनपुर गांव से ट्रैक्टर चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों में छानबीन की जा रही है और संभावित ठिकानों पर जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजौरा में 10 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजौरा में आयोजित 10 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य भुनेश्वर शाह एवं उप प्राचार्य एन. एन. मिश्रा के द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 'गति निर्धारक कार्यक्रम' के अंतर्गत कंप्यूटर साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के तहत आसपास के विद्यालयों से लगभग 30 छात्राओं का चयन किया गया। कार्यक्रम की संचालिका नेहा चौधरी ने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को ध्यान में रखते हुए यह विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित किया




गया था। इसका उद्देश्य उन छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना था जिन्हें घर से बाहर जाकर कंप्यूटर जैसी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिल पाता है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कंप्यूटर ऑपरेट करने, फाइल और फोल्डर बनाने, पेंट ब्रश जैसे प्रोग्राम चलाने सहित कंप्यूटर से संबंधित बुनियादी जानकारियां दी गईं। यह प्रशिक्षण विद्यालय के आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कंप्यूटर लैब में दिया गया जिससे छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सका। विद्यालय की कंप्यूटर शिक्षिका अदिति एक्का एवं शिक्षक आकाश कुमार द्वारा पिछले 10 दिनों से छात्राओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य भुनेश्वर शाह ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के संसाधनों का लाभ आसपास के समाज तक पहुंचना चाहिए जिससे जन कल्याण को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम को छात्राओं के लिए अत्यंत लाभदायक बताते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# नाली बहाने को लेकर विवाद में मारपीट, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के असलेमपुर पंचायत के तुतरखी मठिया गांव में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग शनिवार को घायल हो गए। घायलों में बीरन महतो और मंजू देवी शामिल हैं। यह विवाद नाली बनाने को लेकर शुरू हुआ था। घायल बीरन महतो के पुत्र अरुण कुमार ने बताया कि उनके घर की पिछली दीवार के पीछे जबरदस्ती नाली बहाने को लेकर विवाद हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि अमोद कुमार और चंद्र कुमार ने मिलकर उनके पिता बीरन महतो और मां मंजू देवी के साथ मारपीट की जिससे दोनों को चोटें आई। दोनों घायलों को सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि उन्हें मारपीट की घटना की जानकारी मिली है। हालांकि अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# समाजवादी नेता परशुराम सिंह की स्मृति में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत चैता ग्राम में शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता परशुराम सिंह की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति समारोह सह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई। उपस्थित जनसमूह ने परशुराम सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन अनुमंडलीय चिकित्सालय, टिकारी के प्रभारी चिकित्सक डॉ. विश्वमूर्ति मिश्रा एवं डॉ. सरोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डॉ. अमित नारायण रघु, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. आनंद कुमार एवं डॉ. असलम ने



सैकड़ों मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिव वचन यादव, पूर्व जिला पार्षद सतेन्द्र नारायण, प्रो. मुन्द्रिका प्रसाद नायक, जिला पार्षद सुरेश यादव, राम लखन भगत, ललन सिंह, नागेंद्र सिंह, शिक्षाविद अबरार आलम, किशोर यादव, विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक मुकेश सिंह, बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा, हैप्पी किड्स स्कूल के निदेशक संजय अथर्व, अशोक स्वर्णकार, प्रभात रंजन, ललन सिंह, सतीश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता उनके पुत्र मृत्युंजय सिंह, संचालन हिमांशु शेखर तथा धन्यवाद ज्ञापन उनके पुत्र राधे सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया।

# गुरुआ बाजार में फुटपाथी दुकानों के अतिक्रमण से लग रहा जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** बाजार में स्थानीय लोगों को रोजाना भीषण जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जब बाजार में जाम से राहत मिलती हो। जाम का मुख्य कारण सड़क के दोनों ओर फुटपाथी दुकानों द्वारा लगभग पांच-पांच फीट तक अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है जिससे वाहनों की लंबी कतारें घंटों तक फंसी रहती है। कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि पैदल चलने वाले लोग भी धीरे-धीरे रेंगते हुए नजर आते हैं। जाम हटने में घंटों का समय लग जाता है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए बाइक व ऑटो चालक भी बची हुई सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिससे जाम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों की मांग है कि दोपहिया व ऑटो वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा करने पर रोक लगाई जाए और सड़क के दोनों ओर से फुटपाथी दुकानों का अतिक्रमण हटाया जाए।

# डॉ. जाकिर हुसैन इवनिंग कॉलेज में बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** आमस प्रखंड के हमजापुर डॉ. जाकिर हुसैन इवनिंग कॉलेज, शेरघाटी में स्नातक सत्र 2025-29 के बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा 20 दिसंबर से प्रारंभ हुई थी जो निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक समाप्त हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जाकिर हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के लिए श्री महंत शतानंद गिरी कॉलेज, शेरघाटी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में कला (आर्ट्स) संकाय के तथा द्वितीय पाली में विज्ञान संकाय के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि कुल 1720 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था जिसमें से 15 परीक्षार्थी



अनुपस्थित रहे। शेष सभी छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर दो दंडाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अलावा कॉलेज प्रशासन द्वारा भी सतत निगरानी रखी गई जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। प्राचार्य डॉ. जाकिर हुसैन ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा कराना कॉलेज प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा संचालन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संपादकीय

# परमाणु ऊर्जा बिल पर सवाल

मोदी सरकार ने देश में परमाणु ऊर्जा बिल जिस तेजी से पास कराया और इसे कानून के रूप में लागू भी कर दिया गया, उससे कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ये सवाल मुख्यतः इस कानून की पारदर्शिता, सुरक्षा और सरकार की राजनीतिक मंशा को लेकर है। हालांकि सरकार ने सभी आशंकाओं को खारिज किया है। 'शांति विधेयक' दरअसल, संसद से पास हुए उस बिल का नाम है जिसके ज़रिए निजी क्षेत्र को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश की इजाज़त दी गयी है। गौरतलब है कि विगत 17 दिसंबर को लोकसभा में विपक्ष के वाकआउट के बीच 'शांति विधेयक' पास हो गया। दो दिन बाद ही राष्ट्रपति ने भी इस पर मुहर लगा दी। यहां शांति से तात्पर्य Sustainable Harnessing and Advancement of Nuclear Energy for Transforming India Bill, 2025 ( नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन एवं उन्नयन विधेयक 2025) से है। नया क़ानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 का स्थान लेगा, जिसका अमेरिकी परमाणु आपूर्तिकर्ता लंबे समय से वहाँ की सरकार के समर्थन से विरोध करते रहे हैं। इस नए और पुराने क़ानून फर्क यह है कि पुराने कानून के तहत सिर्फ सरकारी कंपनी NPCIL ही प्लांट बना और चला सकती थी। SHANTI के तहत भारतीय निजी कंपनियाँ जॉइंट वेंचर में न्यूक्लियर प्लांट बना और चला सकती हैं। इसमें 49% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफ़डीआई की अनुमति होगी। इसका उद्देश्य 2047 तक 100 GW (गीगावॉट) परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना है। भारत में कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी सिर्फ़ 3% है। ज़ाहिर है, सरकार इसे एक बड़ा कदम मान रही है। लेकिन विपक्ष ख़ासतौर पर कांग्रेस की कुछ आपत्तियां हैं। पहली है आपूर्तिकर्ताओं को मुआवज़ा देने से छूट। शांति क़ानून पहले की वह क़ानूनी बाध्यता को ख़त्म करता है जिसके तहत दुर्घटना होने पर आपूर्तिकर्ता को ज़िम्मेदार मानते हुए मुआवज़ा वसूला जाता था। इस क़ानून के तहत ख़राब डिज़ाइन, घटिया पुर्ज़ों या लापरवाही की ज़िम्मेदारी से कॉरपोरेट बरी रहेगा। दुर्घटना से हुए नुक़सान की भरपाई भारतीय टैक्सपेयर करेंगे। यह कानून ऐसे वक्त पर आया है, जब अमेरिका के साथ व्यापार संधि के लिए भारत की बातचीत चल रही है। तो क्या इस कानून को लाने के पीछे अमेरिकी दबाव था? क्योंकि यह क़ानून अमेरिकी कंपनियों को अरबों डॉलर के रियेक्टर बेचने में मदद करेगा। बताया जा रहा है कि अडानी इस कानून के तहत 1.6 गीगावाट का न्यूक्लियर पॉवर प्लांट यूपी में लगाने जा रहे है। यह प्लांट पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा। जहां NPCIL ऑपरेशन संभालेगी, लेकिन अडानी की कंपनी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर का इंतज़ाम करेगी। साफ है कि सरकार अब परमाणु ऊर्जा का क्षेत्र भी निजी क्षेत्र के लिए खोल रही है। इस संदर्भ में विपक्ष के विरोध को खानापूर्ति नहीं कहा जा सकता। क्योंकि कुछ सवालों के जवाब अभी मिलने हैं। मसलन सेफ्टी का खतरा। यानी पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो चेरनोबिल-फुकुशिमा जैसी दुर्घटना का डर है। कानून में दुर्घटनाओं को लेकर आपूर्तिकर्ताओं को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा। दुर्घटना के पीड़ितों को कम मुआवजा मिलेगा। सबसे बड़ी बात पारदर्शिता की कमी है। क्योंकि सरकार ने यह पहले ही तय कर दिया है कि 'प्रतिबंधित' क्षेत्रों को आरटीआई से बाहर रखा जायेगा। यही वजह है कि परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की ट्रेड यूनियंस और इंजीनियर्स भी इसका विरोध कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जब यूपीए 1 में तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने परमाणु ऊर्जा समझौता किया था, तब बीजेपी ने उसका पुरजोर विरोध करते हुए इसे भारत की संप्रभुता पर हमला बताया था। अब वही बीजेपी इस कानून की पुरजोर वकालत कर रही है।

# बांग्लादेश: अल्पसंख्यकों की पीड़ा व लोकतंत्र की परीक्षा

**दक्षिण एशिया का इतिहास केवल सीमाओं का इतिहास नहीं है, यह साझा स्मृतियों, साझा संघर्षों और साझा संवेदनाओं का इतिहास है। भारत और बांग्लादेश का संबंध भी ऐसा ही है एक ऐसा रिश्ता जो भाषा, संस्कृति, बलिदान और विश्वास से बना है। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान भारत ने न केवल एक पड़ोसी के रूप में, बल्कि एक संवेदनशील मानव समाज के प्रतिनिधि के रूप में अपना कर्तव्य निभाया। उस समय भारत ने शरणार्थियों को आश्रय दिया, अंतरराष्ट्रीय दबाव सहा और अंततः एक नए राष्ट्र के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई।**

**अंशुमान**



आज, पाँच दशक बाद, उसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों विशेषकर हिंदू, बौद्ध और ईसाई की स्थिति पर उठते प्रश्न हमें फिर से आत्ममंथन के लिए विवश करते हैं। यह विषय केवल डिप्लोमैसी का नहीं है, न ही इसे किसी एक देश के आंतरिक मामले के रूप में सीमित किया जा सकता है। यह प्रश्न मानवाधिकारों का है, लोकतंत्र की आत्मा का है और उस नैतिक जिम्मेदारी का है जो हर सभ्य समाज पर लागू होती है। जब हम अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग करते हैं, तो अक्सर यह एक सांख्यिकीय शब्द बनकर रह जाता है। लेकिन वास्तविकता में अल्पसंख्यक कोई अमूर्त अवधारणा नहीं हैं। वे किसान हैं जिनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया गया, वे महिलाएं हैं जो असुरक्षा और भय में जीवन जीने को मजबूर हैं, वे बच्चे हैं जो अपने धर्म और पहचान के कारण स्कूल में अपमान और हिंसा का सामना करते हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएँ कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी आवृत्ति और तीव्रता ने चिंता को गहरा किया है। मंदिरों पर हमले, धार्मिक प्रतीकों की तोड़फोड़, झूठे मुकदमों के ज़रिये उत्पीड़न, सामाजिक बहिष्कार और जबरन पलायन–ये सभी घटनाएँ एक ऐसे माहौल की ओर संकेत करती हैं जहाँ भय धीरे-धीरे सामान्य जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है।

इसी संदर्भ में एक बेहद धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी दर्दनाक घटना ने अंतरराष्ट्रीय ध्यान खींचा है। 18 दिसंबर 2025 को बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 25-27 साल के हिंदू युवक, दीपू चंद्र दास, को भीड़ ने कथित ईशनिंदा आरोप में बेरहमी से पीटा और मार डाला। उसके बाद, उसकी लाश को एक पेड़ से बाँधकर आग लगा दी गई, यह न केवल एक हत्या थी, बल्कि एक ऐसा क्रूर कृत्य था जिसने लोगों को सकते में डाल दिया। इस घटना ने न केवल स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय में भय और खौफ पैदा किया है, बल्कि भारत सहित कई देशों में भी चिंता और विरोध की लहरें उठाई हैं। यह घटना यह दिखाती है कि जहाँ कानून का शासन कमजोर पड़ता है, वहाँ भीड़ की हिंसा ही न्याय का रूप ले लेती है और पीड़ितों की आवाज़ दब जाती है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस लिंचिंग की निंदा की है और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने का आश्वासन दिया है, लेकिन इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति यह दर्शाती है कि संवेदी सेवाओं, प्रशासनिक संरक्षण, और सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है।

असल में बांग्लादेश का संविधान धर्मनिरपेक्षता की बात तो करता है जो कि सराहनीय है और आदर्श भी है, लेकिन किसी भी संविधान की आत्मा उसकी किताबों में नहीं, बल्कि समाज के व्यवहार में बसती है। अमूमन देखा जाता है कि जब किसी देश में अल्पसंख्यकों को बार-बार अपनी सुरक्षा, अपनी आस्था और अपनी पहचान के लिए संघर्ष करना पड़े, तो यह उस व्यवस्था की विफलता का संकेत होता है। इसी के साथ एक यह भी सत्य है कि बांग्लादेश की आम जनता का एक बड़ा हिस्सा शांति और सह-अस्तित्व में विश्वास करता है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब कट्टर तत्वों को राजनीतिक संरक्षण, सामाजिक मौन और प्रशासनिक उदासीनता मिल जाती है। तब हिंसा केवल अपराध नहीं रह जाती, वह एक संदेश बन जाती है और वह संदेश होता ह, डर का संदेश।

कूटनीतिक और नैतिक दोनो रूपों में जब जब भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है, तो इसे अक्सर हस्तक्षेप के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जाती है। बांग्लादेश का यह दृष्टिकोण न केवल संकीर्ण है, बल्कि ऐतिहासिक और मानवीय सच्चाइयों की अनदेखी भी करता है। भारत की चिंता तीन स्तरों पर समझी जानी चाहिए। पहला स्तर है मानवीय क्योंकि भारत स्वयं विविधताओं का देश है। यहाँ अनेक धर्म, भाषाएँ और संस्कृतियाँ एक साथ जीवित हैं और सद्भभाव से रह रहे हैं। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। इसलिए जब कहीं भी धार्मिक उत्पीड़न होता है, तो भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत की चिंता का दूसरा स्तर है ऐतिहासिक क्योंकि भारत और बांग्लादेश का अतीत साझा रहा है। बांग्लादेश के कई अल्पसंख्यक परिवारों की जड़ें भारत से जुड़ी हैं उनके साथ हो रहा अन्याय भारत की सामाजिक स्मृति को भी आहत करता है। तीसरी चिंता का स्तर है क्षेत्रीय स्थिरता का स्तर क्योंकि जब किसी देश में अल्पसंख्यक असुरक्षित होते हैं, तो उसका असर केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता है बल्कि पलायन, शरणार्थी संकट और सामाजिक असंतुलन पूरे क्षेत्र की शांति को प्रभावित करते हैं।

अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का सबसे दर्दनाक परिणाम होता है मौन पलायन। लोग रातों-रात अपने घर छोड़ देते हैं, अपनी जमीन, अपनी स्मृतियाँ, अपनी पहचान पीछे छोड़कर। यह पलायन न तो सरकारी आंकड़ों में पूरी तरह दर्ज होता है और न ही अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बनता है, लेकिन यह एक गहरी मानवीय त्रासदी है। भारत ने अतीत में ऐसे पलायन की कीमत चुकाई है। सीमावर्ती राज्यों पर इसका सामाजिक और आर्थिक दबाव पड़ता है। ऐसे में यह कहना कि यह भारत की समस्या है यह बिल्कुल वास्तविकता को उलट देने जैसा है। मूल समस्या वहाँ है जहाँ भय पैदा किया जा रहा है, जहां नागरिकों को दूसरे दर्जे का महसूस कराया जा रहा है।

किसी भी लोकतंत्र की असली परीक्षा चुनावों में नहीं, बल्कि इस बात में होती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। बहुसंख्यक होना शक्ति का पैमाना हो सकता है, लेकिन जम्हूरियत की खूबसूरती उसी शक्ति पर संयमित है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बांग्लादेश ने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में प्रगति की है, लेकिन यह विकास तब अधूरा रह जाता है जब वह भय और असमानता की नींव पर खड़ा हो। सच्चे विकास की परिभाषा वही है जिसमें हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे, बिना अपनी आस्था छिपाए, बिना अपनी पहचान बदलने के दबाव के। कूटनीतिक तौर पर भारत ने कभी भी इस मुद्दे पर टकराव का रास्ता नहीं चुना बल्कि इन मुद्दों पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान। भारत यह मानता है कि बांग्लादेश की सरकार और समाज में इतनी क्षमता है कि वे इस समस्या का समाधान कर सकें। लेकिन संवाद तभी सार्थक होता है जब सच्चाई को स्वीकार किया जाए। समस्याओं से इनकार करना या उन्हें अतिश्योक्ति कहकर खारिज करना पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है।

बांग्लादेश सरकार बाखूबी जानती है कि इस समस्या का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक इच्छाशक्ति से निकलेगा। बांग्लादेश में शिक्षा, मीडिया, धार्मिक नेतृत्व और राजनीतिक दलों सभी को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ेगी। नफरत के खिलाफ स्पष्ट संदेश, हिंसा के खिलाफ त्वरित न्याय और पीड़ितों के पुनर्वास के बिना भरोसा कभी बहाल नहीं हो सकता। भारत इस राह में सहयोगी बन सकता है अनुभव साझा करके, संवाद के मंच उपलब्ध कराकर और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करके। लेकिन पहला कदम वहीं से उठेगा जहाँ समस्या मौजूद है। अंततः यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि भारत का पक्ष किसी के खिलाफ नहीं है। भारत का पक्ष मानवता के साथ है। जब भारत अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात करता है, तो वह सीमाओं से ऊपर उठकर एक सभ्य समाज की आवाज़ बनता है।

भारत की पड़ोसी होने के नाते चिंता स्वाभाविक है, और एक लोकतांत्रिक राष्ट्र होने के नाते बोलना आवश्यक। चुप्पी अक्सर उत्पीड़क का साथ देती है, पीड़ित का नहीं। दक्षिण एशिया का भविष्य शांति, सह-अस्तित्व और विश्वास पर टिका है। यह तभी संभव है जब हर देश अपने घर में सबसे कमजोर नागरिक की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। अल्पसंख्यकों की पीड़ा को अनदेखा करके कोई भी राष्ट्र वास्तव में मजबूत नहीं बन सकता। भारत की अपेक्षा भी यही है और कामना भी कि बांग्लादेश अपने मूल आदर्शों की ओर लौटे, जहाँ धर्म नहीं, बल्कि इंसान की पहचान सबसे पहले हो।

अध्यात्म

## जब काम न रहे तो



एक आदमी ने एक भूत पकड़ लिया और उसे बेचने शहर गया, संयोगवश उसकी मुलाकात एक सेठ से हुई, सेठ ने उससे पूछा- भाई यह क्या है, उसने जवाब दिया कि यह एक भूत है। इसमें अपार बल है कितना भी कठिन कार्य क्यों न हो यह एक पल में निपटा देता है। यह कई वर्षों का काम मिनटों में कर सकता है।

सेठ भूत की प्रशंसा सुन कर ललचा गया और उसकी कीमत पूछी, उस आदमी ने कहा कीमत बस पाँच सौ रुपए है। कीमत सुन कर सेठ ने हैरानी से पूछा- बस पाँच सौ रुपए!

उस आदमी ने कहा- सेठ जी जहाँ इसके असंख्य गुण हैं वहाँ एक दोष भी है। अगर इसे काम न मिले तो मालिक को खाने दौड़ता है।

सेठ ने विचार किया कि मेरे तो सैकड़ों व्यवसाय हैं, विलायत तक कारोबार है यह भूत मर जायेगा पर काम खत्म न होगा, यह सोच कर उसने भूत खरीद लिया। मगर भूत तो भूत ही था, उसने अपना मुंह खोला और बोला- बोला काम काम काम काम।

सेठ भी तैयार ही था, उसने बहुत को तुरन्त दस काम बता दिये, पर भूत उसकी सोच से कहीं अधिक तेज था इधर मुँह से काम निकलता उधर पूरा होता, अब सेठ घबरा गया। संयोग से एक सन्त वहाँ आये, सेठ ने विनयपूर्वक उन्हें भूत की पूरी कहानी बतायी।

सन्त ने हँस कर कहा अब जरा भी चिन्ता मत करो एक काम करो उस भूत से कहो कि एक लम्बा बाँस ला कर आपके आँगन में गाड़ दे बस जब काम हो तो काम करवा लो और कोई काम न हो तो उसे कहें कि वह बाँस पर चढ़ा और उतरा करे तब आपके काम भी हो जायेंगे और आपको कोई परेशानी भी न रहेगी सेठ ने ऐसा ही किया और सुख से रहने लगा।

अपना मन ही वह भूत है। यह सदा कुछ न कुछ करता रहता है एक पल भी खाली बिठाना चाहो तो खाने को दौड़ता है। प्रभु ही बाँस है। प्रभु पर भजन सिमरन का अभ्यास ही बाँस पर चढ़ना उतरना है। आप भी ऐसा ही करें। जब आवश्यकता हो मन से काम ले लें जब काम न रहे तो प्रभु के नाम जपने लगो तब आप भी सुख से रहने लगेंगे।

# लोकतंत्र के चार स्तंभों पर पुनर्विचार का समय

**अंततः लोकतंत्र को केवल चार स्तंभों पर एक जगह टिकी व्यवस्था की जगह स्थिरता और गति के सामंजस्य के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है। निष्कर्षतः लोकतंत्र को केवल चार स्थिर स्तंभों वाली इमारत के रूप में देखना अपर्याप्त है। यह एकतो एक चार प्रहरियों वाली जीवंत प्रणाली है, जहाँ जनता आधार-स्तंभ है, न्यायपालिका का 'विधि एवं न्याय' मार्गदर्शक सिद्धांत है, कार्यपालिका क्रियान्वयन की शक्ति है, और मीडिया गतिशील संवाद का माध्यम। नए युग की माँग है कि इन सभी तत्वों के बीच स्थिरता एवं गतिशीलता, अधिकार एवं दायित्व का एक नया, स्पष्ट और संतुलित समीकरण स्थापित किया जाए, तभी हमारा लोकतंत्र वास्तव में 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन' बन सकेगा और अपने सर्वोच्च आदर्शों को साकार कर पाएगा।**

**वीरेंद्र कुमार पालीवाल**

भारत का लोकतंत्र विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था मानी जाती है, जिसकी नींव 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन' के आदर्श पर टिकी है। किंतु स्वतंत्रता के सात दशक बाद, इसकी व्यावहारिक अभिव्यक्ति पर गहन मंथन का क्षण आ गया है। आज सबसे मूलभूत प्रश्न यह उभर रहा है- यदि शासन वास्तव में जनता का है, तो फिर 'शासक' और 'नौकर' की पारंपरिक अवधारणाएँ किस आधार पर खड़ी हैं ? क्या लोकतंत्र की संरचना के बारे में हमारी समझ अपर्याप्त या अधूरी तो नहीं रह गई है ? यह आज चिंतन का अहम विषय होना चाहिये।

मूलभूत प्रश्न यह है कि 'मालिक' कौन है? और 'नौकर' कौन है ? यथाशीघ्र इसका भ्रम दूर किए जाने की आवश्यकता है।

लोकतंत्र में कार्यपालिका का प्राथमिक दायित्व है कि वह विधायिका द्वारा निर्मित जनहितकारी कानूनों एवं नीतियों को निष्पक्ष, समयबद्ध और भ्रष्टाचार-मुक्त ढंग से लागू करने में प्रभावी रूप से काम करे। इसका उद्देश्य एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण करना है जहाँ प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और गौरवान्वित अनुभव करे। परंतु वास्तविकता अक्सर इस आदर्श से भिन्न दिखाई देती है। क्या कार्यपालिका, जिसे 'सेवक' की भूमिका निभानी चाहिए, व्यवहार में 'स्वामी' बन बैठी है ? और क्या जनता, जो वास्तविक 'मालिक' है, भ्रमित होकर अपनी इस हैसियत को भूल गई है ? बस यह विसंगति ही हमारे लोकतांत्रिक ढाँचे की सबसे गहरी चुनौती बनकर उभरी है।

'स्तंभ' की अवधारणाः एक अपूर्ण रूपक- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया - इन चारों को लोकतंत्र का स्तंभ कहा जाता रहा है। 'स्तंभ' शब्द स्थिरता, दृढ़ता और अपरिवर्तनीय आधार का बोध कराता है। किंतु क्या यह रूपक आज के गतिशील लोकतंत्र के लिए पर्याप्त है ? नहीं कदापि नहीं , आज के दौर में यह अवधारणा किसी भी दृष्टि से सत्य प्रतीत नहीं होती।

विधायिका एवं कार्यपालिका मूलतः गतिशील संस्थाएँ हैं। इनका कर्तव्य जनता के द्वार तक पहुँचना, उनकी आवश्यकताओं को समझना और सेवाओं को उनके घर तक पहुँचाना है। ये लोकतंत्र रूपी रथ के 'पहिए' हैं, जो निरंतर गति में रहकर ही उसे गंतव्य तक ले जा सकते हैं।

न्यायपालिका, जो नागरिक का अंतिम आश्रय-स्थल है, भी पूर्णतः स्वायत्त एवं स्थिर नहीं है। उसे अपने निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए अंततः कार्यपालिका तंत्र पर ही निर्भर रहना पड़ता है। कई बार माननीय उच्चतम न्यायालय इस विषय पर गंभीरता पूर्वक अपनी बेबसी भी अभिव्यक्त कर चुका है। हकीकत में जनता ही वह वास्तविक एवं दृढ़ 'स्तंभ' है, जो इस पूरी व्यवस्था का आधार और अंतिम लक्ष्य दोनों है, और इस सार्वभौमिक सत्य को हम सभी को खुले तौर स्वीकार करना चाहिए।




इस प्रकार, लोकतंत्र की छवि कुछ स्थिर स्तंभों और कुछ गतिशील पहियों की मिली-जुली संरचना की बनती है, जहाँ भूमिकाओं का स्पष्ट विभाजन धुंधला पड़ गया प्रतीत हो रहा है।

मीडियाः लोकतंत्र का गतिशील सेतु- इस संपूर्ण ढाँचे में मीडिया की भूमिका हमेशा से बिल्कुल ही अद्वितीय, महत्वपूर्ण, निर्णायक और सराहनीय रही है। शक्ति या संसाधनों से संपन्न न होते हुए भी, यह लोकतंत्र का सबसे तेजगामी पहिया है जो अपनी ख़ाली पड़ी थाली की जगह नागरिकों के भूखे पेट की चिंता करता है। यह कैरम-बोर्ड के स्ट्राइकर के समान ही, सूचना एवं विचारों को समाज के एक छोर से दूसरे छोर तक उनकी मंज़िल तक पहुँचाता है। यह सत्ता की नीतियों को जनता तक और जनता की आकांक्षाओं एवं पीड़ाओं को सत्ता तक ले जाता है, अक्सर औपचारिक संवाद प्रक्रिया से भी पहले। इसीलिए मीडिया पर निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का दायित्व सर्वाधिक रूप से अलिखित परंतु स्वतः स्थापित हो गया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि मीडिया अपनी इस पवित्र जिम्मेदारी को पूरे आत्मविश्वास के साथ नए सिरे से स्थापित करे और लोकतंत्र के जीवंत सेतु के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करे इस बात को स्वीकार करते हुए कि जनता का संपूर्ण व्यवस्थाओं पर विश्वास बनाए रखने में लोकतंत्र का तीव्र रूप से गतिशील एक मात्र मजबूत पहिया हमारा प्यारा विश्वसनीय मीडिया ही सक्षम है।

पुनर्परिभाषा की ओर- एक नए लोकतांत्रिक मॉडल का आह्वान- वर्तमान समय की चुनौतियाँ, भ्रष्टाचार, पारदर्शिता का अभाव, जवाबदेही की कमी और संस्थागत असंतुलन हमें स्पष्ट संकेत दे रही हैं कि लोकतंत्र की परंपरागत अवधारणा को पुनर्परिभाषित करने का समय आ गया है। मूल मंत्र यह होना चाहिए कि जब तक कार्यपालिका तंत्र को पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन के लिए प्रत्यक्ष रूप से जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक लोकतंत्र का आदर्श साकार नहीं हो सकेगा। आवश्यकता इस नए संतुलन की है, जहाँ प्रत्येक संस्था की भूमिका स्पष्ट हो, उसकी जवाबदेही तय हो, और जनता की गरिमा व अधिकार सर्वोपरि हों। लोकतंत्र को मजबूत करने का मार्ग इसके मूल ढाँचे में आवश्यक सुधार एवं संतुलन से ही गुजरेगा।

अंततः लोकतंत्र को केवल चार स्तंभों पर एक जगह टिकी व्यवस्था की जगह स्थिरता और गति के सामंजस्य के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है। निष्कर्षतः लोकतंत्र को केवल चार स्थिर स्तंभों वाली इमारत के रूप में देखना अपर्याप्त है। यह एकतो एक चार प्रहरियों वाली जीवंत प्रणाली है, जहाँ जनता आधार-स्तंभ है, न्यायपालिका का 'विधि एवं न्याय' मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, कार्यपालिका क्रियान्वयन की शक्ति है, और मीडिया गतिशील संवाद का माध्यम। नए युग की माँग है कि इन सभी तत्वों के बीच स्थिरता एवं गतिशीलता, अधिकार एवं दायित्व का एक नया, स्पष्ट और संतुलित समीकरण स्थापित किया जाए, तभी हमारा लोकतंत्र वास्तव में 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन' बन सकेगा और अपने सर्वोच्च आदर्शों को साकार कर पाएगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कोई गम्भीर समस्या दूर होने की सम्भावना बन रही है। आपके सामने नौकरी के अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका अत्यधिक सहयोग करेंगे।

**वृषभ**
अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। विवाहेतर सम्बन्धों से बचने का प्रयास करें। भावुकता के कारण लिये गये निर्णय आपको नुकसान पहुँचायेंगे।

**कर्क**
आपका मन अत्यन्त सन्तुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**
मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या**
नया रोजगार आरम्भ करने के योग बन रहे हैं। आज के काम को कल पर टालने से बचना चाहिये। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**तुला**
परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने सम्पर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक**
आज बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। बेरोजगार लोगों को नयी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में अड़चनें परेशान करेंगी। परिवार में कुछ गलतफहमियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिये। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे।

**मकर**
आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी भौतिक इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कुंभ**
पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम सम्बन्धों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**मीन**
रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### घर-घर में कंबल पहुंचाने का प्रयास : आचार्य श्री

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आज दिनांक 27 दिसंबर को शिव शक्ति मंदिर, हनुमान नगर, पटना में आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका प्रयास इस कपकपाती ठंड में हर घर में कंबल पहुंचे। इस अवसर पर विधायक संजय गुप्ता जी ने आचार्य श्री के प्रयास की सराहना की और कहा कि गरीबों में भगवान का वास होता है इस अवसर पर सैकड़ो लोगों ने कंबल लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, पूनम सिंह पूर्व पार्षद, राकेश कुमार सिन्हा, इंद्रजीत सिंह, राजीव रंजन इत्यादि लोग उपस्थित थे।



### बिजली चोर गिरोह को खदेड़ा, बाइक और तार बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ पुलिस ने गश्ती के दौरान पोल से बिजली तार काटने के दौरान अपराधियों को खदेड दिया। मौके पर बाइक, तार काटने का ब्लेड और बोरे में चोरी किया गया तार का बंडल बरामद किया गया है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने बाइक चालक एवं अज्ञात अपराधियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बेढ़ना गांव के पास रोड किनारे ऊपरी पुल के पास चार-पांच लोग बिजली पोल पर चढ़कर अल्मुनियम तार काट रहे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी की तो सभी अपराधी भाग निकले। खेत में तलाशी के दौरान सामान मिला। इस क्षेत्र में लगातार अपराधियों द्वारा बिजली तार काटने की घटनाएं हो रही है।

### मॉल के पास से बाइक चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन रोड में स्थित एक मॉल के सामने लगाई गई बाइक को अपराधियों ने चोरी कर लिया। इस बाबत बख्तियारपुर के चकदौलत गांव निवासी मिथिलेश पासवान ने शिकायत दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरबे निवासी अजय कुमार सिंह के खेत से अपराधियों ने सिंचाई के लिए लगाया गया पंपिंग सेट चोरी कर लिया।

### गोदाम से लाखों का एयर कंडीशनर चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के टाउनशिप एरिया में बनाए जा रहे ऑडिटोरियम के कार्य स्थल के गोदाम में रखे गये लाखों का एयर कंडीशनर सिस्टम चोरी कर लिया गया। हैरत की बात यह है कि पूरे एरिया में निजी और सीआईएसएफ की सुरक्षा व्यवस्था है। इसके बावजूद चोरी की वारदात हो गई। जानकारी के अनुसार ऑडिटोरियम में लगाने के लिए चार एयर कंडीशनर सिस्टम एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा डीएनबी इंडस्ट्रियल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया था।इसे कंपनी के कर्मचारियों ने ऑडिटोरियम के गोदाम में रख दिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक सिविल संदीप पटेल ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जिसके बाद अज्ञात अपराधियों पर केस करने का निर्देश दिया। इसके बाद कंपनी के उत्तर प्रदेश निवासी साइट इंजीनियर ओमवीर सिंह ने एनटीपीसी थाने में केस दर्ज कराया है। कंपनी का कहना है कि इसके पूर्व भी कई बार ऑडिटोरियम एरिया से चोरी हो चुकी है ।पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की है ।अंदेशा है कि कंपनी से जुड़े कामगार इस घटना में शामिल हो सकते हैं। बहरहाल घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

### बिजली का करंट लगने से किसान झुलसा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के खन्दा में बिजली का करंट लगने से किसान उमेश यादव 55 वर्ष झुलस गया। परिजनों ने उसे अनुमंडल अस्पताल में दाखिल कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं । परिजनों ने बताया कि खेत से पटवन कर वह घर लौट रहे थे। इसी दौरान घटना हुई।

### ग्रामीणों को भ्रमित कर रहा है डिस्प्ले बोर्ड

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के एकडंगा पल के पास की सड़क का निर्माण हाल के दिनों में बनकर तैयार हुआ है और यहां पर आगे के रास्ता बताने वाली डिस्प्ले लगाए गए हैं लेकिन इस पुल के पास से महज 4 किलोमीटर वाले सकसोहरा बाजार को 11 किलोमीटर बताया गया है वही 7 से 8 किलोमीटर वाले बेलछी प्रखंड की दूरी 31 किलोमीटर बताया गया है जो की बिल्कुल गलत है इलाके के ग्रामीणों का कहना है कि इससे अच्छा तो बिना बोर्ड लगाए ही लोगों को रास्ता पता है और भ्रमित करने वाला यह बोर्ड बाहरी लोगों को परेशान करने वाला है सरकार को इस बोर्ड में या तो सुधार करने की जरूरत है या तो फिर डिस्प्ले बोर्ड को यहां से हटा दिया जाए।

### ई-रिक्शा का पहिया खुलने से हादसा, तीन जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशन रोड से बसो बागी जाने वाली सड़क पर शुक्रवार की सुबह तेज गति से जा रहे एक ई रिक्शा का पहिया अचानक खुलकर गिर जाने के चलते तेज गति में जा रहे ई रिक्शा हादसा का शिकार हो गया। इस पर बैठे तीन से चार लोग जख्मी हो गए सभी को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं चालक का हाथ टूट जाने की बात सामने आ रही है हादसे में तीन लोगों को ठंड के मौसम में गंभीर चोटें लगी है। इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई ।

### ई रिक्शा चालक से मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के पास बेलगाम तरीके से ई रिक्शा प्रतिबंधित एरिया में लगा दिए गए थे तभी बैरियर वसूलने वाले और ई रिक्शा चालक में पैसे को लेकर कहा सुनी हुई जिसके बाद पैसे वसूलने वालों ने अपने दोस्तों के साथ ई रिक्शा चालक पर हमला बोल दिया और बुरी तरह से उसकी पिटाई कर दी। जिसमें ई-रिक्शा चालक किसी तरह भाग कर अपना जान बचाई स्थानीय लोगों ने बताया कि ई रिक्शा चालक अकबरपुर गांव का रहने वाला है और मारपीट करने वाले बैरियर व सुनने वाले लोग थे। मजे की बात है कि स्टेशन परिसर के पास दिनदहाड़े इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया और रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवान कहीं नजर नहीं आए।

### ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से महिला जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाजार समिति रोड के चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह शहरी गांव की तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल ट्रैक्टर चालक के लापरवाही के कारण हादसा ग्रस्त हो गया। मोटरसाइकिल पर सवार चालक और एक महिला जख्मी हो गई । महिला को माथे में गंभीर चोटे आई है जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला की पहचान 50 वर्षीय सुमित्रा देवी पति गोपाल सिंह सिरसी गांव निवासी के रूप में हुई है। महिला अपने मुखिया से मिलने के लिए बाढ़ आ रही थी तभी हादसा ग्रस्त हो गई। वहीं चालक भी जख्मी हो गया है। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पड़कर अस्पताल लाया जहां पर ट्रैक्टर चालक से इलाज करवाने के लिए खर्च की मांग की जा रही थी। ट्रैक्टर चालक नवादा पंचायत के लालाबागी गांव का रहने वाला है हालांकि मामले को लेकर पुलिस कहीं भी नजर नहीं आई।

### छात्रा से मोबाइल झपटमारी, बाइक सवार फरार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संत संध्या दास महिला महाविद्यालय की एक छात्रा महाविद्यालय से निकलकर गुलाब बाग स्टेशन रोड की ओर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश छात्रा के पास पहुंचे और उसका मोबाइल फोन झपट कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद छात्रा ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। मामले की सूचना बाढ़ थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुट गई है।

### छापेमारी कर तीन गिरफ्तार, 45 लीटर चुलाई बरामद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गौरीचक थाना पुलिस ने 45 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रेम कुमार, पिता रविनंदन माँझी, शंकर कुमार, पिता रविनंदन माँझी तथा सुमित्री देवी, पति बिंदी माँझी के रूप में की गई है. तीनों सपहुआ गांव, थाना गौरीचक, जिला पटना के निवासी बताए जा रहे हैं. गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से शराब बरामद कर सभी आरोपियों को विधिवत हिरासत में लिया.



# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती पखवाड़ा आयोजित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पखवाडा के तहत शनिवार को गोलापर स्थित डीएवी स्कूल परिसर में मध्यानंद अनाथालय के बच्चों के बीच कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने फल व कंबल का वितरण कर सेवा और समर्पण का संदेश दिया.कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री श्री यादव ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. श्री यादव ने सामाजिक सरोकार दिखाते हुए अनाथालय के बच्चों और असहाय के बीच फल लव कंबल का वितरण किया . श्री यादव ने अटल जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है.वाजपेयी जी ने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण को समर्पित किया. उनके नेतृत्व में भारत ने परमाणु शक्ति के क्षेत्र में विश्व पटल पर अपना गौरव बढ़ाया, जिसे देश कभी नहीं भुला सकता. मौके पर जदयू महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह , भाजपा नेता अखिलेश कुमार , सुरेंद्र चौरसिया, रिंकी वालिया, शशि कुमार , विजय भोटी, गौरी शंकर प्रसाद , आशा देवी, रश्मि रानी, स्पीडी ट्रायल के इंचार्ज जय प्रकाश सिंह , बलदेव मेहता, रणधीर यादव , संजय कुमार सिंह , उदय सिंह, विनय मेहता , नंदू, बीरेंद्र कुमार, सुरेद्र कुमार सिन्हा, स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार व अनाथालय के इंचार्ज जगनाथ प्रसाद समेत कार्यकर्ता मौजूद थे.



## कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने हांडी साहिब गुरूद्वारा में टेका मत्था

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खालसा पंथ के संस्थापक गुरू श्री गोविंद सिंह जी महाराज के 359 वें प्रकाश पर्व को लेकर शनिवार को कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने हाडी साहिब गुरूद्वारा के दरबार में मत्था टेका. इस मौके पर ग्रंथी सतलोक सिंह, ज्योति स्वरूप, मोहन सिंह व शक्ति सिंह ने मंत्री रामकृपाल यादव को सिरोपा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया. श्री यादव ने मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की.मंत्री यादव ने गुरुद्वारा में चल रहे अखंड भजन-कीर्तन में शामिल हुए. उन्होंने सिख श्रद्धालुओं से मिलकर उन्हें प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं भी दी. मंत्री श्री यादव ने इस दौरान गुरू घर का लंगर भी चखा. साथ ही सेवदार की तरह बर्तन भी साफ किया. इनके साथ भाजपा नेता अखिलेश कुमार , विजय भोटी, गुंजन जयसवाल, नंदू समेत आदि लोग मौजूद रहे. ग्रंथी सतलोक सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा के स्थानीय संगत ज्योति स्वरूप, मोहन सिंह, शक्ति सिंह और शाहशाह के सहयोग से प्रकाश पर्व पर विशेष उत्सव किया जाएगा.अरदास, अखंड पाठ के समाप्ति के बाद दो घंटे तक कीर्तन प्रवाह किया गया. देर रात्रि में केक काटा गया और श्रद्धालुओं के बीच बांटा जाएगा. गुरुद्वारा को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था. वहीं लुधियाना से आये शाहशाह बाबा अपने सेवदारों के साथ हांडी साहिब गुरुद्वारा में लंगर चला रहे है. उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा में दर्शन करने आये देश-विदेशों के श्रद्धालुओं लंगर में खिलाया जाता है.



## दानापुर में अनाथालय के बच्चों व असहायों के बीच कंबल वितरण

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रदेश जायसवाल महासभा, महिला महासभा व युवा महासभा शनिवार को सामाजिक सरोकार की एक अनूठी पहल की गयी. कड़ाके की ठंड को देखते हुए मध्यानंद अनाथालय के बच्चों व गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया. शनिचरा स्थान गरीब, असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया है. इस अवसर पर प्रदेश युवा महासचिव प्रमोद कुमार जायसवाल ने कहा कि समाज के वंचित व निर्धन व असहाय वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है. उन्होंने अनाथ बच्चों को स्नेहपूर्वक कंबल प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. श्री जयसवाल ने कहा कि हमारी संस्थान द्वारा ऐसे ही समाज के कल्याण के लिए कार्य किया करते हैं. इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों कंबज का वितरण किया गया .मौके पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि जयसवाल महासचिव शभू जायसवाल, कोषाध्यक्ष अरुण चौधरी, संरक्षक राजकुमार जायसवाल, दीपक जयसवाल, अध्यक्ष विजय जयसवाल, रणधीर जायसवाल, ओमकारनाथ जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अमर जयसवाल व सुनील जायसवाल मौजूद थे.



## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है : डॉ सियाराम सिंह

### माउंट लिट्रा जी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माउंट लिट्रा जी स्कूल बाढ़ में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक, खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे स्थानीय विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने स्कूल प्रबंधन की मुक्त कंठ से भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि न सिर्फ वर्तमान दौर के अनुरूप पढ़ाई-लिखाई में बल्कि खेल, साहित्य और कला-संस्कृति के क्षेत्र में इसके छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर पर परचम लहराकर बाढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने खेल को सफल जीवन का मेरुदंड बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। समारोह का संयोजन करते हुए माउंट लिट्रा जी स्कूल के चेयरमैन कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि खेल से शरीर और दिमाग, दोनों का विकास होता है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल,खो खो, फुटबॉल, व एथलेटिक्स सहित अन्य महत्वपूर्ण खेलों का बच्चे दक्ष कोच के नेतृत्व में अभ्यास करते हुए नवीन इबारत लिख रहे हैं। विशिष्ट अतिथि बाढ़ एसडीपीओ-1 आनंद कुमार सिंह ने खेल-कूद को जीवन का महत्वपूर्ण पहलू करार देते हुए कहा कि मजबूत मांसपेशियां ही आत्मबल को जगाकर देश हित में बड़े निर्णय लेने का हौसला देते हैं। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए सीआइएसएफ के कमांडेंट संतोष पासवान ने कहा कि बुलंदी पर पहुंचने में शारीरिक शिक्षा और परीक्षा निर्णायक किरदार निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ग में संचालित विषयों में बढ़िया अंक आने के साथ सेहतमंद बदन भी जरूरी है। उप कमांडेंट मयंक भाटे ने कहा कि खेल-कूद विपरीत हालात से लड़ ने का जज्बा जगाते हैं। इस अवसर पर योग-प्राणायाम, जिम्नास्टिक, फायर रिंग सहित अनेक खेल प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य संघमित्रा दास ने किया। अध्यक्षता जी लर्न पटना जोन की सीनियर एकेडमिक मैनेजर जेबा तस्लीम ने की। मौके पर खेल प्रशिक्षक सुमन हलदर, बबली राय, अजमल हक, धर्मवीर सिंह ,अनुज कुमार, आकाश कुमार, तपन सिंह, सदानंद, उद्घोषक श्रुति श्रेया,किरण कीर्ति,संगीता झा समाजसेवी हेमन्त कुमार का सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।



## पटना में ठंड का सितम और बढ़ेगा, अगले 24 घंटे में और गिरेगा पारा

### कोहरा-शीतलहर से जनजीवन बेहाल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में ठंड का असर लगातार तीखा होता जा रहा है और फिलहाल लोगों को राहत के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं. शनिवार को बर्फीली पछुआ हवाओं ने कनकनी और बढ़ा दी, वहीं घने कोहरे ने सुबह से ही आम जनजीवन की रफ्तार थाम दी. मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के सभी 38 जिलों के लिए कोल्ड डे और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ठंडी पछुआ हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. राज्य के कम से कम आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे पहुंच चुका है. पटना में इस मौसम में पहली बार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया, जबकि बीते 24 घंटे के दौरान राजधानी में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रही. शनिवार की सुबह पटना में हालात ऐसे रहे कि घने कोहरे के कारण सुबह 9 बजे तक 100 मीटर से आगे कुछ भी साफ नजर नहीं आ रहा था. सड़कों पर आवाजाही बेहद धीमी रही और लोग ठंड से बचने के लिए अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे. तेज पछुआ हवा के चलते दिन में भी ठिठुरन बनी रही और धूप का असर लगभग बेअसर साबित हुआ. मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले 24 घंटों में तापमान में और गिरावट आ सकती है. अगले चार से पांच दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है. उत्तर, उत्तर-मध्य और दक्षिण-पूर्व बिहार के कई हिस्सों में लगातार कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रह सकती है, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा. विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने, पूरी तरह गर्म कपड़े पहनने और बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है. मौजूदा हालात में ठंड से बचाव ही सबसे बड़ा सहारा माना जा रहा है, क्योंकि आने वाले दिनों में भी पटना और बिहार के लोगों को ठिठुरन से राहत मिलती नहीं दिख रही है.



### 80 लाख के लेनदेन विवाद में चली गोली

## मौर्य विहार कांड का मुख्य आरोपी लवकुश शर्मा गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ के मौर्य विहार इलाके में 80 लाख रुपये के लेनदेन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. इस कांड का मुख्य आरोपी लवकुश शर्मा ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 31 अगस्त को फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में पैसे के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई थी. इस दौरान सूर्यकांत को गोली लग गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. घायल को इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था. घटना के बाद फुलवारी शरीफ थाना में मामला दर्ज किया गया था. पुलिस लगातार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी. इस कांड में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी लवकुश शर्मा फरार चल रहा था. पुलिस के लगातार दबाव और संभावित गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए लवकुश शर्मा ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया. सिटी एसपी पश्चिम ने बताया कि लवकुश शर्मा पर फुलवारी शरीफ, जानीपुर और नौबतपुर थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ के बाद इस घटना में शामिल अन्य पहलुओं और साजिश की कड़ियों का भी खुलासा होने की उम्मीद है. पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## कृषि मंत्री ने नप के ईओ को चौके-चौराहे पर अलाव जलाने का दिया निर्देश

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले दिनों से पड़ी रही हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने लोगों की मुश्किले बढ़ा दी है. जिसको देखते हुए कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने नप के ईओ को सख्त निर्देश दिया है कि सरकार व जिला प्रशासन का निर्देश है कि नगर के चौके-चौराहे पर अलाव जलाया जायेगा. श्री यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों का शिकायत है कि नगर परिषद व अंचल प्रशासन द्वारा कडाके ठंड में नगर के चौके-चौराहे पर अलाव नही जलाया जा रहा है. खासकर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जहां मरीज व उनके परिजनों रात में रहते है. इसके बावजूद भी अलाव नही जलाया जाा रहा है.

## बेऊर इलाके में बढ़ती चोरी पर पुलिस का शिकंजा, गृहभेदन कांड का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेऊर थाना क्षेत्र में लगातार गृहभेदन और चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिस पर पुलिस की विशेष नजर थी. इसी क्रम में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) ने बताया कि 13 मार्च 2025 को बेऊर थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी में एक निमार्णाधीन मकान से बिजली का तार और मोटर की चोरी हुई थी. इस संबंध में बेऊर थाना कांड संख्या 140/25, दिनांक 13.03.2025, धारा 303(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें अभियुक्त राहुल कुमार फरार चल रहा था. लगातार छापामारी के बावजूद गिरफ्तारी नहीं हो पाने पर पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर जांच तेज की. इसी क्रम में 26 दिसंबर 2025 को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने चित्तकोहरा पुल के पास से वांछित अभियुक्त राहुल कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता स्वर्गीय चन्द्रशेखर पासवान, निवासी चित्तकोहरा, थाना गर्दनीबाग, जिला पटना को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की पूछताछ में राहुल कुमार की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदार कर्फ्यू साव, उम्र 50 वर्ष, पिता स्वर्गीय हीरा साव, निवासी चित्तकोहरा, थाना गर्दनीबाग, जिला पटना को भी गिरफ्तार किया गया. दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है.

## बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर कोहरे का कहर, मवेशी लदी पिकअप पलटी

### पिता-पुत्र की मौत, गाय-भैंस भी नहीं बचीं

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार की अहले सुबह बिहटा-सरमेरा फोरलेन एक बार फिर मौत का गवाह बना. पचरुखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदनपुर गांव के पास, ओवरब्रिज के पूरब स्थित मशरूम फैक्ट्री के नजदीक मवेशी लदी एक पिकअप वैन तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई. टक्कर के बाद पिकअप असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे मौके पर ही कोहराम मच गया. इस भीषण हादसे में पशु व्यवसाय से जुड़े हरगौरी यादव (55 वर्ष) और उनके पुत्र वीरबल यादव (20 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक पिता-पुत्र देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के पुरनीसिधो गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, जो दुधारू पशुओं को लेकर यात्रा पर निकले थे. दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप में लदी एक गाय और एक भैंस की भी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गाय और एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए. सड़क पर बिखरे मवेशी और क्षतिग्रस्त वाहन को देख लोगों की भीड़ जुट गई. हादसे में पिकअप चालक कन्हैया कुमार (22 वर्ष) और मदन कुमार (38 वर्ष) भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों घायलों को नजदीकी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वैन बक्सर से दुधारू पशुओं को लेकर देवघर की ओर जा रही थी. सुबह के समय घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी. इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला. सूचना मिलते ही पचरुखिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया. पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर फोरलेन पर यातायात बहाल कराया. घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी गई है, जिसके बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है. पुलिस का कहना है कि फरार अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है. मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है. इधर, स्थानीय लोगों ने बिहटाझसरमेरा फोरलेन पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताते हुए तेज रफ्तार वाहनों और भारी गाड़ियों की अनियंत्रित आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह सड़क यूं ही लोगों की जान लेती रहेगी.



## तार-मोटर चोरी का खुलासा, वांछित चोर और कबाड़ी गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेऊर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए तार और मोटर चोरी मामले का खुलासा किया है. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) ने बताया कि 13 मार्च 2025 को महावीर कॉलोनी स्थित एक निमार्णाधीन मकान से बिजली का तार और मोटर चोरी हुई थी, जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी. गुप्त सूचना के आधार पर 26 दिसंबर 2025 को पुलिस ने चित्तकोहरा पुल के पास से वांछित अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदार कर्फ्यू साव को भी हिरासत में लिया गया. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### छापेमारी में शराब बरामद,कारोबारी गिरफ्तार

**कोटवा(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में चलाए गए शराब के विरूद्ध अभियान के तहत शुक्रवार के मध्य रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर जागीर कररिया मर्द हटिया बाजार के समीप छापेमारी कर शराब बरामद किया । वही शराब तस्कर किरण यादव को गिरफ्तार किया। बतादे कि



अभियुक्त के घर जागिर कररिया स्थित अभियुक्त किरण यादव के घर के पास बनी फुस की झोपड़ी की तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान एक बोरा में छिपाकर रखे गए अंग्रेजी शराब में ऑफिसर्स चॉयस के 50 फ्रूटी बरामद किया गया ।बरामद शराब 180 एमएल के पैक में रखा गया था जिसकी मात्रा 9 लीटर बताया गया है।जाँच क्रम में यह ज्ञात हुआ कि अभियुक्त किरण यादव के विरुद्ध पूर्व से ही शराब से संबंधित दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में थानाध्यक्ष कारण सिंह ने बताया कि मध्य निषेध के तहत प्राथमिक की दर्ज कर शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### लाखों की पानी टंकी शो-पीस बन कर रह गई

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली के अभाव में बनकटवा गांव में बना प्याऊ महीनों से बन्द है ।जून जुलाई में जब पानी लेबल डाउन हो चूका था ।गांव की अधिकांश चापाकल पानी देना बन्द कर दिया था तब पंचायत द्वारा घनी आबादी वाले मुहल्ले



में प्याऊ लगाया गया ।उस समय ग्रामीण प्याऊ लगने से बड़ा खुश थे कारण उन्हें 300 फिट गहरे पानी को रिफाइन कर स्वच्छ जल पीने को मिलने वाला था ।लेकिन महीनों बीतने के बाद भी प्याऊ बन्द होने से वे अब निराश है ।प्याऊ बनाने में 4 लाख से ज्यादा की राशि खर्च है ।बावजूद प्याऊ शोभा की वस्तु बनकर खड़ी है वार्ड सदस्य अजय कुमार ने बताया कि प्याऊ से रिफाइन पानी निकलेगा साथ हीं जाड़े के दिनों में गर्म और नॉर्मल पानी भी निकलेगा ।फिर गर्मी में ठण्डा पानी, लेकिन पंचायत का काम है बिजली का कनेक्शन लेना और प्याऊ को चालू करना ।इस सम्बन्ध में कनीय अभियंता शहनाबाज ने बताया कि शीघ्र बिजली कनेक्शन लेकर उसे चालू किया जायेगा।

### सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा द्वारा वृद्धजन आश्रम में कम्बल का किया गया वितरण

**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत वृद्धजन आश्रय स्थल में वृद्ध जनों के बीच कंबल का वितरण सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा



कंबल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही सभी नगर निकाय द्वारा भी निर्धन , अपंगो इत्यादि के बीच कम्बल वितरित किया जा रहा है।

### चाकूबाजी मामले में एफआईआर दर्ज

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना क्षेत्र के बेलागोला हरिनगर में आपसी विवाद में चाकूबाजी मामले में अशोक राउत के बेतिया पुलिस के समक्ष दिए गए बयान के आलोक में एफआईआर दर्ज हुई है। इस फर्दब्यान में बताया है कि वह मछली बेचने का कार्य करता है। बीते 24 दिसंबर को डैनमरवा में मछली बेचने के क्रम में सूचना मिली कि मेरे परिजन के साथ झगड़ा हो रहा। आने के क्रम में सामुदायिक भवन के पास एक राय होकर लालू डोम, बिट्टू डोम, साधू डोम व राहुल डोम समेत अन्य 3 लोग घेरकर गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट व चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया है। पॉकेट से 18 हजार रुपए निकाल लिए गए। आरोपी पल्सर बाईक छोड़कर भाग गए। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दिए गए है।

### धोखाधड़ी करने के मामले में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धोखाधड़ी एवं विश्वासघात करने का ससूराल वालों पर आरोप लगाते हुए कोर्ट परिवाद दायर कर एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुररूषोतमपूर धाना के भडभडवा के जूनैद आलम ने आवेदन में उल्लेख किया है 25 नवंबर 2017 में बलथर जाना के शेखवा टोला के शेख बरकात की बेटी शहाबून नेशा से हूई। शादी के बाद हम दोनों में विवाद उत्पन्न हुआ और वह अपने मायका चली गई।उसके बाद उसने दहेज और खर्चा का मुकदमा किया। इधर जूनैद आलम ने विदाई का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पंचायत कर दोनो पक्षों को सुलह समझौता करने की बात कही गई। जूनैद आलम ने आवेदन में बताया कि समझौता के बाद गिफ्ट मे दिए गए सभी सामान वापस कर दिया। इसके बाद भी सुलह समझौता नही होने पर जूनैद आलम ने पत्नी शहाबून नेशा पिता शेख बराकात, अफताब आलम व महताब आलम पर धोखाधडी व विश्वासघात करने के आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मैनाटांड़ में दो उर्वरक संचालकों के लाइसेंस निलंबित

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज असगर ने मैनाटांड के सीमा क्षेत्र के खाद विक्रेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना पर कृषि विभाग की टीम ने प्रखंड के दो अलग-अलग उर्वरक दुकानों पर छापेमारी की, जहां गड़बड़ियां सामने आई। पहली कार्रवाई धोडपकडी स्थित किसान खाद भंडार खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रोपराइटर निजामुद्दीन अंसारी के दुकान पर की गयी। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में स्टॉक रजिस्टर और उपलब्ध मात्रा में स्पष्ट अंतर, मूल्य तालिका एवं बैनर नहीं पाया गया, एवं जांच के दौरान सहयोग नहीं करना आदि त्रुटि पाई गई है। दूसरी ओर भंगहा थाना के रामपुर पंचायत के बेहरी के शरीक इंटरप्राइजेज खुदरा उर्वरक विक्रेता खाद भंडार पर भी अनियमित पाई गई। बीएओ ने बताया कि उक्त दोनों दुकान की अनुज्ञप्ति निलंबित कर विक्रय पर रोक लगा दी गयी।

# छपरा के लाल विकल्प ने अमेरिका में फहराया मेधा का परचम

## विकल्प पाराशर ने एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी से आईटी सिक्योरिटी में हासिल की मास्टर डिग्री

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा शहर के होनहार युवा विकल्प पाराशर ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे सारण जिले को गौरवान्वित किया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी विकल्प पाराशर ने अमेरिका की प्रतिष्ठित एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। यह उपलब्धि उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और सतत अध्ययन के बल पर हासिल की है। मास्टर डिग्री की यह उपाधि उन्हें एरिजोना के टेम्पे स्थित



डेजर्ट फाइनेंशियल एरिना में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई। इस ऐतिहासिक व भावुक क्षण के साक्षी बनने के लिए छपरा शहर से उनके माता-पिता व भाई विनम्र पाराशर भी अमेरिका पहुंचे थें। दीक्षांत समारोह के दौरान जब विकल्प पाराशर को डिग्री प्रदान की गई, तो यह क्षण न केवल परिवार बल्कि सारण के लिए भी गर्व से भर देने वाला रहा। विकल्प पाराशर छपरा शहर के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. पांडेय एवं सीमा पांडेय के सुपुत्र हैं। विकल्प की इस अंतरराष्ट्रीय सफलता पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। डॉ यूके पाठक, ममता पुतुल, डॉ एके त्रिपाठी, डॉ नवीन द्विवेदी, अनिता द्विवेदी, उत्कर्ष, सौम्या आदि ने विकल्प की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानते हुए बताया कि मेहनत और लगन से वैश्विक मंच पर भी सफलता हासिल की जा सकती है। वहीं विकल्प पाराशर ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कठिन परिस्थितियों में भी उनका हौसला बढ़ाया। दीक्षांत समारोह में शामिल होने अमेरिका गए विकल्प के माता-पिता ने भावुक होकर कहा कि बेटे ने न सिर्फ अपने घर-परिवार का, बल्कि सारण जिले का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विकल्प भविष्य में अपने ज्ञान व अनुभव से समाज व देश के लिए भी योगदान देगा।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के सागर पोखरा में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। मृतक की पहचान नगर के पिजवा निवासी शमशुल मियां के पुत्र शहद अली (25) के रूप में की गई है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। देर रात सागर पोखरा से शव बरामद किया गया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस शव स्वजनों के हवाले कर दी है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक सागर पोखरा में डूब गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल खोजबीन शुरू कर दी गई।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

## कोलकाता से घर लौटते समय हुआ हादसा

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्टेशन से गाड़ी खुलने के कुछ ही देर बाद चलती ट्रेन से गिरकर 17 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। वह कोलकाता से कमाकर घर लौट रहा था। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के खोड़ा गांव निवासी जुगुल राय के पुत्र शैलेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि वह शुक्रवार को विशाखापत्तनम से मुजफ्फरपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से घर आ रहा था। इसी दौरान हावड़ा स्टेशन के समीप हुगली जिले में स्थित कमरकुंडी रेलवे जंक्शन के पास चलती ट्रेन से गिर गया। युवक को गिरते देख



मृतक का फाइल फोटो

सहयात्रियों ने ट्रेन को रोकने के लिए चेन पुलिंग की। लेकिन तब तक गाड़ी लगभग दस किलोमीटर आगे बढ़ चुकी थी। इस बीच कमरकुंडी रेलवे स्टेशन की जीआरपी को लोगो द्वारा घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक की जेब से मोबाइल निकालकर स्वजनों को इसकी सूचना दी। स्वजनों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि युवक चलती ट्रेन में गेट के समीप लगी बेसिन में हाथ मुंह धोने गया, इसी दौरान वह गिर गया होगा। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन कमरकुंडी स्टेशन पहुंच चुके है। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार को परिजनों को सौंप दिया है। शव देर रात तक एम्बुलेंस से गांव पहुंचने की संभावना जताई गई है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, युवक इसी वर्ष छठ पूजा के बाद मजदूरी करने कोलकाता गया था। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। खोड़ा पंचायत के मुखिया सुमंत कुमार तथा उनके छोटे भाई सुभाष कुमार ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी एवं उन्होंने रेल प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### पिकअप व बाइक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर






**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-छित्रवलिया सड़क पर हरपुर गांव के समीप शुक्रवार की शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा पिक-अप वैन व बाइक की आमने-सामने टक्कर से हुआ। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ गुंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है। मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के बढ़ेया गांव निवासी बृज किशोर महतो के पुत्र सचिन कुमार महतो (22) के रूप में की गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक उसके चचेरे भाई बलिराम महतो का पुत्र पंकज कुमार महतो (27) बताया गया है। परिजनों ने बताया कि सचिन दिल्ली में रहकर काम करता था। शनिवार को आयोजित होने वाले अपने दादाजी के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए वह अपने घर आया था। ग्रामीणों के अनुसार पंकज की पत्नी एकमा स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती थी। दोनों युवक उसे देखकर पल्सर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया व गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## आपसी विवाद में युवक को चाकू मारकर घायल किया

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के माधोपुर कोरैया टोला में दो युवकों के बीच हुए विवाद में एक युवक को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया है। जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए चिरैया सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए सीएचसी के डॉक्टर ने मोतिहारी रेफर कर दिया है। जहां एक निजी नर्सिंग होम में उसका



इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान उक्त गांव निवासी विश्वनाथ बैठा के पुत्र 22 वर्षीय सुबोध कुमार के रूप में हुई है। जिसे शरीर में कई जगहों पर चाकू लगी है। चाकू मारने का आरोप चूल्हाई महतो के पुत्र ध्रुव कुमार(20) पर लग रहा है। घटना की खबर मिलते ही चिरैया पुलिस वहां पहुंच कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जिससे आवश्यक पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आवेदन पत्र नही देने के कारण घटना के स्पष्ट कारणों का पता नही चल पाया है। लेकिन ग्रामीणों के बीच यह चर्चा आम है कि ये लोग देर शाम घटना स्थल के समीप गांजा पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों युवकों के बीच तीखी बहस हो गई। परिणाम स्वरूप आरोपी द्वारा घटना को अंजाम दे दिया गया। घटना के बाद से दोनों के परिजनों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि आरोपी फरार है, वहीं उसके घर से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। फिलहाल पीड़ित युवक के परिजनों की ओर से आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### सिलेंडर ब्लास्ट, दो युवक गंभीर रूप से झुलसे

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रकाश नगर में छोटे सिलेंडर ब्लास्ट में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना शुक्रवार की सुबह की है। घटना के बाद आसपास में अफरातफरी मच गई। घायलों की पहचान वार्ड संख्या 12 निवासी विक्की कुमार और साहिल कुमार के रूप में की गई है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कड़ाके की ठंड से बचने के लिए दोनों भाई छोटे गैस सिलेंडर के सहारे आग ताप रहे थे।

## छपरा में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप, रेलवे लाइन किनारे शव मिलने से सनसनी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा में एक युवती की दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या कर शव को रेलवे लाइन किनारे फेंक दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिससे पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मृतका भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक निजी नर्सिंग होम में नर्स के रूप में कार्यरत



थी, जबकि उसका शव छपरा जंक्शन के समीप राजकीय रेल थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास बरामद किया गया। मृत युवती के पिता एकमा थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव निवासी जीतेन्द्र राय ने बताया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी भरत मिलाप चौक के समीप स्थित श्रेया इमरजेंसी हॉस्पिटल में एएनएम नर्स के पद पर कार्यरत थी। 26 दिसंबर की अहले सुबह उनका शव रेलवे ट्रैक किनारे मिलने की सूचना मिली। इससे पूर्व नर्सिंग होम संचालक द्वारा फोन कर यह जानकारी दी गई थी कि अंजली अस्पताल में मौजूद नहीं है। परिजनों के अनुसार 25 दिसंबर की रात नर्सिंग होम में कार्यरत दो कर्मियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से युवती के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या या हादसे का प्रतीत हो। मृतका के पिता ने जीआरपी थाने में लिखित आवेदन देकर नर्सिंग होम संचालक सहित दो अन्य कर्मियों पर दुष्कर्म एवं हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शव की हालत और शरीर पर मौजूद गहरे जख्म इस बात की पुष्टि करते हैं कि युवती के साथ अत्याचार किया गया है। इस घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। गांव में मातम पसरा हुआ है और लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### मोंटेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप उद्घाटन मैच में मेजबान रामबाग की टीम ने छितनावां को हराया

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को सुअरमरवा पंचायत के रामबाद स्थित संत गगन बाबा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में बिहार मोंटेक्स



बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 के प्रथम मैच में मेजबान रामबाद की टीम ने छितनावा को 5 विकेट से हराया। रामबाद 11 ने टॉस जीतने के बाद छितनावा 11 को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मगर रामबाद टीम के गेंदबाजों के सधी बॉल के सामने छितनावा 11 की टीम अपने तीन विकेट जल्दी जल्दी गंवा बैठी। कूल 12 ओवर में छितनावा 11 की टीम 111 रन बना पायी। जवाब में उत्तरी रामबाद की टीम ने लक्ष्य का पीछा तो जरूर किया। लेकिन अंत में काफी संघर्ष पूर्ण रोमांचक माहौल में 5 विकेट से जीत हासिल की। रामबाद की टीम अंतिम चार बॉल में चार रन जुटाने में काफी संघर्ष की। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया उमाशंकर सिंह उर्फ सिपाही सिंह ने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## हीरा डोम की रचना गायन पर डोम अधिकार मोर्चा ने किया लोकगायक गोप को सम्मानित

### 1914 ई में महावीर प्रसाद द्विवेदी संपादित सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित हुई थी हीरा डोम की रचना

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चर्चित हीरा डोम की रचना गायन के लिए सारण जिले के लोकगायक सह शिक्षक रामेश्वर गोप को सम्मानित किया गया है।भारतीय डोम अधिकार मोर्चा पटना के अध्यक्ष अनिल मल्लिक, ललन बांसफोर, मनोज राम ने गायक गोप के गांव एकमा प्रखंड के माधोपुर में पहुंच शाल व बाबा साहब के तैल चित्र देकर सम्मानित किया।मोर्चा के युवा अध्यक्ष अनिल ने कहा कि उनके समाज के बहुत से लोगों को यह नहीं मालुम था



कि हीरा डोम कौन थे।पर सोशल मीडिया पर हीरा डोम की रचना गायन वायरल होने पर उनका समाज काफी प्रभावित हुआ और उनके नाम पर बांसफोर समुदाय के सामाजिक व शैक्षणिक विकास के उत्थान के लिए संस्था भी खोला है।मोर्चा के सदस्यों ने यूपी के बलिया निवासी प्राध्यापक डा अमित भूषण दूबे के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की जिनकी बदौलत हीरा डोम के गीत पर आधारित एल्बम निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।मालूम हो कि महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्पादित सरस्वती पत्रिका में 1914 में प्रकाशित हीरा डोम की रचना 'हमनी के रात-दिन दुखवा भोगता बानी हमनी के साहब से मिलती सुनाइबि' का स्वर देकर लोकगायक रामेश्वर गोप ने सोशल मीडिया पर डाला था जो काफी वायरल हुआ था।ग्रामीण परिवेश में इस गीत के फिल्मांकन को काफी लोगों ने पसंद की थी।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए हॉकरों व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**छपरा (सारण)।** कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए युवा क्रांति रोटी बैंक की ओर से शहर के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंदों, विशेषकर सड़क किनारे जीवनयापन करने वाले हॉकरों के बीच कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। यह मानवीय पहल बीते 20 दिनों से लगातार जारी है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल रही है।

## नेपाली तेल टैंकर से कटिंग कर नकली डीजल-पेट्रोल का धंधा उजागर, तीन लोग गिरफ्तार

**रक्सौल/रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नकली तेल के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मझरिया गांव में छापेमारी कर पुलिस ने मिलावटी डीजलझपेट्रोल बनाने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात को गुप्त सूचना मिली थी कि मझरिया गांव के पास बड़े पैमाने पर अवैध रूप से तेल का कारोबार संचालित किया जा रहा है। सूचना के



सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर रामगढ़वा थाना, पलनवा थाना, रक्सौल थाना सहित मोतिहारी से विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने संयुक्त रूप से गांव में छापेमारी शुरू की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दर्जनों ड्रम में भरा तेल, तेल निकालने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पाइप, तेल भरने वाले जार तथा नकली तेल तैयार करने में प्रयुक्त केमिकल्स जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह सिंडिकेट नेपाली तेल टैंकरों से अवैध रूप से तेल की कटिंग करता था और केमिकल्स मिलाकर नकली डीजल एवं पेट्रोल तैयार करता था। इसके बाद इसे पेट्रोल पंपों पर सस्ते दामों में खपाया जाता था। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ के आधार पर अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शाम तक गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ सकती है। मामले में आगे की जांच जारी है और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### फ्लिपकार्ट गोदाम से 2.36 लाख रुपये की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** तरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत तरैया बाजार में संचालित फ्लिपकार्ट के गोदाम से अज्ञात चोरों ने करीब 2 लाख 36 हजार रुपये की चोरी कर ली। चोरों ने गोदाम की खिड़की का ग्रिल काटकर इस वारदात को अंजाम दिया और कैश काउंटर में रखी सीओडी (कैश ऑन डिलीवरी) की पूरी रकम लेकर फरार हो गए। गोदाम के मैनेजर रोहित कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे वे गोदाम बंद कर अपने घर पोखरेड़ा चले गए थे। शनिवार की सुबह जब डिलीवरी ब्वॉय प्रमोद कुमार गोदाम पहुंचे, तो उन्होंने खिड़की का ग्रिल कटा हुआ देखा और तुरंत इसकी सूचना फोन पर मैनेजर को दी। सूचना मिलने पर मैनेजर मौके पर पहुंचे और कैश काउंटर की जांच की, जहां से 2 लाख 36 हजार रुपये नकद गायब पाए गए।

## कड़ाके की ठंड में प्रशासन बना सहारा, रक्सौल एसडीओ मनीष कुमार ने गरीबों में बांटे कंबल

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण ठंड और शीतलहर के बीच रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी (रऊद्ध) मनीष कुमार ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस पहल से ठंड से सबसे अधिक प्रभावित बुजुर्गों, बेसहारा लोगों, रेलवे स्टेशन और सड़क किनारे जीवन गुजार रहे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली। रऊद्ध मनीष कुमार स्वयं



मौके पर मौजूद रहकर कंबल वितरण कार्य की निगरानी करते दिखे। उन्होंने जरूरतमंदों से संवाद किया और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि कठिन समय में समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ठंड से किसी की जान न जाए, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ झलकता नजर आया। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत होता है।प्रशासन की इस संवेदनशील कार्रवाई को क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

CMYK

## एक नजर

### शराब बरामद, 75 लीटर जावा महुआ विनष्ट

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिहुली गांव में छापामारी कर बड़ी कार्रवाई की है। छापामारी के दौरान लक्ष्मण चौधरी के घर से 7 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद की गई, जबकि शराब निर्माण के लिए तैयार लगभग 75 लीटर जावा महुआ को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। इस संबंध में डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। बरामद शराब को थाना लाया गया है। एसआई पप्पू पासवान के बयान पर लक्ष्मण चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है।

### परीक्षा देने गई युवती लापता, पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र से 21 वर्षीय एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती औरंगाबाद के एक कॉलेज में स्नातक की परीक्षा देने गई थी, लेकिन परीक्षा के बाद घर वापस नहीं लौटी। पिता द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि काफी खोजबीन के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका, जबकि उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों को आशंका है कि गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज गांव निवासी रामाशंकर साव युवती को बहला-फुसलाकर ले गया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### 760 लीटर स्प्रीट से भरी पिकअप जब्त



**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। कासमा थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 760 लीटर अवैध स्प्रीट से लदी एक पिकअप गाड़ी को जब्त किया है। यह कार्रवाई पटना मद्य निषेध विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह रामगढ़ की ओर से अवैध स्प्रीट की खेप आने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप वाहन संख्या JH 13 H 1997 को रोका। तलाशी के दौरान 40 लीटर के 18 गैलन और 20 लीटर के 2 गैलन, कुल 760 लीटर स्प्रीट बरामद की गई। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गया। वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर मालिक की पहचान कर ली गई है और प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज पुलिस ने पोगर गांव से एक वारंटी रंजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा रंजन कुमार के विरुद्ध वारंट निर्गत किया गया था। उसी के आलोक में उसे उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### घने कोहरे में खड़े हाइवा से टकराई बस

**औरंगाबाद**। गोह थाना क्षेत्र के नगाइन मोड़ के समीप शनिवार की सुबह घने कोहरे के कारण एक बस पीछे से खड़ी हाइवा में जा टकराई। हादसे में बस के अगले हिस्से के पुर्जे उड़ गए और कई यात्री मामूली रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने घायलों को निजी क्लिनिक में इलाज कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोहरा काफी घना था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### धान काटने वाला थ्रेसर पलटा, छह बच्चे घायल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। गोह प्रखंड के झरहा गांव में धान कटाई के दौरान थ्रेसर पलटने से बड़ा हादसा हो गया। थ्रेसर पर बैठे आधा दर्जन बच्चे दबकर घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार खेत की ओर ले जाने के दौरान थ्रेसर असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मो. आसिफ की 10 वर्षीय पुत्री आतिफा और मो. गुलशन की दो पुत्रियां 13 वर्षीया जयनब एवं 12 वर्षीया सादिया गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। वहीं गुलशन के पुत्र आमिर, अल्तमश एवं राजू अंसारी की पुत्री मुन्नी खातून को मामूली चोटें आई हैं। तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### आज गोह में दो घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। आज शनिवार को गोह में सुबह 10 बजे से 12 बजे दिन तक करीब दो घंटे तक बिजली बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक कार्यपालक अभियंता शहबाज अख्तर ने बताया कि विटर मेंटेनेंस के वजह से गोह में 33 केवी बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने लोगों से आवश्यक कार्य पहले से निपटाने की सलाह दी है।

### सिलाई प्रशिक्षित लाभार्थियों के बीच सामग्री का वितरण

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। सदर अस्पताल परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से पूर्व में सिलाई प्रशिक्षित लाभार्थियों को सिलाई से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। इस क्रम में कपड़ा धागा, टेप, चॉक, तेल, स्क्रूड्राइवर, बोबिन कैंची सहित का वितरण किया गया। बता दें कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने का है। वहीं कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 34 सिलाई प्रशिक्षित लाभार्थियों को सिलाई सामग्री का लाभ मिला। इस मौके पर एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम लीड डा. चंद्रमणि, स्टेट कोऑर्डिनेटर अक्षय प्रजापति, वीवीएम अध्यक्ष सुखराम सिह, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सागर कुमार, रंजीत कुमार, नंदलाल रजक, विनोद सिह सहित ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### ट्रैक्टर से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के जवनगंज गांव के समीप एक ईट भट्टे पर ट्रैक्टर से कुचलकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले की जानकारी देते हुए विसुनगंज थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जवनगंज गांव के समीप एक ईंट भट्ठा पर भट्ठा संचालक जवनगंज गांव निवासी 65 वर्षीय सुरेश प्रसाद की ट्रैक्टर से कुचलकर घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भट्ठा संचालक सुरेश प्रसाद ट्रैक्टर चालू कर आगे बढ़ा रहे थे इसी बीच किसी तरह वे ट्रैक्टर के नीचे गिर गए और ट्रैक्टर का बड़ा वाला चक्का उनके ऊपर चढ़ गया जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि उन्होंने बताया कि अबतक किसी ने थाना पर लिखित आवेदन नही दिया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल भी की जा रही है। वही मृतक का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने ज़िला अस्पताल भेज दिया है।

### महिला शराब कारोबारी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कलानौर गांव में छापेमारी कर पांच लीटर देसी शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली के कलानौर गांव में मालती देवी अवैध रूप से शराब का कारोबार करती है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मालती देवी के घर छापेमारी किया जहां से पांच लीटर देसी शराब बरामद हुआ, साथ ही महिला कारोबारी मालती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# किराने की दुकान से बिहार की शान तक, नृत्यकला में राज्य स्तर पर मानस की छात्रा ने रचा इतिहास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के बभना स्थित मानस विद्यालय की होनहार छात्रा आकृति कुमारी ने नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर विद्यालय, जिला और पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। डांस एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आकृति की शानदार प्रस्तुति को विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिससे वह "प्राइड ऑफ बिहार" के रूप में उभरी हैं। बताया जाता है कि राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में मानस विद्यालय की छात्रा आकृति कुमारी ने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, ताल-बद्धता और शास्त्रीय व लोक नृत्य की सशक्त प्रस्तुति से निर्णायकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्यांगना के रूप में आकृति के कला, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने यह सिद्ध कर दिया कि बिहार की बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और गर्व का माहौल है। शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने आकृति की सफलता को प्रेरणास्रोत बताया और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर और बड़ी उपलब्धियों की कामना की।गौरतलब हो कि आकृति के पिता शहर जहानाबाद में ही किराने की दुकान चलाते हैं। इस अवसर पर मानस विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल किशोर ने अपनी अभिव्यक्ति प्रकट करते हुए यह कहा कि "आकृति कुमारी की यह सफलता मानस विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। हम शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और संस्कारों के समग्र विकास पर विश्वास करते हैं। आकृति ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।" मानस विद्यालय के निदेशक अभिषेक आनंद ने इस गर्व के क्षण पर अपनी अभिव्यक्ति जाहिर करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाली छात्रा को बिहार गौरव से सम्मानित होना विद्यालय के साथ साथ पूरे जिले एवं परिवार के लिए आनंददायक पल है साथ ही उन्होंने आने वाले भविष्य के लिए छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की ।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल किशोर ने छात्रा को अंग वस्त्र एवं पाठ्य सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की एवं उज्जवल भविष्य की बधाईयां दी।

# जहानाबाद में 30 दिसंबर को जिला प्रशासन की ओर से उद्यमी वार्ता का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में 30 दिसम्बर 2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे समाहरणालय स्थित ग्राम प्लैक्स भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्यमी वार्ता का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र पूजा कुमारी ने बताया कि निर्धारित तिथि को उद्यमी वार्ता में जिले के जागरूक एवं इच्छुक उद्यमी उद्योग से संबंधित अपनी समस्याओं को जिला पदाधिकारी के समक्ष रख सकते हैं, ताकि जिला में औद्योगिक विकास को गति देने हेतु आवश्यक सुझाव भी दे सकते है। उद्यमी वार्ता में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों के साथ अग्रणी जिला प्रबंधक और सभी बैंको के जिला समन्वयक एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस वार्ता में जिला पदाधिकारी द्वारा उद्योग विभाग का बैंको के माध्यम् से संचालित योजनाओं की शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु समीक्षा की जायेगी तथा ऋण शिविर का भी आयोजन किया जायेगा।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना,बिहार लघु उद्यमी योजना एवं राज्य निवेश प्रोत्सान पर्षद, के बारे में जानकारी दी जायेगी। साथ ही जिले के इच्छुक उद्यमियों का पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकेगा।

# बेसहारों को सहारा देना पुण्य का काम : अंजु देवी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अंतरराष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान एवं गैर सरकारी संगठन कुमार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश कुमार के संयुक्त तत्वावधान में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर भटकने वाले, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच पौष्टिक आहार न्यूट्रीमिक्स, फूड पैकेट एवं बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। पौष्टिक आहार न्यूट्रिमिक्स एवं बिस्किट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसकी शुरुआत गांधीनगर इलाके से की गई। इस वितरण कार्यक्रम में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी ने स्वयं अपने हाथों जरूरतमंदों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया। दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद लोग इससे लाभान्वित हुए। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर हमारी संस्था कार्य कर रही है और आगे भी इस तरह की सेवा जारी रहेगी। संस्था की महिला प्रभारी दीपिका सिंह ने बताया कि दरिद्र नारायण भोज के माध्यम से वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण), बगहा, बेंगलुरु (कर्नाटक) में भी दिव्यांगजनों के बीच सेवा कार्य जारी है। संरक्षक और बगहा पुलिस जिले के प्रभारी समाजसेवी विजय कुमार ने बताया कि ऐसे लोगों को उनके परिजनों से मिलवाना भी संस्था का कार्य है। कुमार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि स्वरांजलि संस्थान को आगे भी हमारी संस्था द्वारा न्यूट्रीमिक्स पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा। नारायणी गंडकी महाआरती एवं लावारिस दिव्यांग जनों के लिए दरिद्र नारायण भोज का आयोजन उक्त संस्था की एक सराहनीय पहल है। छोटू गुप्ता ने बताया कि भविष्य में भी जरूरतमंदों के लिए इस तरह की जन कल्याणकारी भूमिका निभाई जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवी छोटू गुप्ता, मनीष अग्रवाल, बबलू सिंह, उमेश यादव, फौजी श्री विद्यासागर राणा, संवेदक नागेंद्र यादव, मिथिलेश कुमार, डॉक्टर संजय कुमार फार्मासिस्ट, डॉक्टर अजय कुमार, बबलू सिंह एवं जितेंद्र यादव की भूमिका सराहनीय रही।

# ट्रैक्टर के इंजन से निकली चिंगारी से लगी आग, लाखों का नुकसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के गोह प्रखंड स्थित अनंत बिगहा में शुक्रवार शाम करीब तीन बजे धान कटाई के दौरान एक ट्रैक्टर से निकली चिगारी से आग लग गई। इस घटना में एक ट्रैक्टर और लगभग 24 बीघा के धान के बोझे जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार अनंत बिगहा निवासी किसान बालानंद यादव अपने ट्रैक्टर से धान की कटाई कर रहे थे। कटाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से निकली चिगारी ने पास रखी धान की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैली और देखते ही देखते किसान विनोद यादव के खलिहान में रखे लगभग 24 बीघे के धान के बोझे जल गए। इसके अतिरिक्त लालबाबू और गुड्डू का पुआल भी जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से ट्रैक्टर का इंजन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो वाहने मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद पीड़ित किसान बिनोद यादव, गुड्डू कुमार और लालबाबू ने अंचलाधिकारी संजय कुमार से उचित मुआवजे की मांग की है। सीओ ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और जांच के बाद पीड़ितों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

# 25 लाख की ट्रॉमल मशीन से कचरे का हो रहा निस्तारण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद शहर में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ कचरा निस्तारण के साथ प्रदूषण की समस्या आज बड़े शहरों के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। कचरा निस्तारण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए नई तकनीकों और इनोवेशन पर लगातार काम हो रहा है। इसी कड़ी में जहानाबाद शहर में कचरा प्रबंधन की दिशा में एक अहम पहल की गई है। यहां करीब 25 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक ट्रॉमल मशीन लगाई गई है, जो कचरे को उपयोगी सामग्री में बदल रही है। नगर परिषद जहानाबाद द्वारा बभना क्षेत्र में स्थापित इस मशीन के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों से कचरा ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए प्लांट तक पहुंचाया जाता है, जहां मशीन के माध्यम से उसका प्रोसेस किया जाता है। यह ट्रॉमल मशीन कचरे को दो अलग-अलग हिस्सों में विभाजित करती है। पहले हिस्से से निकलने वाला डस्ट सड़क निर्माण, गड्ढों की भराई और अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है, जबकि दूसरे हिस्से से तैयार होने वाला व्युत्पन्न ईंधन (आरडीएफ) सीमेंट फैक्ट्रियों में कोयले के साथ जलावन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह कचरा न केवल हटाया जा रहा है, बल्कि वह आर्थिक रूप से भी उपयोगी साबित हो रहा है। मशीन ऑपरेटर प्रवीण कुमार ने बताया कि यह दो यूनिट की मशीन है, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये है। इसके जरिए कचरे का प्रभावी निस्तारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इससे शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी और प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं मशीन ऑपरेटर अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि यह मशीन पूरी तरह ऑटोमेटेड है और इसे संचालित करने के लिए कई कर्मी तैनात रहते हैं। उनके अनुसार, "जहानाबाद में गंदगी एक बड़ी समस्या रही है, लेकिन इस मशीन से कचरा हटाने में काफी मदद मिलेगी और शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने में यह कारगर साबित होगी।" नगर परिषद की इस पहल से न सिर्फ शहर को गंदगी से मुक्ति मिलेगी, बल्कि कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में जहानाबाद एक बेहतर उदाहरण के रूप में उभर सकता है।

# डीएवी क्रिकेट सीजन-1 का शुभारंभ, आठ विद्यालयों ने लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार, औरंगाबाद के प्रांगण में सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वीके पाठक के मार्गदर्शन में डीएवी का सीजन-1 2025 का शुभारंभ किया गया। इसमें जिला के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त आठ विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया है। आठ टीमों में अंबिका पब्लिक स्कूल, संत मैरी स्कूल, अडानी इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी रफीगंज, डीएवी नबीनगर, डीएवी, दयानंद विहार, औरंगाबाद एवं बीएल इण्डो पब्लिक स्कूल, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन अकेडमी शामिल हैं। इस अवसर पर प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट संघ औरंगाबाद के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही आज पहला मैच संत मैरी एवं डीएवी रफीगंज के बीच खेला गया जिसमें रफीगंज के टीम ने 41 रन से मैच जीत लिया। इस मैच में रफीगंज के अंगद कुमार ने 52 रन बनाया जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित गया। दूसरा मैच डीएवी नबीनगर एवं अंबिका पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमें नबीनगर के टीम ने 10 विकेट से मैच जीत लिया। नबीनगर के सत्यम कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने इस मैच में तीन विकेट हासिल किए थे। दोनों मैच के अंपायर राजीव रंजन एवं सहवाग जी थे। विद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि खेल हमारे मानसिक एवं शरीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। खेल शिक्षक रविशंकर सिंह एवं एसएच रहमान की देख-रेख में टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल का पहला मैच डीएवी औरंगाबाद और अडानी इंटरनेशनल स्कूल तथा दूसरा मैच बीएल इंडो एवं प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

# किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है प्रतिभा : अल्पना मिश्रा

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल दानी बिगहा के छात्र विद्यालय का नाम कर रहे रोशन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल दानी बिगहा के छात्र प्रतिवर्ष जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में 22 दिसंबर को जिले में हुई 'श्रीनिवास रामानुजम ने दिया प्रतिभा' गणित विषय से संबंधित प्रतियोगिता में भाग लेकर कक्षा सातवीं की ज्योति कुमारी ने चौथा स्थान, कक्षा छठी के एकलव्य सिंह ने सातवाँ स्थान तथा राहुल कुमार ने आठवाँ स्थान पाकर जिले में अपने प्रतिभा को दर्शाया है।

वहीं चेन्नई में होने वाली एस.आई.पी. अर्थमेटिक जिनीयस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कक्षा छठी के सत्यम कुमार ने GM-A स्तर पर जाकर तीसरा स्थान तथा पवन कुमार ने प्रथम क्षेत्रीय स्तर पर तीसरा स्थान पाकर देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम भी रोशन किया है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्रा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए तथा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध, कटिबद्ध तथा संकल्पित है। हमारे छात्र प्रतिवर्ष हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। डीएवी का सीजन-1 का शुभारंभ, आठ विद्यालयों की टीमों ने लिया हिस्सा टूर्नामेंट का फाइनल मैच 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा

# रफीगंज शहर के आर बी आर खेल मैदान के समीप घर में हुई चोरी , जांच में जुटी पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)**। शहर के आर बी आर खेल मैदान के समीप शशि किशोर प्रसाद के घर चोरी होने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, इंस्पेक्टर शंभू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल किया। इस मामले में शशि किशोर प्रसाद ने आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा कि 26 दिसंबर की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मेरे घर में चोरी कर लिया गया जिसमें सोने के तीन पीस झुमका, दो गले का चैन, तीन अंगूठी सोने का, मांग टीका एवं चांदी का चार पीस पायल चोरी कर लिया गया। तथा पास के ही चंचल राज के घर में भी ताला तोड़ा गया है और उनके घर का सामान तीतर भीतर कर दिया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# संज्ञा समिति प्रखंड दाउदनगर का हुआ गठन, डॉ पंकज मिश्रा बने अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। संज्ञा समिति गयाधाम गया जिला इकाई औरंगाबाद के आह्वान पर दाउदनगर में शुक बाजार स्थित श्रीराम मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता दाउदनगर के पूर्व सचिव राधामोहन मिश्र ने किया। कार्यकम की विधिवत शुरुआत भगवान सूर्य के पूजन और मंत्रोचार के साथ किया गया। तत्पश्चात गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। संज्ञा समिति जिला औरंगाबाद के अध्यक्ष अशोक पांडेय, आशुतोष पाठक संयुक्त सचिव केंद्रीय कार्यकारिणी गया, ललित मिश्र कार्यकारिणी सदस्य, ई. वीरेंद्र पाठक संरक्षक औरंगाबाद की उपस्थिति में सर्वसम्मति से डॉ पंकज मिश्रा को दाउदनगर प्रखंड के संज्ञा समिति के अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि संज्ञा समिति पिछले 6 महीना से औरंगाबाद में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। हम सभी लोगों को एक सूत्र में चलकर ज्यादा से ज्यादा ब्राह्मण परिवार को मदद करना है। संज्ञा समिति शाकद्वीपीय ब्राह्मण का पुराना संगठन है। हम सभी लोगों को मिलजुल करके आगे बढ़ाना है। चयन होने के उपरांत नवचयनित अध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता धनन्जय मिश्र, संतोष पाठक, सनजय मिश्रा, पंडित देवशरण मिश्र, ब्रजेश पाठक, धीरज पाठक, श्रीराम मंदिर पुजारी पंडित धनंजय मिश्रा मौजूद रहे।

# खेत में कचरा फेंक उपज को बना रहे जहरीला

## बसन बिगहा के पास जमा है कचरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। कुछ लोग हम नहीं सुधरेंगे की मानसिकता में जीते हैं। वह ऐसी स्थिति पैदा करते हैं कि जन सामान्य को जहरीला भोजन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। यह सब कुछ अनजाने में होता है परंतु समझने और समझाने की कोशिश लगातार चलती रहती है और लोगों को समझना चाहिए। कुछ समझते ही नहीं लेकिन हमें क्या हानि होगी ऐसी सोच रखने वाले लोग सुधरते नहीं और नतीजा बड़ी आबादी को जहरीला कृषि उपज खाने पर मजबूर होना पड़ता है। इससे तमाम तरह की समस्याएं खड़ी होती है। बीमारियां पैदा होती हैं। बता दें कि मुख्य पटना नहर में दाउदनगर से संसा, भाव बिगहा, रघु बिगहा, कनाप होते हुए जाने वाली एक नहर है कोचहासा लाइन। इसमें गोरडीहा के बाद और कनाप से पहले बसन बिगहा के समीन नहर में एक पेड़ झुका है। विशाल पेड़ है इसके तने और पत्ते नहर में बह रहे पानी को छूते हैं। नतीजा वहां पर हजारों की संख्या में प्लास्टिक और थर्मोकोल के कचरे फंसे हुए हैं। यह लोग समझते नहीं हैं और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग नहर में कचरा डाल देते हैं। स्वाभाविक है कि यहां जमा हुआ कचरा दाउदनगर शहर से लेकर कचड़ा जमे हुए स्थान के पहले के बीच के गांव के द्वारा डाला गया होगा। उन्हें समझना चाहिए कि इससे कई तरह की समस्याएं पैदा होती हैं और नुकसान उन्हीं को होता है। लोगों को आगे आने की जरूरत है। तभी इस तरह की लगातार हो रही समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

# राजस्व महाअभियान के तहत 31 दिसंबर तक शत-प्रतिशत कॉपी स्कैनिंग करें सुनिश्चित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** शनिवार को प्रधान सचिव, सी के अनिल भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग, बिहार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्धारित पैरामीटरों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी, अररिया विनोद दूहन, भा०प्र०से० द्वारा प्रधान सचिव के स्वागत संबोधन से हुई। बैठक में अररिया जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न भू-अर्जन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस क्रम में प्रधान सचिव द्वारा भू-अर्जन से संबंधित सभी पुराने लंबित भुगतान यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अररिया-गलगलिया रेल लाइन, अररिया-सुपौल नई रेल लाइन, गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, अनुमंडल व्यवहार न्यायालय फारबिसगंज तक पहुँच पथ, आरओबी फारबिसगंज सहित अन्य परियोजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत सभी आदेशों का हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा अनुपालन संभव न होने की स्थिति में नियमानुसार अपील में जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विधि के अनुरूप कार्य करता है, अतः वर्क टू रूल के सिद्धांत का पालन करते हुए किसी भी प्रकार का नियम विरुद्ध कार्य न किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मियों से संबंधित सभी देय लाभ एक माह के भीतर निष्पादित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महाअभियान एवं लैंड बैंक निर्माण की भी समीक्षा की गई। राजस्व महाअभियान के अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक शत-प्रतिशत कॉपी स्कैनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीसीएलआर एवं अपर समाहर्ता न्यायालयों में लंबित भूमि मामलों की भी समीक्षा की गई तथा इनके त्वरित निष्पादन हेतु नवीनतम तकनीकों के उपयोग पर बल दिया गया। प्रधान सचिव ने सरकारी भूमि के दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग एवं लैंड बैंक निर्माण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि जिन सरकारी भूमियों का अब तक म्यूटेशन नहीं हुआ है, उनका 31 मार्च 2026 तक हर हाल में म्यूटेशन सुनिश्चित किया जाए। गैर मजरूआ आम, गैर मजरूआ खास एवं कैसर-ए-हिंद भूमि को अमीन द्वारा नक्शे में चिन्हित कर सरकारी भूमि की पहचान सुनिश्चित करने तथा गलत तरीके से किए गए आम बंदोबस्त की रिकवरी हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों, राजस्व कर्मियों एवं अमीनों को आगामी तीन माह की टूर डायरी एवं कार्य योजना तैयार करने, अपनी ई-मेल आईडी मुख्यालय को उपलब्ध कराने तथा टीम भावना से कार्य करते हुए विभाग एवं सरकार की सकारात्मक छवि बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा, अपर समाहर्ता श्री नवनील कुमार, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज, सभी अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधान सचिव सीके अनिल ने की समीक्षा




# खाकी वर्दी पहनकर ठगी करने वाला नकली डीएसपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** थानाध्यक्ष अमित कुमार ने जिले में डीएसपी की वर्दी पहनकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रिफाइनरी थाना क्षेत्र के मोसदपुर निवासी कर्ण कुमार, पिता नारायण महतो है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बनहारा निवासी अभिषेक कुमार (पिता रवींद्र पासवान) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी करण कुमार खुद को डीएसपी बताकर उससे मिला और दारोगा पद पर बहाली कराने का झांसा दिया। इस जालसाजी में आरोपी ने पीड़ित से 19 लाख 40 हजार रुपये की मोटी रकम ठग ली। ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने तेघड़ा थाना में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार की देर रात आरोपी के घर पर छापेमारी की और उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जीवाड़े में इस्तेमाल होने वाले सामान भी बरामद किए हैं। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पकड़ा गया 'नटवरलाल' पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहा है। इससे पूर्व भी बेगूसराय साइबर थाना की पुलिस उसे फर्जी डीएसपी बनकर धोखाधड़ी करने के आरोप में जेल भेज चुकी है। जेल से छूटने के बाद उसने दोबारा इसी तरह की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया था। आरोपी खुद को डीएसपी बताकर लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देता था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



## नल जल योजना का शिलान्यास

**नावकोठी।** डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा में जल नल योजना के तहत बनावट का शिलान्यास शनिवार को किया गया। महादलित बाहुल्य वार्ड संख्या 5 में 31 परिवार तथा वार्ड संख्या 6 में 125 परिवार इस योजना से वंचित था। इनके घरों तक जल नल का शुद्ध पानी नहीं पहुंच रहा था। इन वंचित परिवारों के घरों तक पानी पहुंचाने हेतु ग्राम प्रधान सुनैना देवी ने लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी से लिखित एवं मौखिक शिकायत की थी। इनके अथक प्रयास से इन वंचित परिवारों को जल नल का बनावट शिलान्यास सम्पन्न हुआ। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, पंचायत समिति सदस्य रामबाबू पंडित, राजा कुमार, वार्ड सदस्य तथा कई ग्रामीण मौजूद थे।

# मनरेगा के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बछवाड़ा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर प्रखंड मुख्यालय पर शनिवार से कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मनरेगा से गांधी का नाम हटाने पर एक दिवसीय सत्यग्रह कर विरोध प्रकट किया। शनिवार को मनरेगा भवन के समक्ष प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने सत्याग्रह प्रारम्भ किया। उक्त सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष संजय चौधरी ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार हमेशा से गांधी के विचारों को तिरस्त कर गोडसे का विचारधारा को लागू करना चाहती है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी उनके गोडसे वादी विचारधारा वाली चेहरे को पूरे भारत में बेनकाब करेगी। गांधी ने एक धोती पहनकर संपूर्ण भारत को अपना बलिदान देते हुए आजादी दिलवाई थी जिसको कभी भी भारतवासी भूल नहीं सकते। हमलोग मनरेगा योजना को बरकरार रखने, अपराध, भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में संपूर्ण बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चरणवार तरीके आंदोलन करने जा रहे हैं जो आंदोलन बछवाड़ा से शुरू होकर सिलसिलेवार तरीके से राज्य स्तर तथा देश स्तर पर कांग्रेस आलाकमान के नेतृत्व में जारी रखेंगे।उक्त सत्याग्रह में बछवाड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुदर्शन कुमार, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंदन यादव, राजेन्द्र राय, विजय मोहन ठाकुर, गोरेलाल राय, अमित ठाकुर, प्रमोद चौधरी, राम भगत महतो, चन्द्रमणि कुमार, अशोक कुमार, बछवाड़ा प्रखंड युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मो इरशाद, मो कासीम, राम लखन पासवान, राजेन्द्र तांती, शिवेश्वर राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अवैध बालू खनन में लगे ट्रैक्टर ने मासूम को रौंदा

## आक्रोशित परिजनों ने अवध-तिरहुत सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ काटा बबाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** थाना क्षेत्र के बरौनी पंचायत में शनिवार की सुबह अवैध बालू खनन की अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कोचिंग जा रहे मासूम को रौंद डाला। इस हादसे में बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।मृतक की पहचान बरौनी-1, वार्ड संख्या 12 निवासी मोहम्मद साबिर के 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अयान के रूप में हुई है। चश्मदीदों के मुताबिक, अयान सुबह अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहा था। घर के समीप ही सफेद बालू से लदा तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे रौंदते हुए निकल गया। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बरौनी फ्लैग गुमटी के पास अबध तिरहुत सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस क्षेत्र में दिन-रात अवैध बालू और का खनन धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों ने कहा सैकड़ों ट्रैक्टर इस रास्ते से बिना किसी रोक-टोक के गुजरते हैं।जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। बार-बार शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन बनी रहती है। घटना की सूचना मिलते ही तेघड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। हालांकि, प्रदर्शनकारी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। डीएसपी ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उचित कानूनी कार्रवाई व सरकारी मुआवजे का आश्वासन दिया। करीब 4 से 5 घंटे की मशक्कत के बाद जाम हटाया जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना ने एक बार फिर अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते अवैध ट्रैक्टरों के परिचालन पर रोक लगाई गई होती तो आज अयान की जान नहीं जाती। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और संलिप्त माफियाओं की पहचान में जुट गई है।



# बछिया पालन है डेयरी विकास की नींव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सिसौनी के परिसर में शनिवार को एनडीडीबी एवं जापान सरकार द्वारा प्रायोजित तथा दुग्ध संघ बरौनी द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत काफ रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में योजना के तहत पैदा हुई 40 से अधिक बछियों को शामिल किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को बछिया पालन के वैज्ञानिक तरीकों, सही देखभाल, रख-रखाव एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा बछिया के संतुलित आहार, टीकाकरण, स्वच्छता, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा त्रिम गर्भाधान (एआई) के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि स्वस्थ बछिया ही भविष्य में अच्छी दुधारू गाय बन सकती है जिससे पशुपालकों की आमदनी में वृद्धि संभव है। बछिया पालन को डेयरी विकास की मजबूत नींव बताते हुए इसके आर्थिक और सामाजिक लाभों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में चयनित दुग्ध समितियों के सचिव एवं अध्यक्ष सहित बरौनी डेयरी के एएनओ डा. शंभू शरण, एएनएस शुभम भारद्वाज, सीआरपी राजेश कुमार, सुजीत कुमार, अभिलेश कुमार, अमित कुमार सहित कई चयनित लाभुक पशुपालक मौजूद

# अपहृत मासूम की हत्या मामले में पड़ोसी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सरौंजा गांव से 16 दिसंबर को राजा रजक के 12 वर्षीय पुत्र भोला कुमार को उसके पड़ोसी ने ही गायब कर दिया था। जिसको परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद वीरपुर थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र को बरामद्गी को लेकर गुहार लगाई। आवेदन के तहत मामला दर्ज कर वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार अपने दल बल के साथ घटना को गंभीरता से लेकर कुछ लोगों को शक के आधार पर गिरफ्तार कर थाना लाया गया और टेक्निकल टीम की सहायता से घटना में शामिल व्यक्ति तक पहुंच पाना संभव हुआ। जिसके निशानदेही पर वीरपुर थाना क्षेत्र के सरौंजा मोहनपुर बहियार के गन्ने के खेत से शुक्रवार को 12 वर्षीय बच्चा भोला कुमार का शव बरामद किया गया। घटनास्थल पर एफ एस एल की टीम भी पहुंच कर घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की। तत्पश्चात शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। इस घटना में शामिल चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। तत्पश्चात जांच के उपरांत तीन युवकों को निरुद्ध एवं एक व्यक्ति सरौंजा गांव निवासी अशोक तांती के बीस वर्षीय पुत्र अमर कुमार तांती को गिरफ्तार किया गया। अमर कुमार तांती ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी और शव को ईख के खेत में फेक दिया है। जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बेगुसराय पुलिस अधीक्षक ने दी। वहीं इस घटना के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए बेगुसराय पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2, एवं वीरपुर थाना के पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक गंगा प्रसाद महतो के निधन से शोक

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बंधार पंचायत अंतर्गत बाघोपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी गंगा प्रसाद महतो (78 वर्षीय) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और इलाजरत थे स्व. गंगा प्रसाद महतो शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे। वे सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना जैसे ही गांव में फैली, अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों, शुभचिंतकों और परिचितों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी उनके निधन पर वारिसनगर विधायक डॉ. मांजरिक मृणाल, रोसड़ा विधायक बीरेंद्र कुमार, जदयू के पूर्व विधायक अशोक कुमार मुन्ना, जदयू व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष लाल देव महतो, राम बालक महतो, जदयू प्रखंड अध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह, रजौर रामभद्रपुर के पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, नवीन कुमार, बाबू प्रसाद महतों, राम देव महतों, चंद्रशेखर आजाद, जनक महतों, मिथिलेश सहनी सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि शिक्षक गंगा प्रसाद महतो का निधन शिक्षा जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा समाजहित में कार्य करते रहे और युवाओं को शिक्षा व नैतिक मूल्यों की सीख देते थे।

## चंद्रवंशी समाज ने किया विस अध्यक्ष को सम्मानित

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षेत्रीय महासभा की ओर से बसही गांव में विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख शत्रुघ्न कुमार ने की। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में एनडीए की शानदार जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार सभी लोगों के कल्याण और रोजगार के लिए कार्य कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर जिला पार्षद अमित कुमार देव, हीरा पोद्दार, रितेश कुमार, शिवकुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

# राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र पासवान का जिला अतिथि गृह में शनिवार को आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के संयोजक एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री पासवान का मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। मंत्री बनने के बाद पहली बार दरभंगा में हुए अपने स्वागत से अभिभूत मंत्री लखेन्द्र पासवान ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, रोजगार, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज को मुख्यधारा से जोड़ने में सरकार की योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय और समरसता के संकल्प को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय पासवान जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, जिला मंत्री राहुल पासवान, उपाध्यक्ष नथुनी पासवान, अशोक नायक, प्रमोद चौधरी, सपना भारती, गुलशन चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्रवन महतो, अश्शेवर पासवान सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# डालसा ने नदी किनारे सुरक्षित पिकनिक मनाने के लिए लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार पांकी प्रखंड अंतर्गत अमानत नदी व विभिन्न तालाबों के पास पीएलवी शैलेंद्र कुमार पांडेय व पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति ने जागरूकता अभियान चलाया। इसमें लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नदी किनारे सुरक्षित पिकनिक मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति व शैलेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि मादक पदार्थों का किसी भी हाल में सेवन नहीं करना है। इससे शरीर के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है। नदी किनारे सुरक्षा नियमों व उपकारणों का उपयोग करें। इसके साथ ही बाल विवाह व बाल मजदूरी के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय पाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। पीएलवी शैलेंद्र कुमार पांडेय व पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की। मौके पर सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति, विजय सिंह, अरुण चंद्रवंशी, सतन चंद्रवंशी, समुद्री कुंवर, अमारिक भुइयां, प्रभा देवी, बुधनी कुंवर, सुनील साव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




# वीर बाल दिवस पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वीर बाल दिवस पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में एक भावपूर्ण व प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति व वीरता के भाव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि ग्रंथि श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा सरदार सुंदर सिंह, सरदार गुरबीर सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह डिम्पल, सरदार सोनू सिंह नामधारी, सरदारनी हरप्रीत कौर, सरदारनी अमृत कौर व सरदार साहिब सिंह नामधारी, विद्यालय चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने गुरु गोविंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्र साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह की अमर शहादत को नमन करते हुए उनके तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के चेयरमैन देव ने सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति-डायरी व प्रतीकात्मक तलवार भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान शौर्य, बलिदान और वीर परंपरा के प्रतीक के रूप में प्रदान किया गया, जो साहिबजादों की अमर गाथा व सिख संस्कृति की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है। ग्रंथि सरदार सुंदर सिंह ने कहा कि वीर बाल दिवस भारत के इतिहास के उन स्वर्णिम अध्यायों को स्मरण करने का अवसर है, जहां बाल अवस्था में भी अद्भुत साहस, धर्मनिष्ठा व बलिदान का परिचय दिया गया। साहिबजादों की शहादत आज की युवा पीढ़ी को सत्य, साहस व आत्मसम्मान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में नैतिक मूल्यों, अनुशासन व राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि रखें।




# धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आती है सुख व समृद्धि : कमलेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शनिवार को पंड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के कोकरसा में सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर कांड पाठ संपन्न होने के बाद भव्य भंडारा व भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला व अभिषेक तिवारी ने भाग लिया। भार्गव सेना के लोगों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को परशुराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही परशुराम सेना का पट्टा ओढ़ाकर सुन्दर कांड पाठ कराने के लिए सम्मानित किया। मौके पर परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से इलाके में सुख व समृद्धि आती है। इसके साथ ही लोगों में भक्ति भावना जागृत होती है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से परशुराम सेना भार्गव द्वारा परशुराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कोकरसा में निर्माणाधीन बजरंग बली मंदिर निर्माण में 11 हजार रुपए का सहयोग किया। इसके पूर्व पंडित प्रभुनाथ पाठक ने सुन्दर कांड पाठ कराया।

# मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान, 17 क्विंटल गांजे की फसल नष्ट

## तकरीबन 50 लाख के हरे गांजे की फसल पुलिस ने की नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** ऑपरेशन मादक पदार्थ की तस्करी के तहत चलाये जा रहे अभियान के दौरान कादिरगंज पुलिस के द्वारा इन दिनों विभिन्न गांव में छापेमारी कर अवैध गांजा के पौधे को नष्ट कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से चल रहे अभियान के दौरान अब तक कुल 17 क्विंटल गांजे का पौधा को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि लगातार कादिरगंज थाना क्षेत्र से सूचना मिल रही थी कि कई गांव में गांजा के बड़े पैमाने पर लोग खेती कर रहे हैं। ऐसे में पहले दिन बारिबिगहा में छापेमारी की गई जहां बृहद पैमाने पर गांजे के पौधे को नष्ट किया गया है। उसके बाद अगरपुर, रामगढ़ एवं हसनपुरा, बिगहा पर और बाजितपुर में छापेमारी करते हुए बड़े पैमाने पर हरे गांजे के पौधे को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलेगा और पूरे गांव में छापेमारी करते हुए हरे गांजे के पौधे की फसल को नष्ट किया जा रहा है। बहरहाल ऑपरेशन मादक पदार्थ अभियान को लेकर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित की गई है जिसमें कई पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है और सभी थाने के पदाधिकारी के द्वारा गांजा की फसल को नष्ट किया जा रहा है। वहीं इस मामले में मध निषेध विभाग के सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि तकरीबन 17 क्विंटल हरे गांजे के पौधे में एक या दो क्विंटल गांजा बन सकता है जिसकी बाजार में कीमत तकरीबन 50 लाख बताई जाती है। बहरहाल ऑपरेशन मादक पदार्थ को लेकर कादरगंज पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी को लेकर गांव-गांव में हड़कंप मची है

## खाद संकट दूर करने की मांग

**पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण बिहार प्रांत के मंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में आज बिहार सरकार के कृषि मंत्री माननीय रामकृपाल यादव से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को बढ़ाने, समय पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि वर्तमान में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य कम होने और उर्वरक की कमी के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर विचार कर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में पटना जिला मंत्री श्याम किशोर शर्मा, विक्रम प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार और पटना जिला युवा आयाम प्रमुख राजू कुमार शामिल थे।

## खेल क्लब बनने से गांव की छिपी हुई प्रतिभा को राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मिलेगी मदद : विधान पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड के बेर्रा पंचायत में शनिवार को स्व. राममनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का विधान पार्षद रविंद्र सिंह कार्यप्रारंभ किया. मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला महासचिव अशोक शर्मा, पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार विधानसभा प्रभारी संतोष कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया. विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राक्कल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि इससे गांव की प्रतिभा जो अब तक छिपी हुई थी उसे राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मदद मिल पायेगी। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है, खेल क्लब भवन में युवाओं के लिए हर तरह के खेल के साधन उपलब्ध करवाएंगे, जैसे बैट बॉल, कैरम बोर्ड, हॉकी कई तरह के खेल उपकरण रहेंगे। वैसे छात्र-छात्र युवा जो स्कूल जाते हैं वह स्कूल से जब आएंगे तो वह शाम को मोबाइल की जो लत लग गई है उससे कम से कम या दूर होंगे। खेलने से न केवल शरीरीक बल्किऔर मानसिक तौर पर भी मजबूती मिलेगी। पुरे मसौढी प्रखंड के 17 पंचायतों में से अब तक कुल 13 जगहों पर खेल क्लब निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें कुल 6 से अधिक जगह पर कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। मौके पर, चितरंजन भास्कर, शिल्पी ठाकुर, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, मंजेश कुमार, हरिओम कुमार, गौतम कुमार, निशांत कुमार समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे।

# मंत्री ने संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास पर दिया जोर

### गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान का मसौढ़ी में हुआ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार सरकार के गन्ना उधोग मंत्री एवं बखरी विधायक लोक जनशक्ति पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान मसौढ़ी शर्मा रेलवे गोमती के पास लोक पर रामविलास पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया जहां कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। दरअसल पटना से जहानाबाद जाने के क्रम मे लोजपा एवं बीजेपी के कार्यकर्ता द्वारा मसौढ़ी सरवां गुमटी पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही और जनता के आशीर्वाद से हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। कार्यकर्ता संगठन का रीढ होती है। ऐसे में संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास में चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया है एवं सभी 25 गन्ना मिल को बिहार में जल्दी खुलने जा रहे हैं मौके पर लोजपा रामविलास पार्टी के मुकेश पासवान, निकीत मंतोष पासवान, बीजेपी के राकेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने के मामले में एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पुनपुन के केवड़ा ओपी क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी विनोद सिंह पिता रामप्रवेश सिंह को पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि यह घटना बीते 10.11.2025 को है जहां पर खेत में धान कटवा रहे चंदन कुमार पिता अशोक सिंह और अशोक सिंह पर दो राउंड गोली चलाकर जानलेवा हमला किया था, हालांकि इस फायरिंग में पिता पुत्र बाल बाल बच गए थे, इस मामले में चंदन कुमार के द्वारा विनोद सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## गरीबों के बीच बांटे गए कंबल

**मेदिनीनगर (पलामू) (नबिटा संवाददाता)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 23 दिसम्बर से चलो गांव की ओर कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत वे लगातार सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर गरीबों, वंचितों व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर रहे हैं। उन्होंने पलामू जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय व विद्या सिंह चोरों के साथ सदर प्रखंड में झाबर पंचायत के पिढिया, कुन्डेलवा, नउआढोड़ में गरीब जनजातियों, दलित, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग के चालीस लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि भयंकर ठंड में जब लगातार शीतलहरी चल रही हो उसमें अपनी गाढी कमाई से गरीबों को ठंड से राहत दिलाने का कंबल ओढ़ाना उनका गिलहरी प्रयास है। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रखा जायेगा। कम्बल वितरण कार्यक्रम में तारा देवी, मंजू देवी आदि थे।

# सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत चयनित परिवारों के बीच सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** अधिकार संकुल संघ जीविका मसौढ़ी के अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत चयनित अति गरीब परिवारों के बीच उन्नत बकरी पालन एवं पोषण संवर्धन के उद्देश्य से आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जीविका एवं आगा खान फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से अधिकार संकुल संघ, निशियावां परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बकरी के समुचित विकास एवं बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लाभुक परिवारों को संतुलित दाना मिश्रण, फीड (चारा), लीवर टॉनिक, मिनरल मिक्सचर सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जीविका की ओर से प्रखंड जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने बकरी पालन के पाँच सूत्र आवास, पोषण, स्वास्थ्य, प्रजनन एवं बाजार पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं आगा खान फाउंडेशन की ओर से विनय रंजन एवं मुकेश कुमार ने बकरी के बेहतर रख-रखाव के लिए मचान प्रणाली को अपनाने पर जोर देते हुए दीदियों के घरों में मचान लगवाने की सलाह दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्धन एवं अति गरीब परिवारों को पशुपालन के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस क्रम में सभी लाभुक दीदियों को उन्नत बकरी पालन का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें पशु स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, टीकाकरण, उचित आवास व्यवस्था तथा उत्पादन बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। सामग्री वितरण विवरण (प्रति लाभुक) में छोटा टब (नाद) ऽ 4 पीस,बड़ा टब (नाद) 1 पीस, दाना मिश्रण 15 किलोग्राम, नमक ईंट 2 पीस, कीड़ा मार दवा 2 पीस, केटोजाइम 2 पीस, लीवर टॉनिक 2 पीस, मिनरल मिक्सचर 1 किलोग्राम आदी रहा। कार्यक्रम में अधिकार संकुल संघ निशियावां की अध्यक्ष शर्मिला देवी, सचिव उमा देवी, बबीता, रश्मि मेनका तथा पशु सखी सुषमा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पौष खरमास मेला में रात्रि ड्यूटी में नहीं दिखते हैं मजिस्ट्रेट

### 6 वरीय नोडल पदाधिकारी, 54 दंडाधिकारियों की हुई है प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की शुरुआत मंगलवार यानी 16 दिसंबर से शुरू हुई है जो आगामी 14 जनवरी तक चलेगा। जिसको लेकर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की थी, लेकिन मेले के उद्घाटन के महत्व दो दिन के बाद से रात्रि ड्यूटी में एक भी मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी पर नहीं दिखते हैं पुनपुन के स्थानीय लोगों ने बताया सुबह और दोपहर में कुछ पदाधिकारी दिखते हैं लेकिन शाम ढलते ही सभी पदाधिकारी अपने-अपने ड्यूटी से गायब हो जाते हैं कभी कबार पुलिस के पेट्रोलिंग होती है लेकिन मजिस्ट्रेट नहीं रहते हैं। ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है कि जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर तीन पालियों में मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें नोडल पदाधिकारी के रूप में 6 पदाधिकारीयों की तिन पालियों में प्रतिनियुक्ति की गई है, इसके अलावा 57 दंडाधिकारी और 77 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी पुलिस मजिस्ट्रेट तीन पालियों में ड्यूक पर मुस्तैद रहेंगे। जो सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 तक, दोपहर 2:00 से रात 10:00 तक और रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 तक ड्यूटी पर रहेंगे। पूरे पुनपुन में पूजा स्थल से लेकर सभी 18 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट एवं क्विक मोबाइल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा खरमास मेला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित की गई है। लेकिन इन सारी तैयारी के बीच कई पदाधिकारी का ड्यूटी से गायब रहना सरकारी आदेश का उल्लंघन है।

## विशेष ग्राम सभा में 600 लोगों के बीच बांटे गए कंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के कराय पंचायत के घोरहुआं बुद्ध पार्क में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहाँ मुखिया पिंकू सिंह, पंचायत सचिव व पीआरएस की मौजूदगी में विशेष ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को पंचायत के योजनाओं की जानकारी दी गयी. इस विशेष ग्राम सभा में खासकर मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन व इनके तहत योजनाओं का क्या लाभ प्रकार से संबंधित विस्तार से चर्चा की गई। पंचायतों में विकसित भारत जी-राम-जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में कराय पंचायत के विभिन्न गांव कै लोग शामिल हुए। इस दौरान मुखिया पिंकू कुमार की अध्यक्षता में ग्राम सभा के दौरान मुखिया द्वारा कंबल भी वितरण किया गया। मुखिया पिंकू कुमार सिंह ने बताया की ठंड के मौसम में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करते हुए 600 लोगों के बिच कंबल वितरण किया गया ताकि वे ठंड से बच सकें। इसमें अक्सर सर्वेक्षण के आधार पर सूची बनाई जाती है और पंचायत स्तर पर यह कार्य किया जाता है।सबसे पहले गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग और बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल दिए गये। मुखिया और वार्ड सदस्य मिलकर क्षेत्र में घूमकर जरूरतमंदों की पहचान करते हैं और उनकी सूची बनाते हैं, ताकि सही लोगों तक कंबल पहुँचें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अगले पांच वर्षों में ...

चौथी रेल लाईन के निर्माण कार्य की प्रक्रिया अगले कुछ ही महीनों में चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ हो जाएगी। इस पूरी परियोजना को कई हिस्सों में बांटा गया है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा चरणबद्ध तरीके से इसकी स्वीकृति प्रदान की जा रही है। निर्माण कार्य सुगमतापूर्वक तेजी से पूरा करने के लिए इसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-दानापुर, दानापुर-फतुहा, फतुहा-बख्तियारपुर, बख्तियारपुर-पुनारख, पुनारख-किऊल तथा किऊल-झाझा जैसे छोटे-छोटे रेलखंडों में बांटा गया है। इसके निर्माण से मालगाड़ी के साथ-यात्री गाड़ियों का परिचालन सुगमतापूर्वक किया जा सकेगा साथ ही काफी संख्या में अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इससे रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी जो औद्योगिकीकरण वृद्धि में सहायक होगा। गया जंक्शन और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण रेल केंद्रों में क्षमता वृद्धि की यह योजना यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। गया जंक्शन, प्रसिद्ध तीर्थस्थल बोधगया का प्रमुख रेल द्वार होने के कारण, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत व्यापक पुनर्विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। यहां सोननगर-आंडाल मल्टीट्रैकिंग पूर्वी समर्पित मालवाहक गलियारे का हिस्सा है, जो माल ढुलाई को बढ़ावा देगी और यात्री ट्रेनों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराएगी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया खंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया-प्रधानखुंटा खंड में स्वदेशी कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के कार्य यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाएंगे। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पूर्वी भारत का प्रमुख रेल केंद्र होने के नाते, यार्ड रिमॉडलिंगऔर नई रूट रिले इंटरलॉकिंग के साथ मजबूत हो रहा है। यहां प्रयागराज तक तीसरी लाइन, वाराणसी तक तीसरी एवं चौथी लाइन (गंगा नदी पर नए रेल-सह-सड़क पुल सहित), पटना-झाझा तक तीसरी एवं चौथी लाइन जैसे कार्य दिल्ली-हावड़ा जैसे व्यस्त मार्गों पर अधिक ट्रेनें चलाने की क्षमता बढ़ाएंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गया जंक्शन पर आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे बेहतर प्रतीक्षालय, लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगजन अनुकूल व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी व्यापक पुनर्विकास योजना प्रस्तावित है। मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा स्टेशनों पर भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, सौंदर्यीकरण आदि से जुड़े आवश्यक विकास कार्य किए जा रहे हैं।

### पटना में निर्माणाधीन...

से ही यह इच्छा थी कि पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बने जो हर प्रकार की आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित हो। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिली इमारत के बन जाने से आवासन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

## मसौढ़ी के मलिकाना में ख्वाजा गरीब नवाज की सजी महफिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रसिद्ध सूफी हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 814 वां उर्स अकीदतमंदों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया, वहीं इस अवसर पर नगर परिषद मसौढ़ी के मोहल्ला हुसैनाबाद मलिकाना में शनिवार को मिल्लत कमेटी के तत्वधान में ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह की अकीदत में तबर्रुकात बांटा गया। बता दें की ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह हिंदुस्तान के सबसे बड़े बुजुर्ग हैं जहां लाखों की संख्या में लोग उनकी दरगाह पर जाकर चादर चढ़ाते हैं और दुआ मांगते हैं। हर साल भारत सरकार के द्वारा उनके मजार पर चादर पेश की जाती है। अकीदतमंदो ने इस मौके पर मुल्क की सलामती, चौतरफा विकास, शांति और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। महफिल में ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्ला अलैह की जीवनी पर रोशनी डालते हुए संकल्प लिया के उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर भारत की एकता बनाए रखेंगे। इसके अलावा मसौढ़ी प्रखंड, धनरूआ प्रखंड और पुनपुन प्रखंड के विभिन्न जगहों पर ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह की मोहब्बत में लंगर तकसीम किया गया। इस अवसर पर जदयू नेता शाहिद आलम, पत्रकार शाहनवाज अहमद, मेराज अहमद , शहजाद खान, सद्दाम हुसैन, कलीम इमाम, एकराम, शमीम, मोअज्जम अली, मजहर इमाम, बब्बन,सद्दाम हुसैन, नेतौल के नौशाद, काशिफ उर्फ विक्की, मुन्ना, सरफराज आलम सहित अन्य लोग रहे।

# सोनम आजीविका ग्रुप की सीआरपी खुशबू कुमारी पर फर्जी तरीके से डेढ़ लाख का लोन निकासी करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सोनम आजीविका ग्रुप के सीआरपी खुशबू कुमारी के द्वारा फर्जी तरीके से डेढ़ लाख का लोन निकासी करने का आरोप इस ग्रुप के अध्यक्ष रिंकू देवी, सचिव कविता देवी और कोषाध्यक्ष रिता देवी ने लगाया है। जिसको लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस पर कार्रवाई करने और की मांग की है। दरअसल अध्यक्ष रिंकू देवी ने बताया कि मसौढ़ी स्थित कैलूचक मुहल्ले के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सोनम आजीविका ग्रुप का गठन किया गया था। जिसका सीआरपी खुशणू कुमारी है। इनके द्वारा इस ग्रुप का पासबुक जिसका खाता सं0- 125002975825 है। शाखा का नाम-केनरा बैंक मेन रोड मसौढ़ी है। यह पास-बुक पिछले दो साल से खुशबू कुमारी मुहल्ला - तारेगना डीह मसौढ़ी है। पूर्व में इस खाता से ग्रुप के माध्यम से 1.5 लाख का निकासी किया गया था, जो हमलोगो के जानकारी में है। पुनः दुसरी बार 10 जुलाई 2023 को 1.5 लाख की निकासी की गई। जिसकी जानकार न कोषाध्यक्ष न सचिव और न ही इस ग्रुप के अध्यक्ष को है। खुशबू कुमारी के द्वारा फर्जी फर्जी तरीके से निकासी कर ली है। मामले में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष कोषाध्यक्ष और सचिव के लिखित आवेदन के आधार पर हमने शाखा प्रबंधक केनरा बैंक को स्थिति स्पष्ट करने को लेकर पत्र लिखा है। कि समूह के सहमती एवं हस्ताक्षर के बिना DAY-NULM के सीआरपी खुशबू कुमारी ने फर्जी तरीके से डेढ़ लाख की निकासी की है लेकिन अभी तक बैंक के द्वारा पत्र अप्राप्त है फिर से दोबारा लेटर भेजा जा रहा है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# बरनवाल सेवा समिति ने धूमधाम से मनाई महाराजा अहिबरन जयंती

**पकरीबरावां (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरनवाल सेवा समिति धमौल की ओर से समाज के आराध्य पुरुष महाराजा अहिबरन की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुंगेर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भीम बांध में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बरनवाल समाज के महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, इतिहास से प्रेरणा लेना और भावी पीढ़ी को अपने महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अहिबरन के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने महाराजा अहिबरन की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराजा अहिबरन न केवल समाज के संरक्षक थे बल्कि संगठन, साहस और सामाजिक समरसता के प्रतीक भी थे। उनके जीवन से आज भी समाज को दिशा और प्रेरणा मिलती है। जयंती समारोह के दौरान समाज के उत्थान को लेकर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में समाज को शिक्षित, संगठित और जागरूक बनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। बच्चों और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा आपसी सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही भविष्य में रक्तदान, शिक्षा सहायता, जरूरतमंदों की मदद जैसे अन्य सामाजिक कार्यों को और व्यापक स्तर पर करने का संकल्प लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष मनोज आर्य ने कहा कि महाराजा अहिबरन का जीवन हमें एकजुट रहकर समाजहित में काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बरनवाल समाज को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर एक मिसाल कायम करनी चाहिए। वहीं, सचिव अजीत भारती ने अपने संबोधन में कहा कि समाज तभी मजबूत होगा जब हम अपनी जड़ों को पहचानेंगे और नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ेंगे।

## शिक्षक को विद्यार्थियों व शिक्षाविदों ने समारोह आयोजित कर दी विदाई

**पंड़वा (पलामू) (नबिटा संवाददाता)।** पंडवा प्रखंड के कठौतिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय के पूर्व पारा शिक्षक वीरमणि साव का समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इसमें गाड़ी खास पंचायत के मुखिया शंकर साव, उप मुखिया पति धीरज सिंह, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता देवी, शिक्षिका शब्द कुमारी, गंगोत्री देवी, नव नियुक्त सहायक आचार्य मासूम रजा सहित विद्यालय के लगभग 95 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुखिया शंकर साव ने कहा कि वीरमणि साव इस विद्यालय में काफी लंबे समय से बच्चों को शिक्षित कर रहे थे।

CMYK




# शिक्षा एवं पोषण से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही स्वीकार्य नहीं : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शनिवार को जिले में अवस्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित शैक्षणिक, पोषण एवं आधारभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति का आकलन करना तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के क्रम में उच्च विद्यालय ओरा, आंगनबाड़ी केंद्र ओरा, उच्च विद्यालय बसडीह कला, मध्य विद्यालय उन्थु एवं आंगनबाड़ी केंद्र उन्थु का भ्रमण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा



विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, एमडीएम एवं पोषाहार, पठन-पाठन की गुणवत्ता एवं अभिलेखों की जांच की गई। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जा रही सेवाओं, पोषण आहार वितरण, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं सेविकाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा एवं पोषण से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा भविष्य में नियमित निरीक्षण किए जाने की बात कही गई।

# शिक्षा के क्षेत्र में लाला शम्भू नाथ का योगदान अविस्मरणीय

## नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए प्रख्यात शिक्षाविद्

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारून (औरंगाबाद)।** शनिवार को प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य लाला शम्भू नाथ की नौवीं पुण्यतिथि मनाई गयी। बारून स्थित आवास पर उपस्थित बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों और परिजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनकी जीवनी को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लाला शम्भू नाथ का सम्पूर्ण जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण और अनुशासन का प्रतीक रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भी मगध तथा शाहाबाद में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग लाला शम्भू नाथ को ही अपना आदर्श उदाहरण मानते हैं। उनके पदचिन्हों पर चलना आज के दौर



में आसान नहीं है। हम सभी को अनुशासन, संस्कृति, संस्कार से जुड़े उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। लाला शम्भू नाथ के दिये संस्कार उनके परिवार में भी प्रदर्शित होता है। वे सरकारी स्कूलों की मान्यता देने वाले राज्य स्तरीय सरकारी समिति में शामिल थे। इस वजह से मगध एवं शाहाबाद में उनके कार्यकाल में कई विद्यालयों को सरकारी मान्यता मिली। उनके कई शिष्यों ने डीआईजी, डीएम, एसपी, विधायक, विधान पार्षद, जनप्रतिनिधि के रूप में राष्ट्र और समाज की सेवा की। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद, अजय वर्मा, राजेश सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, दीपक बलजोरी, परिवार के सदस्यों में ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर, सोन वर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट, सलोनी अम्बष्ट, संजना किशोर, डॉ. स्वदीप श्रीवास्तव, डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. श्रुतिका, डॉ. आयुषी, साकेत कुमार, मृदुला अम्बष्ट, संस्कृति किशोर, कौस्तुभ किशोर, श्वेताभ श्रीवास्तव, यशी किशोर समेत कई सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्मृति शेष औरंगाबाद एवं शाहाबाद के कई माध्यमिक विद्यालयों-महाविद्यालयों में बतौर प्राचार्य 30 वर्षों से अधिक समय तक सेवाएं दी और करीब एक दर्जन पुस्तकों की रचना की।

# विष्णुधाम महोत्सव में भक्ति जागरण एवं नारायण स्वरुप को मिले प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुनपुन बटाने संगम स्थल पर अवस्थित विष्णुधाम में आयोजित होने वाले विष्णुधाम महोत्सव 2026 में भक्ति जागरण एवं नारायण स्वरुप को कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसा अनुरोध जिला प्रशासन से वर्ष 2022 से लेकर वर्ष 2024-25 विष्णुधाम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष रहे अजीत कुमार सिंह ने की है। श्री सिंह ने जिला प्रशासन से यह भी अनुरोध किया है कि जिनलोगों ने महोत्सव आयोजन के स्थापना काल से सफलता पूर्वक आयोजन के हिस्सा रहें हैं उन्हें महोत्सव के दौरान सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाना चाहिए। विदित हो कि गत वर्ष बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने इस महोत्सव को अपने अधीन ले लिया है और पिछली बार आयोजन समिति और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से महोत्सव का आयोजन किया था। इस वर्ष संभवतः जनवरी माह में महोत्सव का आयोजन किया जाना है। महोत्सव के दौरान घोषित जम्होर से विष्णुधाम सडक का जीर्णोद्धार कार्य जारी है और विष्णुधाम के मंदिर के गर्भ गृह में मार्बल कार्य हुआ है और अभी कार्य होने हैं जिसे महोत्सव के पहले किया जाना आवश्यक है। भव्य विवाह मंडप, यात्री निवास, भव्य भोजशाला, सामुदायिक डीलक्स शौचालय, बड़ा सभागार सह प्रवचन स्थल, अतिथि भवन, तालाब, पार्क आदि की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।

# ट्रामा सेंटर के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के ओरा में निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा करना था।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अतिरिक्त ट्रामा सेंटर परिसर की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल के निर्माण को भी शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ओरा में अवस्थित नागरिक सुविधा केंद्र में प्रस्तावित जीविका कटिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान



उन्होंने जीविका दीदियों से संवाद स्थापित कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, रोजगार सृजन की स्थिति तथा जीविका अंतर्गत क्रियानवित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा जीविका दीदियों को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं स्वावलंबन की दिशा में उनके योगदान की सराहना की गई। जिलाधिकारी ने औरंगाबाद स्थित निर्माणाधीन सौ आसन वाला पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निरीक्षण अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास भवन की संरचनात्मक प्रगति का जायजा लिया तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा छात्रावास में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, बेंच-डेस्क सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया गया। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

# वाहन की ठोकर से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के सदीपुर डिहरी गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर शुक्रवार की रात इको वाहन ने सड़क पार कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी। इस हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृत मजदूर की पहचान डिहरी गांव निवासी 60 वर्षीय राजेश्वर राम के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों की भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, पुलिस पदाधिकारी अंकित कुमार के साथ कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। लगभग दो घंटे के अथक प्रयास के बाद पुलिस प्रशासन आक्रोशितों को शांत करने में कामयाब हुई और सड़क को जाम से मुक्त कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# मारपीट मामले में आठ नामजद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें सिमरा थाना में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मामला थाना क्षेत्र के बैरांव गांव का है। मामले में उस गांव निवासी एक पक्ष से अभिषेक कुमार सिंह जबकि दूसरे गांव के रिश्तेदार छोटू सहित तीन व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घटना को लेकर दोनो तरफ से थाना में एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है। पहली प्राथमिकी अभिषेक कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ने दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि घटना के दिन वह अपने भाई अविनाश कुमार सिंह के साथ खेत में गेंहू की बुआई करा रहा था। इसी दौरान हरवै हथियार से लैस होकर दूसरे पक्ष के लोग जमीन पर कब्जा जमाने के नियत से वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर उन लोगों ने दोनो भाईयों को जमकर पिटाई कर दी। वहीं दूसरी प्राथमिकी रिश्तेदार छोटू सिंह के फर्द ब्यान पर शनिवार को दर्ज कराई गई है। पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री सीमेंट फैक्ट्री के समीप की है। मृतक की पहचान बारून थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव के रहने वाले कपिल देव सिंह के 32 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में की गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस और मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पर परिजन तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा शव से लिपटकर चीत्कार उठे। आक्रोशित लोगों ने करीब एक घंटे तक सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी, लेकिन आक्रोशितों ने शव उठाने से मना कर



दिया। जानकारी के मुताबिक प्रमोद एक दिन पहले यानी शुक्रवार को अपनी पत्नी पूनम को छोड़ने ससुराल गया था। रात में वहीं रुक गया। शनिवार को वह अपने बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही श्री सीमेंट फैक्ट्री के पास पहुंचा, पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। घटना के चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों बताया कि प्रमोद अपने दो भाइयों में बड़ा था। लगभग 3 साल पहले प्रमोद की शादी हुई थी। प्रमोद मुंबई में रहकर एक फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। एक महीना पहले ही घर आया था। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# विवेकानंद वीआईपी स्कूल में एचपीसी पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विवेकानंद वीआईपी स्कूल के सभागार में होलिएस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का उद्घाटन निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, प्राचार्य एन.के. सिंह, रिसोर्स पर्सन दिव्यांक गोयल, विक्रम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर व विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। विवेकानंद वीआईपी स्कूल के कला एवं संस्कृति को समर्पित प्रांजली मंच के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह ने कहा कि आज का दौर इनोवेशन, तकनीक, नवाचार की अपेक्षा करता है। पूरी दुनिया मे तेजी से बदल रहे शैक्षिक परिदृश्य में हर दिन नवीनता आ रही है और हर दिन समाज की जरूरतें बदल रही है। ऐसे में बच्चों का अध्यापन व उनका मूल्यांकन की प्रक्रिया में



भी बदलाव अपेक्षित है, काफी शोध, विमर्श व मंथन के बाद सीबीसी ने अध्यापन और मूल्यांकन के तरीकों में व्यापक बदलाव किया है। इसी क्रम में शिक्षकों का प्रशिक्षण का भी बड़े स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। जिले में पहली बार विवेकानंद ग्रुप में अपने शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जिसमे होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड आधारित वर्कशॉप किया। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस के रिसोर्स पर्सन दिव्यांक गोयल ने चार घंटे तक शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में विविध गतिविधियों द्वारा शिक्षकों के साथ इस प्रगति पत्रक पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के लगभग एक सौ शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप प्राचार्य सूची कुमारी, डी.एन.पाठक, अखिलेश शर्मा, जया कुमारी, कुमारी सुमन, शिशिर कुमार पुरैयार, तकनिकी सहयोगी ई.धीरज कुमार आदि शामिल रहें। धन्यवाद ज्ञापन अविनाश कुमार ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

